UPHIN/2016/74800

हिन्दी साप्ताहिक

नई सोच, नया जुनून...

# करण वाणी

● वर्ष : 09 ● अंक : 42 ● लखनऊ, सोमवार 12 मई 2025 ● मूल्य : 2 रु. ● पृष्ठ : 08

4 समाज के लिए नर्सों के योगदान को नमन

5 आपात कालीन परिस्थितियों से निपटने...

6 ग्रेनो प्राधिकरण को 46 करोड़ का...


# रावलपिंडी तक सुनाई दी है भारतीय सेना के शौर्य की धमक

- यह नया भारत है, जो आतंकवाद के खिलाफ सरहद के इस पार और उस पार दोनों तरफ प्रभावी कार्रवाई करेगा : रक्षामंत्री
- आतंकवादियों और उनके आकाओं के लिए सरहद पार की जमीन भी सुरक्षित नहीं : राजनाथ सिंह
- यूपी डिफेंस कॉरिडोर से मेक इन इंडिया, मेक फॉर वर्ल्ड नीति के तहत रक्षा क्षेत्र में बढ़ेगी आत्मनिर्भरता : रक्षामंत्री
- कानपुर फिर बनेगा इंडस्ट्रियल हब, विकास की ऊंचाइयों तक ले जाएगा डिफेंस कॉरिडोर : रक्षामंत्री

करण वाणी

**लखनऊ।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को लखनऊ में ब्रह्मोस एयरोस्पेस इंटीग्रेशन एवं टेस्टिंग फैसिलिटी का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन किया। नई दिल्ली से जुड़कर उन्होंने इस ऐतिहासिक अवसर पर आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई और ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का भी जिक्र किया। रक्षामंत्री ने अपने संबोधन में ऑपरेशन सिंदूर को भारत की राजनीतिक, सामाजिक और सामरिक इच्छाशक्ति का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि जिन भारत विरोधी और आतंकी संगठनों ने भारत माता के मस्तक पर हमला करके कई परिवारों के सिंदूर मिटाए थे, उन्हें भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से इंसाफ दिलाने का काम किया है। भारतीय सेना ने साहस, संयम और शौर्य का परिचय देते हुए पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर करारा जवाब दिया। रक्षामंत्री ने बताया कि भारतीय सेना की कार्रवाई सीमा से सटे ठिकानों तक सीमित नहीं रही, बल्कि इसकी धमक पाकिस्तानी सेना के हेडक्वार्टर रावलपिंडी तक सुनाई दी। हमने दिखा दिया है कि आतंकवाद के खिलाफ भारत जब भी कोई कार्रवाई करेगा तो आतंकवादियों और उनके आकाओं के लिए सरहद पार की जमीन भी सुरक्षित नहीं रहेगी।

उन्होंने स्पष्ट किया कि यह ऑपरेशन केवल एक सैन्य कार्रवाई नहीं, बल्कि आतंकवाद के खिलाफ भारत की दृढ़ संकल्प शक्ति का प्रदर्शन है। राजनाथ सिंह ने कहा कि भारतीय सेना ने पाकिस्तान में मौजूद आतंकी ढांचे को नष्ट करने के लिए इस ऑपरेशन को अंजाम दिया, जिसमें आम नागरिकों को निशाना नहीं बनाया गया। इसके विपरीत, पाकिस्तान ने भारत के नागरिक क्षेत्रों, मंदिरों, गुरुद्वारों और गिरजाघरों को निशाना बनाने का प्रयास किया। रक्षामंत्री ने बताया कि डिफेंस कॉरिडोर में विमान निर्माण, यूएवी, ड्रोन्स, गोला-बारूद, कंपोजिट सामग्री, छोटे हथियार, टेक्स्टाइल और पैराशूट जैसे क्षेत्रों में बड़े निवेश किए गए हैं। लखनऊ में पीटीसी इंडस्ट्रीज द्वारा टाइटेनियम और सुपर अलॉय सामग्री संयंत्र की शुरुआत की जा रही है, साथ ही सात अन्य महत्वपूर्ण परियोजनाओं की नींव रखी गई है। उन्होंने कहा कि हमारा सपना है कि उत्तर प्रदेश दुनिया के शीर्ष रक्षा उत्पादन केंद्रों में से एक के रूप में जाना जाए। अब तक कॉरिडोर में 34 हजार करोड़ रुपये के लगभग 180 एमओयू साइन किए जा चुके हैं और 4 हजार करोड़ रुपये का निवेश हो चुका है। रक्षामंत्री ने राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि आज के दौर में सिविल और रक्षा क्षेत्रों में तकनीकी क्रांति तेजी से बदलाव ला रही है। ब्रह्मोस भारत और रूस की उच्च रक्षा प्रौद्योगिकी का संगम है।




## कानपुर फिर बनेगा इंडस्ट्रियल हब

रक्षामंत्री ने उत्तर प्रदेश डिफेंस कॉरिडोर को भारत के रक्षा उत्पादन का केंद्र बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। यह कॉरिडोर लखनऊ, कानपुर, झांसी, चित्रकूट, आगरा और अलीगढ़ से होकर गुजरता है। उन्होंने कहा कि ये सभी नोड्स भविष्य में विकास के नए केंद्र बनकर उभरेंगे। उन्होंने कानपुर का उदाहरण देते हुए कहा कि यह क्षेत्र कभी मैनचेस्टर ऑफ द ईस्ट के नाम से जाना जाता था, लेकिन आजादी के बाद यह पिछड़ गया। डिफेंस कॉरिडोर के माध्यम से कानपुर और अन्य नोड्स को फिर से विकास की ऊंचाइयों तक ले जाया जाएगा। यूपी डिफेंस कॉरिडोर के साथ एक बार फिर कानपुर विकास की उन ऊंचाइयों को छुएगा कि जो पूरी दुनिया के लिए अनुकरणीय होगा। कल को वेस्ट में कोई शहर बहुत अधिक प्रगति करेगा तो उसे कानपुर ऑफ दि वेस्ट कहा जाएगा।

> *भारत ने सर्जिकल स्ट्राइक, बालाकोट एयरस्ट्राइक और अब मल्टिपल स्ट्राइक के जरिए आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति को स्पष्ट कर दिया है। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्पष्ट संदेश दिया है कि यह नया भारत है, जो आतंकवाद के खिलाफ सरहद के इस पार और उस पार दोनों तरफ प्रभावी कार्रवाई करेगा। ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के खिलाफ भारत की दृढ़ इच्छा शक्ति, सैन्य इच्छा शक्ति और संकल्प शक्ति का भी प्रदर्शन है।*
>
> **राजनाथ सिंह, रक्षामंत्री**

## मात्र 40 महीने में योगी जी ने पूरा कर दिखाया प्रोजेक्ट

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस ( 11 मई ) के अवसर पर ब्रह्मोस एयरोस्पेस इंटीग्रेशन एवं टेस्टिंग फैसिलिटी के उद्घाटन को रक्षामंत्री ने ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि यह दिन 1998 में पोखरण में हुए परमाणु परीक्षण की याद दिलाता है, जब अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में भारत ने अपनी सामरिक ताकत का प्रदर्शन किया था। रक्षामंत्री ने बताया कि ब्रह्मोस एयरोस्पेस इंटीग्रेशन एवं टेस्टिंग फैसिलिटी परियोजना का शिलान्यास उन्होंने स्वयं किया था और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसे मात्र 40 महीनों में पूरा कर दिखाया है। उन्होंने इसके लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, वैज्ञानिकों और इंजीनियरों की सराहना की। उन्होंने कहा कि मैंने अपने लखनऊ को लेकर सपना देखा था कि मेरा शहर भारत के डिफेंस इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने में योगदान दे। वह सपना अब पूरा हो रहा है। ब्रह्मोस मिसाइल को दुनिया की सबसे तेज सुपरसोनिक मिसाइलों में से एक बताते हुए उन्होंने इसे न केवल एक हथियार, बल्कि भारत की सैन्य ताकत, प्रतिरोधक क्षमता और सीमा सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक बताया।

# वहां से गोली चलेगी तो यहां से गोला चलेगा

## ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं: सरकार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने तीनों सेनाओं और सुरक्षा बलों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि वहां से गोली चलेगी, यहां से गोला चलेगा। यानी अब भारत रक्षात्मक नहीं रहेगा, बल्कि आक्रामक नीति अपनाएगा। सूत्रों ने यह भी बताया कि पाकिस्तान को यह समझना होगा कि अब पुराने तरीके से काम नहीं चलेगा। वहीं न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस से साफ कहा था कि अगर पाकिस्तान कुछ करता है तो जवाब और भी विनाशकारी और कड़ा होगा। उसी रात पाकिस्तान ने 26 ठिकानों पर हमला किया और भारत ने इस पर जोरदार जवाबी कार्रवाई की।

भारत और पाकिस्तान के बीच जारी तनाव के बीच सरकारी सूत्रों ने साफ कर दिया है कि ऑपरेशन सिंदूर अब भी जारी है। यह कोई एक दिन की कार्रवाई नहीं थी, बल्कि अब इसे भारत-पाक रिश्तों का नया दौर कहा जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक, यह स्थिति अब स्थायी रूप से बनी रहेगी और दुनिया को इसे नए सामान्य की तरह स्वीकार करना होगा।

सूत्रों का कहना है कि, भारत और पाकिस्तान के बीच कोई राजनयिक वार्ता फिलहाल नहीं हो रही है। सिर्फ दोनों देशों के सैन्य अधिकारियों डायरेक्टर जनरल्स ऑफ मिलिट्री ऑपरेशन्स (डीजीएमओ) के बीच संपर्क हुआ है ताकि सीमा पर स्थिति को संभाला जा सके। इसके साथ ही भारत का संदेश बिल्कुल साफ है- अब अगर पाकिस्तान गोली चलाएगा, तो भारत दोगुनी ताकत से जवाब देगा। और जब तक पीओके का मुद्दा हल नहीं होता, तब तक कोई भी बातचीत, मेल-मिलाप या समझौता संभव नहीं है।



**हमें किसी की मध्यस्थता की जरूरत नही:** भारत ने साफ किया आतंकियों को सौंपने के अलावा हम किसी अन्य मुद्दे पर बात नहीं करेंगे। कश्मीर पर हमारी स्थिति बहुत स्पष्ट है, अब केवल एक ही मुद्दा बचा है- पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) को वापस करना। इसके अलावा और कोई बात नहीं है। अगर वे आतंकवादियों को सौंपने की बात करते हैं, तो हम बात कर सकते हैं। मेरा किसी और विषय पर कोई इरादा नहीं है। हम नहीं चाहते कि कोई मध्यस्थता करे। हमें किसी की मध्यस्थता की जरूरत नहीं है।

## भारत के हमले में जैश-ए-मोहम्मद के हेडक्वार्टर तबाह

**नई दिल्ली।** पहलगाम हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए उसके आतंकी ठिकानों पर ताबड़तोड़ वार किए। इसमें पाकिस्तान को भयंकर नुकसान पहुंचा। पाकिस्तान में स्थित जैश-ए-मोहम्मद का हेडक्वार्टर तबाह हो गया और कई बड़े आतंकी मारे गए।

पाकिस्तान भले ही नुकसान को नकार रहा हो, लेकिन सैटेलाइट तस्वीरों से सब कुछ साफ हो रहा है। पाकिस्तान में आतंकियों के जनाजे उठ रहे हैं और पाक सेना मातम मना रही है। भारत के आक्रोश को देखकर पाकिस्तान बिलबिलाने लगा और उसने सीजफायर की गुजारिश की।

# 11 आईपीएस अधिकारियों का तबादला

करण वाणी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार में आईएएस से लेकर आईपीएस अधिकारियों के तबादले किए जा रहे हैं। इसी क्रम में एक बार फिर आईपीएस अधिकारियों के तबादले कर दिए गए हैं। रविवार को करीब 11 आईपीएस अधिकारियों को नई जिम्मेदारी सौंप गई है। वही वही आईपीएस उपेंद्र कुमार अग्रवाल का पिछले दिनों किया गया तबादला निरस्त कर उन्हें नई तैनाती दे दी गई है। प्रयागराज के पुलिस कमिश्नर रहे तरुण गाबा को लखनऊ का आईजी बना दिया गया है। उनकी जगह आईपीएस जोगिंदर कुमार को तैनात किया गया है।

2007 बैच के आईपीएस जोगिंदर कुमार को प्रयागराज का पुलिस कमिश्नर नियुक्त किया गया है। आईपीएस जोगिंदर कुमार मौजूदा समय में आईजी कानपुर के पद पर तैनात थे। इसके साथ ही आईपीएस आशुतोष कुमार को अपर पुलिस आयुक्त कानपुर कमिश्नरेट बनाया गया है आशुतोष कुमार मौजूदा समय में आईजी पीएससी मुख्यालय लखनऊ के पद पर तैनात थे।

तबादलों के क्रम में आईपीएस उपेंद्र कुमार अग्रवाल का बीते दिनों किया गया तबादला निरस्त कर दिया गया है। उन्हें पुलिस महानिरीक्षक पीएसी मुख्यालय लखनऊ की जिम्मेदारी सौंपी गई है। आईपीएस उपेंद्र कुमार अग्रवाल का बीते दिनों आईजी लखनऊ बनाया गया था। हालांकि अब उन्हें नई जिम्मेदारी सौंप दी गई है। यूपी के एडीजी एलओ अमिताभ यश की ओर से तबादला लिस्ट जारी की गई है।

इसके अलावा कानपुर पुलिस कमिश्नरेट में अपर पुलिस आयुक्त रहे हरीश चंद्र को पुलिस उपमहानिरीक्षक कानपुर बनाया गया है। इसी क्रम में संजीव त्यागी और प्रदीप गुप्ता को डीआईजी कारागार प्रशासन एवं सुरक्षा की जिम्मेदारी सौंप गई है। आईपीएस हेमंत कुटियाल को डीआईजी एसएसएफ बनाया गया है।

3आईपीएस रामबदन सिंह को आगरा पुलिस कमिश्नरेट में अपर पुलिस आयुक्त नियुक्त किया गया है आईपीएस रमेश प्रसाद गुप्ता को सेनानायक 24वीं वाहिनी पीएसी मुरादाबाद और अमित कुमार द्वितीय को सेनानायक 35वीं वाहिनी पीएसी लखनऊ बनाया गया है।

# यूपी का पहला गरीबी मुक्त ग्राम बना जालौन का रगौली गांव

करण वाणी

**जालौन।** जालौन जिले के डकोर ब्लॉक के रगौली गांव ने अपने नाम एक कीर्तिमान दर्ज करा लिया है। रगौली यूपी का पहला ऐसा गांव है, जो पूरी तरह से गरीबी से मुक्त हो चुका है। यहां की कई पीढ़ियों ने गरीबी से आजाद होने का जो सपना देखा था, अब प्रशासन ने उसे सच कर दिखाया है। अब यहां हर परिवार अच्छी आय के साथ अच्छा जीवन-यापन कर रहा है।

रागौली, यूपी का वह पहला गांव है, जिसे मुख्यमंत्री योगी ने जीरो पॉवर्टी मिशन के तहत चुना है। पिछले साल महात्मा गांधी की जयंती पर मुख्यमंत्री ने जीरो पॉवर्टी मिशन को लांच किया था। इस अभियान के तहत 25 लाख गरीब परिवारों को गरीबी के दलदल से निकालने का लक्ष्य रखा गया था। इस योजना के तहत जिले में 12000 से ज्यादा ऐसे परिवारों को चुना गया। इसके तहत रगौली गांव के कुल 705 परिवारों का प्रशासन ने सर्वे कराया। इसमें 22 परिवार गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन कर रहे थे। इस पर डीएम राजेश कुमार पांडेय ने इन परिवारों को इस मिशन से जोड़ने का काम शुरू किया।सभी 22 परिवारों के एक-एक सदस्य को दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के तहत ट्रेनिंग मुहैया कराई गई। ट्रेनिंग के दौरान परिवार के कुछ सदस्यों को दूसरे राज्यों में रोजगार मुहैया कराया गया। कुछ तो राजस्थान जैसे जिले में 22 हजार रुपये तक का रोजगार कमा रहे हैं। वहीं, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत गांव के युवाओं को चार लाख रुपये तक का लोन दिलाया गया।

# भारतीय सेना के जवानों की सुरक्षा के लिए हुआ हवन-पूजन

करण वाणी

**लखनऊ।** रविवार को व्यतिपात योग में दिन के 11 बजे से वैदिक पंचांग के अनुसार श्री जन कल्याणेश्वर मंदिर, सैनिक नगर, रायबरेली रोड, लखनऊ में 'श्री दुर्गा कवच' और 'आदित्य हृदय स्त्रोत' के अत्यंत कल्याणकारी पाठ देश के सभी सैनिकों के कल्याण के लिये किये गये और हवन, पूजन, आरती के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया।

सैनिक नगर के देश भक्तों व श्रृद्धालुओं ने सामूहिक रूप से इस अनुष्ठान में सहर्ष भाग लिया। मंदिर के आचार्य पंडित बृजेश कुमार मिश्र ने शुभ मुहूर्त के अनुसार इस शुभ आयोजन का अपने संरक्षण में पांडित्य पूर्ण पूजन संपन्न कराया। दुर्गा कवच स्त्रोत' के साथ ही 'आदित्य हृदय स्तोत्र' का पाठ भी पंडित जी ने कराया। साथ ही धन्वंतरि आरोग्य मंत्र का सामूहिक पाठ भी करवाया। कार्यक्रम दिन में 11:00 बजे प्रारम्भ होकर लगभग 1:15 पर समाप्त हुआ। उपस्थित श्रद्धालुओं ने देश हित में और युद्धरत सैनिकों के कल्याणार्थ इस शुभ कार्य में बढ़चढ़ कर भाग लिया। इस अवसर पर डा0 कर्नल आदि शंकर मिश्र, कैप्टेन डी डी सिंह, लेफ्टिनेंट मोती लाल वर्मा, सूबे ओपी शर्मा, इंजीनियर सुरेंद्र सिंह, सूबे धर्मनाथ तिवारी, सूबे बाबू लाल यादव, जितेंद्र सिंह, धीरेंद्र मिश्र, इंदू सिंह, प्रियंका तिवारी, शशि पांडेय, शैल सिंह सहित बड़ी संख्या में महिलायें, बच्चे उपस्थित रहे।



# दिल्ली-यूपी-हरियाणा के मुख्य सचिवों को अवमानना नोटिस

- प्रदूषण निकायों के मामले में अदालत नाराज

एजेंसी

**नई दिल्ली।**सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली, उत्तर प्रदेश और राजस्थान की सरकारों को फटकार लगाई है। यह फटकार राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड्स में रिक्तियों को लेकर लगाई गई। सुप्रीम कोर्ट ने बताया कि दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में 55 प्रतिशत पद खाली पड़े हैं। सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि रिक्तियों की वजह से प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड काम नहीं कर पा रहे हैं और लगभग खत्म होने के कगार पर हैं। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और राजस्थान के मुख्य सचिवों को अवमानना नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। जस्टिस अभय एस ओक और जस्टिस उज्जल भुइयां की पीठ ने राजधानी दिल्ली और इससे लगते राज्यों यूपी, हरियाणा और राजस्थान के मुख्य सचिवों को अवमानना नोटिस जारी किया है। नोटिस में सुप्रीम कोर्ट ने उसके अगस्त 2024 के निर्देशों का पालन न करने की बात कही है। जिसमें अदालत ने इस साल 30 अप्रैल तक प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड्स में रिक्तियां भरने का निर्देश दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने नोटिस जारी करते हुए पूछा है कि अधिकारियों को उसके निर्देशों का पालन न करने के लिए दंडित क्यों न किया जाए। साथ ही दिल्ली के मुख्य सचिव को 19 मई को अदालत में पेश होने का निर्देश दिया गया है। वहीं अन्य राज्यों के मुख्य सचिवों को 18 जुलाई को वर्चुअली सुप्रीम कोर्ट में पेश होने का निर्देश दिया।

## एयर क्वालिटी मैनेजमेंट सिस्टम की बैटरियां जलीं

# महाकाल मंदिर में लगी आग

एजेंसी

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश के उज्जैन स्थित विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग भगवान महाकालेश्वर के मंदिर में सोमवार को दोपहर में अचानक आग लग गई, जिससे भगवान महाकाल के दर्शन करने के लिए पहुंचे श्रद्धलुओं में हड़कंप मच गया। आग मंदिर परिसर में कंट्रोल रूम की छत पर लगी थी, जिसमें पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के एयर क्वालिटी मैनेजमेंट सिस्टम की बैटरियां जल गईं। इस हादसे के कारण मंदिर में दूर से ही धुआं और आग की लपटें दिखाई दे रही थीं। आग लगने के बाद मंदिर में भक्तों का प्रवेश रोकना पड़ा।घटना मंदिर के गेट नंबर एक पर स्थित अवंतिका गेट के सोलर पैनल के कंट्रोल रूम में लगी। यह कंट्रोल रूम महाकाल मंदिर की छत पर स्थित है। सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कुछ ही देर बाद ही आग पर काबू पा लिया गया। इसके बाद मंदिर के गेट को दोबारा खोल दिया गया। आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है। आग लगने की सूचना मिलते ही कलेक्टर रोशन सिंह, महाकाल मंदिर प्रशासक प्रथम कौशिक, उज्जैन एसपी प्रदीप शर्मा, नगर निगम कमिश्नर आशीष पाठक सहित अधिकारी मौके पर पहुंच गए और मामले की जानकारी ली।




## एक-एक गरीब पात्र को चिन्हित कर राशनकार्ड जारी कर रही योगी सरकार

# राशनकार्ड वितरण में प्रयागराज ने मारी बाजी

करण वाणी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश के गरीबों की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफसीए) के तहत योगी सरकार एक-एक पात्र गरीब को चिन्हित कर राशन कार्ड जारी कर रही है।प्रदेश में अंत्योदय कार्ड लाभार्थियों की संख्या 1.29 करोड़ से अधिक है। अब तक प्रदेश में 3.16 करोड़ से अधिक परिवारों के सामान्य राशन कार्ड और 40.73 लाख से अधिक परिवारों के अंत्योदय राशन कार्ड बनाए जा चुके हैं, जिससे करीब 15 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन का लाभ मिल रहा है। सरकार का लक्ष्य हर जरूरतमंद तक राशन पहुंचाना है और इसके लिए अभियान चलाकर पात्रता की पहचान की जा रही है।



प्रदेश सरकार के प्रवक्ता का कहना है कि खाद्य एवं रसद विभाग से प्राप्त आंकड़े के अनुसार, राशन कार्ड वितरण में प्रयागराज जिला सबसे आगे है। इस जिले में 9,34,677 सामान्य राशन कार्ड और 40,29,226 लाभार्थी दर्ज किए गए हैं। इसके बाद दूसरे स्थान पर सीतापुर जिला है, जहां 7,74,576 राशन कार्ड और 31,60,253 लाभार्थी हैं। आगरा ने तीसरा स्थान हासिल किया है, यहां 7,38,939 राशन कार्ड बनाए, जिनसे 30,80,875 लाभार्थी जुड़े हैं। चौथे स्थान पर लखनऊ हैं जहां 7,01,070 राशन कार्ड के जरिए 29,08,145 लाभार्थी जुड़े हैं, जबकि जौनपुर पांचवें स्थान पर है, जहां 6,91,216 राशन कार्ड और 30,56,416 लाभार्थी हैं। छठे स्थान पर गोरखपुर हैं जहां 6,72,749 राशन कार्ड बनाए गए, जिनसे 26,79,692 लोग लाभान्वित हो रहे हैं। सातवें स्थान पर आजमगढ़ है जहां 6,70,679 राशन कार्ड और 30,86,602 लाभार्थी हैं। राशनकार्ड वितरण में बरेली आठवां स्थान हासिल किया है। यहां 6,70,677 राशन कार्ड के जरिए 29,19,581 लाभार्थियों के मुफ्त राशन का लाभ मिल रह है। वहीं नौवें स्थान पर सिद्धार्थनगर है। यहां 5,89,160 राशन कार्ड और 16,97,709 लाभार्थी हैं, जबकि 10वें स्थान पर लखीमपुर खीरी है जहां 5,86,592 राशन कार्ड और 23,95,374 लाभार्थी दर्ज किए गए हैं। ये आंकड़े योगी सरकार की इस योजना की सफलता को दर्शाते हैं अंत्योदय राशन कार्ड वितरण में भी कई जिले शीर्ष पर हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### डाकघर से गबन के मामले में फरार दो और आरोपी गिरफ्तार

**लखनऊ।** लखनऊ में महानगर स्थित आरपी लाइन उप डाकघर में सामने आए 60 लाख रुपये के गबन में पुलिस ने दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में उन्नाव के हसनगंज का रहने वाला सतगुरु शरण और बीकेटी निवासी आनंद सिंह है। मुख्य आरोपी तत्कालीन उप डाकपाल नीरज सिंह की गिरफ्तारी पहले ही हो चुकी है। महानगर पुलिस के मुताबिक 12 अप्रैल 2023 को सहायक अधीक्षक डाकघर राजेंद्र सिंह की तहरीर पर नीरज सिंह के खिलाफ60 लाख रुपये गबन का मामला दर्ज किया गया था। जांच में सामने आया कि आरोपी ग्राहकों से जमा के नाम पर नकद रुपये लेकर उन्हें फर्जी रसीदें दे देते थे। सतगुरु शरण 1993 से आरपी लाइन डाकघर में नियुक्त था, नीरज सिंह के साथ मिलकर खाताधारकों को फर्जी रसीद देकर बहानेबाजी करता था। सर्वर डाउन होने का हवाला देकर पासबुक में बाद में एंट्री की बात कहता था, जिससे ग्राहकों को संदेह न हो। जांच में पाया गया कि जुलाई 2016 से संविदा पर नियुक्त आनंद सिंह के बचत खाते में 17 मार्च 2022 से 3 फरवरी 2023 तक बार-बार धनराशि भेजी गई। बाद में वह धनराशि नीरज सिंह के खाते में ट्रांसफर कर देता था।

### बुद्ध पूर्णिमा पर जीपीओ में लगेगी विशेष डाक टिकट प्रदर्शनी

**लखनऊ।** भारतीय डाक विभाग के तत्वावधान में बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर 12 मई को जीपीओ में विशेष डाक टिकट प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। सीपीएमजी प्रणव कुमार के मुताबिक प्रदर्शनी में भगवान बुद्ध और बौद्ध विरासत सम्बंधी डाक टिकट और टिकट संग्रह सामग्री प्रदर्शित की जायेगी।इस मौके पर प्रातः11बजे से12 बजे तक स्कूली छात्र छात्राओं में जागरूकता के लिए जीपीओ में फिलेटलिक ब्यूरो में फिलेटलिक कार्यशाला और इंटरैक्टिव सेशन का भी आयोजन किया जायेगा। प्रदर्शनी में छात्र छात्राओं ही नही सभी को बहुत जानकारी प्राप्त होगी।

### पशुपालन विभाग की बैठक आयोजित

**लखनऊ।** पशुधन प्रसार अधिकारी संघ के अनुरोध पर निदेशक के द्वारा संघ के मांग पत्र के क्रम में बैठक का सफल आयोजन किया गया, जिसमें अध्यक्ष रवींद्र यादव द्वारा मांग पत्र के सभी 20 विंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई व साथ ही नरेश अपर महामंत्री राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद द्वारा हर एक बिंदु पर गहराई से निर्देशक को अवगत कराया गया। कई बिंदुओं पर निदेशक द्वारा सहमति दर्ज की गई और जल्द ही बैठक के संबंध में कार्यव्रत जारी करने एवं प्रस्ताव शासन को भेजने के संबंध मे संबंधित सहायक को दिशा निर्देश दिए। बैठक में मुख्य रूप से प्रांतीय संरक्षक राकेश सिंह, महामंत्री पीसी सुमन, उपाध्यक्ष अरुण प्रजापति, ऑडिटर शालिनी गुप्ता, सयुंक्त मंत्री हरीश, प्रांतीय प्रवक्ता शुभम त्रिपाठी, इंद्र प्रताप सिंह, कमल त्रिपाठी व पूर्व महामंत्री सुनील दत्त श्रीवास्तव मौजूद रहे। अंत में बैठक में उपस्थित सभी साथियों का सौरभ कुमार गुप्ता प्रांतीय अपर महामंत्री द्वारा आभार प्रकट किया गया।

### दो अलग-अलग स्थानों से दो बाइकें चोरी

**लखनऊ।** दो अलग-अलग स्थानों से दो बाइकें चोरी कर चोर चंपत हो गये। बाइक मालिकों ने रहीमाबाद पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है। रहीमाबाद पुलिस को लगातार चोर चोरी की घटनाओं को अंजाम देकर चकमा दे फरार हो जा रहे है। रहीमाबाद पुलिस हाँथ पे हाँथ धरे बैठी है। शुक्रवार को पुलिस चौकी भतोईया से महज 30-40 मीटर की दूरी पर स्थित एक मन्दिर को निशाना बना चोर मूर्ति को खंडित कर 10 किलो का पीतल का घड़ा चोरी कर चम्पत हो गये थे। जबकि चौकी सामने है। और रात में डायल 112 की गाड़ी चौकी के पास ही खड़ी रहती है। बीती रात बेखौफ चोरों ने रहीमाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम तरौना शादी समारोह में शामिल होने आये संडीला थाना क्षेत्र के ग्राम भारतखेड़ा चिनौहटी निवासी रामचेला की बाइक यूपी 32 ईवी 9533 चोरी कर चम्पत हो गये। इसी प्रकार इसी रात ग्राम बेलवा निवासी अखिलेश की बाइक यूपी 32 एमपी 7715 को भी बेखौफ चोर चोरी कर चंपत हो गये। दोनों वाहन मालिकों ने रहीमाबाद पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज किये जाने की मांग की है। इस सम्बन्ध में प्रभारी निरीक्षक रहीमाबाद आनन्द द्विवेदी जब बात की गयी तो उन्होंने साफ इनकार करते हुऐ कहा कि उन्हें कोई तहरीर नहीं मिली है।

### सरोजनीनगर में युवक ने फांसी लगाई

**लखनऊ।** सरोजनीनगर में आइसक्रीम फैक्टरी के कर्मचारी प्रकाश (26) ने शुक्रवार को फांसी लगा ली। आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मूलरूप से राजस्थान के भीलवाड़ा निवासी प्रकाश (26) सरोजनीनगर के हीरालाल नगर में साथियों के साथ किराए पर रहकर आइसक्रीम फैक्टरी में काम करते थे। तीन दिन पहले गांव में शादी समारोह के चलते अन्य साथी घर गए हुए थे। प्रकाश कमरे में अकेले थे। शुक्रवार को प्रकाश के भाई ने उन्हें कई बार फोन किया पर संपर्क नहीं हो पाया। इसपर उन्होंने प्रकाश के मकान मालिक के बेटे सूरज को फोन कर प्रकाश से बात कराने के लिए कहा। सूरज प्रकाश के कमरे पर पहुंचा तो दरवाजा अंदर से बंद था। कई आवाज देने के बाद भी कोई जवाब नहीं मिला। सूचना पर पहुंचे पुलिसकर्मी दरवाजा तोड़कर भीतर गए तो प्रकाश का शव पंखे से रस्सी के फंदे के सहारे लटका हुआ था। इंस्पेक्टर सरोजनीनगर के मुताबिक परिवार वालों ने किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है। तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### खराब खड़े कंटेनर में पिकअप घुसी, दो घायल

**लखनऊ।** रहीमाबाद में शनिवार को पिकअप सड़क पर खराब खड़े कंटेनर में घुस गई। पिकअप सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हरदोई के बालामऊ निवासी ड्राइवर अनुज पिकअप लेकर सुभाष के साथ घर लौट रहा था। सुबह 11 बजे वह रहीमाबाद के रसूलाबाद पहुंचा ही था तभी सड़क पर खराब खड़े कंटेनर में पिकअप घुस गई। टक्कर से पिकअप का अगला हिस्सा अंदर की ओर घुस गया। पिकअप सवार दोनों लोग केबिन में ही फंस गए। हादसा देख अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने किसी तरह उन्हें बाहर निकालकर अस्पताल भेजवाया।

# सरकारी माध्यमिक स्कूलों में कक्षा नौ से इंटरमीडिएट तक बढ़ी फीस

करण वाणी

**लखनऊ।** राजकीय व अशासकीय सहायता प्राप्त (एडेड) माध्यमिक स्कूलों में कक्षा नौ से इंटरमीडिएट तक की पढ़ाई अब महंगी होगी। विद्यालयों में इसी शैक्षिक सत्र 2025-26 से शुल्क में बढ़ोत्तरी को लागू कर दिया गया है। कक्षा नौ व हाईस्कूल में 61 रुपये और कक्षा 11 व इंटरमीडिएट में 69 रुपये प्रति महीने बढ़ा शुल्क। ऐसे में कुल फीस तीन गुना तक बढ़ाई गई है। वहीं कुछ मदों में 10 गुना तक की बढ़ोत्तरी भी हुई है। वर्ष 2010 के बाद सरकारी माध्यमिक स्कूलों की फीस बढ़ाई गई है। शिक्षा का अधिकार अधिनियम लागू होने के कारण माध्यमिक स्कूलों में कक्षा छह से कक्षा आठ तक मुफ्त पढ़ाई कराई जा रही है। शुल्क में बढ़ोत्तरी किए जाने से 2540 राजकीय व 4512 एडेड माध्यमिक स्कूलों में कक्षा नौ से इंटरमीडिएट तक के 30 लाख छात्रों के अभिभावकों की जेब पर बोझ बढ़ेगा। अभी तक कक्षा नौ व हाईस्कूल की प्रति छात्र वार्षिक फीस 394 रुपये थी। अब यह बढ़ाकर 1130 रुपये वार्षिक कर दी गई है। यानी अभी तक हर महीने 33 रुपये शुल्क हर विद्यार्थी देता था। अब वह 94 रुपये प्रति महीने शुल्क देगा। ऐसे में इन कक्षाओं में प्रति महीने 61 रुपये और वार्षिक 736 रुपये फीस बढ़ी है। ऐसे ही कक्षा 11 व इंटरमीडिएट की प्रति विद्यार्थी वार्षिक फीस 462 रुपये थी और अब प्रत्येक विद्यार्थी को 1290 रुपये हर महीने शुल्क देना होगा। इन कक्षाओं में हर महीने अभी तक 38.50 रुपये फीस थी और अब यह 107.50 रुपये ली जाएगी। ऐसे में प्रति महीने 69 रुपये और वार्षिक 828 रुपये फीस बढ़ी है। अभी तक विकास शुल्क 10 रुपये प्रति महीने था और अब यह 25 रुपये होगा। ऐसे ही क्रीड़ा शुल्क को पांच रुपये से बढ़ाकर 20 रुपये और रेडक्रास शुल्क को एक रुपये से बढ़ाकर 10 रुपये प्रति महीने किया गया है। माध्यमिक शिक्षा विभाग की ओर से शुल्क में बढ़ोत्तरी को तत्काल प्रभाव से लागू किए जाने के निर्देश सभी शिक्षण संस्थानों को निर्देश दिए गए हैं। फिलहाल फीस बढ़ोत्तरी से सरकारी माध्यमिक स्कूलों को बड़ी राहत मिलेगी। विद्यालयों में छात्रों के लिए सुविधाएं बढ़ाई जा सकेंगी। उप्र माध्यमिक शिक्षक संघ (चंदेल गुट) के प्रदेश मंत्री संजय द्विवेदी कहते हैं कि सरकारी स्कूलों में 15 साल बाद फीस बढ़ोतरी होने से बड़ी राहत मिलेगी। छात्रों के लिए सुविधाएं बढ़ाई जा सकेंगी। वहीं उप्र माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेशीय उपाध्यक्ष डा. आरपी मिश्रा ने फीस बढ़ोत्तरी के साथ ही सरकारी अनुदान भी बढ़ाने की मांग की है। कक्षा नौ व हाईस्कूल की फीस शुल्क का मद देय अवधि वर्तमान शुल्क (रुपये में) अब शुल्क (रुपये में) विकास मासिक 10 25 क्रीड़ा मासिक 5 10 विज्ञान मासिक 5 20 स्काउटिंग मासिक 2 10 रेडक्रास मासिक 1 10 पंखा वार्षिक 10 30 निर्धन शुल्क वार्षिक 10 20 जलपान वार्षिक 10 20 वाचनालय वार्षिक 12 25 श्रव्य-दृश्य वार्षिक 2 10 कला वार्षिक 2 10 पत्रिका वार्षिक 20 30 प्रगति पत्र वार्षिक 5 10 पुनः प्रवेश वार्षिक 10 20 छात्र पंजीकरण वार्षिक 10 20 विलंब दंड प्रत्येक बार 1 10 अनुपस्थित दंड प्रत्येक बार 1 10 गृह परीक्षा वार्षिक 25 35 कक्षा 11 व इंटरमीडिएट की फीस शुल्क का मद देय अवधि वर्तमान शुल्क (रुपये में) अब शुल्क (रुपये में) विकास मासिक 15 35 क्रीड़ा मासिक 5 10 विज्ञान मासिक 5 20 स्काउटिंग मासिक 2 10 रेडक्रास मासिक 1 10 पंखा वार्षिक 20 30 निर्धन शुल्क वार्षिक 10 20 जलपान वार्षिक 10 20 वाचनालय वार्षिक 12 25 श्रव्य-दृश्य वार्षिक 2 10 कला वार्षिक - - पत्रिका वार्षिक 20 30 प्रगति पत्र वार्षिक 5 10 पुनः प्रवेश वार्षिक 10 20 छात्र पंजीकरण वार्षिक 10 20 विलंब दंड प्रत्येक बार 1 10 अनुपस्थित दंड प्रत्येक बार 1 10 गृह परीक्षा वार्षिक 25 50।

## तेज धूप के बीच बूंदाबांदी उमसभरी गर्मी बढ़ा रही परेशानी



करण वाणी

**लखनऊ।** लखनऊ में तेज धूप निकली हुई है। इस बीच शहर में कहीं-कहीं बूंदाबांदी भी हुई। आसपास के इलाकों में अगले दो दिनों तक मौसम साफ रहने के बाद आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। मौसम विभाग के अनुसार रविवार को अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा। दिन में उमसभरी गर्मी लोगों की परेशानी बढ़ा रही है। शहर सहित राज्य के कुछ हिस्सों में बारिश और गरज के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है। शनिवार को शहर का अधिकतम तापमान 39.4 डिग्री सेल्सियस (सामान्य से 0.3 डिग्री कम) और न्यूनतम तापमान 24.4 डिग्री सेल्सियस (सामान्य से 0.1 डिग्री अधिक) दर्ज किया गया। अधिकतम नमी 73ः और न्यूनतम 26ः रही। सुबह 8.30 से दोपहर 1.30 बजे तक नमी का स्तर 0.0 मिमी दर्ज किया गया।

### शोहदे ने कोचिंग जा रही छात्रा से की छेड़छाड़

**लखनऊ।** लखनऊ के मदेयगंज इलाके में शोहदे ने कोचिंग जा रही छात्रा से छेड़छाड़ की। छात्रा ने आरोपी का विरोध किया, तो मोबाइल छीनकर जमीन पर पटककर तोड़ दिया। घबराई छात्रा ने घटना का जानकारी परिजनों को दी। इसके बाद मदेयगंज थाने में शिकायत दर्ज कराई गई। डालीगंज निवासी 19 साल की युवती खदरा स्थित एक कोचिंग में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रही है। पीड़िता ने बताया कि काफी लंबे समय से कोचिंग आने जाने के दौरान एजाज नाम का युवक उसका पीछाकर करके छेड़छाड़ कर रहा था। शोहदे की हरकत से तंग छात्रा लोकलाज के डर से चुप रहकर सब बर्दाश्त करती रही थी। जिसके चलते आरोपी की हरकत और हिम्मत बढ़ गई। छात्रा का आरोप है कि शुक्रवार को वो कोचिंग के लिए निकली थी, तभी एजाज ने उसे खदरा चुंगी के पास रास्ते में रोक लिया और गलत हरकतें शुरू कर दीं। छात्रा उसे अनदेखा करके आगे बढ़ी, तो गाली देने लगा। आरोपी हरकत से परेशान छात्रा अपना मोबाइल निकालकर वीडियो बनाने लगी।

## मलिहाबाद में दो गुटों के बीच हिंसक झड़प

लाठी-डंडों और रॉड से हमला, 6 लोग घायल

करण वाणी



**लखनऊ।** लखनऊ से 30 किलोमीटर दूर मलिहाबाद के कसमंडी खुर्द गांव में आज सुबह दो गुटों के बीच हिंसक झड़प हो गई। इसमें लोगों ने एक-दूसरे पर लाठी-डंडे और रॉड से हमला कर दिया। इस हमले में 6 लोग घायल हुए। एक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसका इलाज ट्रॉमा सेंटर में किया जा रहा है। पुलिस को एक पक्ष ने तहरीर दी। इसमें बताया कि सुभानी, रफीक उर्फ गब्बर, जहूर, आशिफ और रुबील ने अपने साथियों के साथ नफीस, सादाब, मजीद, रेहान और शरीफपर हमला किया। इस हमले में छह लोगों को चोटें आई हैं। स्थानीय पुलिस ने सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। यहां डॉक्टरों ने सबका इलाज शुरू कर दिया। सादाब की हालत गंभीर होने के कारण उसे लखनऊ ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया। वहीं, अन्य घायलों का इलाज सीएचसी में ही जारी है। मलिहाबाद पुलिस ने तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस ने बताया कि हमलावरों की गिरफ्तारी के लिए टीमें बनाई गई हैं। प्रारंभिक जांच में हिंसक झड़प में पुरानी रंजिश की बात सामने आई है। गांव में तनाव का माहौल है। पुलिस शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए गश्त कर रही है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि इस झड़प में और कौन-कौन शामिल थे और किन हथियारों का भी इस्तेमाल हुआ था।

## घर में घुसकर मारा है, कब्र तुम्हारी खोदी है




करण वाणी

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में होर्डिंग लगने का सिलसिला लगातार जारी है। भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव को लेकर ऑपरेशन सिंदूर पर भाजपा प्रदेश कार्यालय के बाहर होर्डिंग लगाई गई है। उसमें पाकिस्तान को ललकारते हुए भारतीय सेना की प्रशंसा की गई है। भाजपा कार्यकर्ता गोलू कश्यप और आफताब आलम के द्वारा लगवाई गई होर्डिंग में लिखा है- ऑपरेशन सिंदूर घर में घुस के मारा है, कब्र तुम्हारी खोदी है, दिल्ली की गद्दी पे जो बैठा है, बाप तुम्हारा मोदी है। होर्डिंग में भाजपा नेताओं के साथ कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह की भी तस्वीर लगाई गई है। गोलू कश्यप ने कहा हम लोग हर तरीके से भारतीय सेना के साथ हैं। मौजूदा समय में जंग जैसी स्थिति है। हम लोग अपने वीर जवानों का हौसला बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं। पहलगाम की घटना के बाद जिस प्रकार से हमारे जवानों ने मुंहतोड़ जवाब दिया है, पूरी दुनिया देख रही है। पाकिस्तान के द्वारा पाले जा रहे आतंकियों ने पहलगाम में 26 बेकसूरों को को शहीद कर दिया था। उसके 15 दिन के बाद आतंकियों के खून से उनकी जमीन को लाल कर दी गई। आफ्ताब आलम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जैसा मजबूत नेतृत्व हमारे देश को मिला है। पीएम मोदी ने भारतीय सेना को पूरी छूट दे दी है। हमारे जवान पाकिस्तान और उसके आतंकियों को मुंहतोड़ जवाब दे रहे हैं। यह नया भारत है, जो घर में घुसकर मारता है। भारत की तरफसे किसी को भी अनावश्यक छेड़ा नहीं जाता है, मगर कोई छेड़ दे, तो उसे छोड़ा नहीं जाता है। हमने यह पूरी दुनिया को बता दिया कि इस लड़ाई में पीछे नहीं हटने वाले हैं। हमारे प्रत्येक नागरिक की जान की कीमत अनमोल है।

## गोमतीनगर में इलेक्ट्रानिक सिगरेट के साथ विक्रेता गिरफ्तार

करण वाणी



**लखनऊ।** गोमतीनगर पुलिस ने प्रतिबंधित इलेक्ट्रानिक सिगरेट की बिक्री कर रहे विक्रेता को दबोचा है। आरोपित के पास से 94 सिगरेट बरामद हुई। इंस्पेक्टर बृजेश चंद्र तिवारी के मुताबिक चेकिंग के दौरान नवाबपुरवा चौराहे के पास चिनहट निवासी अरुण कुमार शुक्ल पान की गुमटी चलाता है। गुरुवार रात दरोगा मृत्युंजय नाथ शर्मा ने आरोपित की दुकान से करीब 94 इलेक्ट्रानिक सिगरेट बरामद की। इंस्पेक्टर ने बताया कि इलेक्ट्रानिक सिगरेट की बिक्री पर रोक है। ऐसे में अरुण कुमार ऑनलाइन प्लेटफार्म से सिगरेट मंगा कर उसके महंगे दाम पर बेचता है। ई-सिगरेट क्या होती है? ई-सिगरेट या इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट कोई सिगरेट नहीं, बल्कि एक तरह का उपकरण है।
इसे वेप के नाम से भी जाना जाता है। पारंपरिक सिगरेट के विकल्प के रूप में इसे विकसित किया गया है। यह बैटरी से चलने वाले उपकरण होते हैं जो लिक्विड को गर्म करके भाप पैदा करते हैं। इसे लोग सांस से अंदर खींचते हैं। इस लिक्विड में आमतौर पर निकोटीन, प्रोपलीन ग्लाइकोल, ग्लिसरीन इत्यादि का इस्तेमाल किया जाता है। सेहत पर पड़ता है दुष्प्रभाव ई-सिगरेट के दीर्घकालिक प्रभावों के बारे में अभी भी बहुत कुछ पता नहीं है, लेकिन कुछ अध्ययनों से पता चलता है कि ये फेफड़ों और दिल को नुकसान पहुंचा सकती हैं। ई-सिगरेट का किशोरों के बीच लोकप्रिय होना बड़ी चिंता का विषय है।

# रात में घर के बाहर गाड़ी खड़ी करने पर देना होगा पार्किंग शुल्क

करण वाणी

**लखनऊ।** जिनके घरों में चार पाहिया गाड़ी खड़ी करने की सुविधा नहीं है, उन लोगों को सड़कों पर रात में गाड़ी खड़ी करने के एवज में पार्किंग शुल्क देना होगा। नगर निगम रात्रि पार्किंग के लिए कुछ स्थान भी आरक्षित करेंगे। प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात ने फिलहाल 17 शहरों के लिए उत्तर प्रदेश नगर निगम (पार्किंग स्थान का सन्निर्माण, अनुरक्षण और प्रचालन) नियमावली-2025 की अधिसूचना गुरुवार को जारी कर दी है। इसके साथ ही शहरों में जाम की समस्या को देखते हुए त्योहारों व मेलों के मौके पर फ्लाई ओवर के नीचे पार्किंग की वैकल्पिक सुविधा दी गई है। हरियाली वाले स्थानों पर पार्किंग का ठेका नहीं दिया जाएगा। अधिसूचना के मुताबिक पहले चरण में लखनऊ, कानपुर, आयोध्या, अलीगढ़, आगरा, गाजियाबाद, गोरखपुर, झांसी, प्रयागराज, फिरोजाबाद, बरेली, मथुरा, मेरठ, मुरादाबाद, वाराणसी, शाहजहांपुर व सहारनपुर के लिए यह सुविधा होगी। नगर निगमों में नगर आयुक्त की अध्यक्षता में 12 सदस्यीय कमेटी होगी। सहायक अभियंता को इसका सदस्य सचिव बनाया जाएगा। कमेटी 90 दिनों में पार्किंग स्थलों की सूची जारी करेगी। पीपीपी मॉडल पर भी पार्किंग की सुविधा विकसित करने के लिए लाइसेंस दिया जाएगा।

**ये सुविधाएं भी**

- मोबाइल एप पर पार्किंग की जानकारी मिलेगी
- ऑनलाइन पार्किंग शुल्क भुगतान सुविधा मिलेगी
- सभी नए व पुराने पार्किंग स्थलों पर ई-चार्जिंग की सुविधाएं होंगी
- फास्टैग से भी भुगतान की सुविधा शुरू की जाएगी
- बिना अनुमति पार्किंग चलाने वालों को जुर्माना देना होगा
- कमेटी को पीक आवर्स के हिसाब से दर तय करने का अधिकार होगा
- निशक्तों के लिए पार्किंग में अलग से स्थान आरक्षित होगा

**पार्किंग की नई दरें**

- 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों में
- दो घंटे के लिए दो पहिया 15 रु., चार पहिया 30 रु.
- एक घंटे के लिए दो पहिया 7 रु. चार पहिया 15 रु.
- 24 घंटे के लिए दो पहिया 57 रु. चार पहिया 120 रु.
- मासिक पास दो पहिया 855 रु. चार पहिया 1800 रु.

**10 लाख से कम आबादी वाले शहरों में**

- दो घंटे के लिए दो पहिया 10 रु., चार पहिया 20 रु.
- एक घंटे के लिए दो पहिया 5 रु. चार पहिया 10 रु.
- 24 घंटे के लिए दो पहिया 40 रु. चार पहिया 80 रु.
- मासिक पास दो पहिया 600 रु. चार पहिया 1200 रु.

# राजधानी के चौराहों पर बने बंकर

हथियारों से लैस जवान 24 घंटे तैनात

करण वाणी



**लखनऊ।** भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते सैन्य तनाव के बीच अब लखनऊ में भी सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। राजधानी के प्रमुख चौराहों, संवेदनशील इलाकों और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर 46 अस्थायी बंकर और निगरानी पोस्ट बनाए गए हैं। इन बंकरों में सशस्त्र पुलिस बल चौबीसों घंटे तैनात रहेगा। सूत्रों के अनुसार, लखनऊ पुलिस और प्रशासन ने बीते 24 घंटों में शहर में 46 अस्थायी बंकर तैयार किए हैं। इन बंकरों को इस तरह से डिजाइन किया गया है कि किसी भी स्थिति में जवान तुरंत जवाबी कार्रवाई कर सकें। शहर के चारबाग, हजरतगंज, गोमती नगर, आलमबाग, कैसरबाग, अमीनाबाद, एयरपोर्ट और वीवीआईपी इलाके 5 कालीदास मार्ग पर भी विशेष तैनाती की गई है। हर बंकर पर 3 से 4 पुलिसकर्मी, एक वायरलेस ऑपरेटर और एक निगरानी डिवाइस ऑपरेटर मौजूद हैं। इन बंकरों से ड्रोन गतिविधियों की निगरानी भी की जा रही है। राजधानी में किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए फ्क्यू (क्विक रिस्पॉन्स टीम) भी अलर्ट मोड पर है। लखनऊ पुलिस के अनुसार कि मौजूदा हालात को देखते हुए राजधानी में सुरक्षा बढ़ाई गई है। नागरिकों से अपील है कि अफवाहों से दूर रहें। कोई संदिग्ध गतिविधि दिखे तो तत्काल 112 पर सूचित करें। पुलिस अलर्ट है। नागरिक हमारा सहयोग करें।

## एल.पी.एस. में इण्टरब्रांच इंग्लिश डिबेट प्रतियोगिता सम्पन्न

**लखनऊ।** लखनऊ पब्लिक स्कूल्स एण्ड कॉलेजेज के बी-ब्लॉक राजाजीपुरम स्थित एसपी लाइसियम प्रेक्षागृह एवं लखनऊ पब्लिक कॉलेज, ए-ब्लॉक, राजाजीपुरम में इण्टरब्रांच अंग्रेजी डिबेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्राइमरी से कक्षा-12 तक के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल में माननीय उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली की सीनियर कोर्ट असिस्टेंट साक्षी चतुर्वेदी, एमिटी यूनिवर्सिटी के अंग्रेजी के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ कौशल यादव, टाइम्स ग्रुप से अर्पित गुप्ता, विदुर कपूर व विकास चंद्र मिश्रा उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में ग्रुप 'ए' से वृंदावन योजना शाखा के अन्वेष मिश्रा व अद्रा सिंह विजेता एवं डी एल एफगार्डन सिटी शाखा के निश्छल अवस्थी व देवांशी पाल उपविजेता रहीं। ग्रुप 'बी' से डी एल एफ गार्डन सिटी शाखा के यजत उपाध्याय तथा प्रखर द्विवेदी विजेता तथा आनन्द नगर व सहारा स्टेट शाखा की निध्याशी मिश्रा, आराध्या सिंह, कौशिकी मिश्रा व विदुषी मिश्रा उपविजेता रहीं।

# निवेशकों को आईटी सिटी में जमीन देगा एलडीए

1696 एकड़ की आईटी सिटी योजना के लिए जमीन जुटाने का काम शुरू

करण वाणी




**लखनऊ।** एलडीए की आईटी सिटी योजना विश्वस्तरीय आवासीय सुविधाओं के साथ रोजगार के बड़े अवसर भी सृजित करेगी। इसके लिए इन्वेस्ट यूपी के माध्यम से निवेश का प्रस्ताव देने वाले आईटी, एआई व सॉफ्टवेयर क्षेत्र के निवेशकों को योजना में जमीन दी जाएगी। एलडीए ने अपनी इस बहुप्रतिक्षित आवासीय योजना के लिए जमीन जुटाने का काम शुरू कर दिया है। शनिवार को स्थल पर बोर्ड लगाकर साइट ऑफिस का निर्माण कार्य शुरू करा दिया गया। एलडीए वीसी ने बताया कि सुल्तानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग व किसान पथ के मध्य लगभग 1696 एकड़ क्षेत्रफल में आई0टी0 सिटी विकसित की जाएगी। जिसके लिए मोहनलालगंज तहसील के ग्राम-बक्कास, सोनई कंजेहरा, सिकन्दरपुर अमोलिया, सिद्धपुरा, परेहटा, पहाड़नगर टिकरिया, रकीबाबाद, मोहारी खुर्द, खुजौली और भटवारा की जमीन ली जाएगी। यह योजना अपनी सर्वोत्तम रोड कनेक्टिविटी के कारण लोगों के लिए काफी उपयोगी होगी। योजना में 72 वर्गमीटर से 1250 वर्गमीटर क्षेत्रफल के लगभग 4,000 आवासीय भूखण्ड सृजित किये जाएंगे, जिसमें से सर्वाधिक 1800 भूखण्ड 200 वर्गमीटर क्षेत्रफल के होंगे।
आई0टी0 सिटी को इस तरह विकसित किया जाएगा, जिससे अधिकतम निजी निवेश आकर्षित हो। इसके लिए योजना में लगभग 350 एकड़ का इन्डस्ट्रियल एरिया व व्यावसायिक गतिविधि के लिए लगभग 60 एकड़ क्षेत्रफल आरक्षित किया जाएगा। योजना में ग्रीन बेल्ट के बड़े भू-भाग में गोल्फ सिटी बनायी जाएगी। साथ ही लगभग 15 एकड़ क्षेत्रफल में फैली वाटर बॉडी योजना को पर्यावरण के अनुकूल बनाएगी।
उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि योजना में हाईटेक प्रौद्योगिकी पार्क, ग्लोबल बिजनेस पार्क, साइंस एवं इंजीनियरिंग उपकरण क्षेत्र, सुपर स्पेशलिटी मेडिकल जोन आदि के लिए बड़े भूखण्ड नियोजित किये जाएंगे। योजना में ये इंडस्ट्री आने से बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर सृजित होंगे। इसके लिए इन्वेस्ट यू0पी0 के माध्यम से प्रदेश में निवेश के प्रस्ताव देने वाले आई0टी0, ए0आई0 व सॉफ्टवेयर क्षेत्र के निवेशकों को आमंत्रित करके योजना में जमीन दी जाएगी। संयुक्त सचिव सुशील प्रताप सिंह ने बताया कि योजना के लिए जमीन जुटाने का काम तेजी से चल रहा है। इसके तहत 04 गांव के 23 भू-स्वामियों ने अपनी लगभग 265 बीघा भूमि लैंड पूलिंग के माध्यम से निःशुल्क देने के आवेदन दिये हैं। मोहारी खुर्द गांव में जमीन का कब्जा लेने का कार्य किया जा रहा है। जिसके तहत शनिवार को प्राधिकरण के अर्जन व अभियंत्रण अनुभाग की संयुक्त टीम ने मोहारी खर्द गांव में लगभग 46 बीघा भूमि का कब्जा लिया।

# जलशक्ति मंत्री ने निरीक्षण के दौरान रिटेनिंग वॉल को परखा



करण वाणी

**लखनऊ।** जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने रविवार को लखनऊ खंड-2 के अंतर्गत शारदा नहर की लखनऊ शाखा का स्थलीय निरीक्षण किया। वह नहर के किलोमीटर 166.660 स्थल पर पहुंचे, जहां नहर का संचालन सरोजनी नगर और मोहनलालगंज तहसीलों में तालाबों और पोखरों को भरने के लिए किया जा रहा था। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने अपस्ट्रीम क्षेत्र किलोमीटर 164.240 पर चल रहे निर्माण कार्यों का भी जायजा लिया। यहां नहर के आंतरिक हिस्से में रिटेनिंग वॉल और कैटल घाट का निर्माण प्रगति पर है। जल शक्ति मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से कोई समझौता न हो। तय समय-सीमा के भीतर काम पूरा किया जाए, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों को सिंचाई और जल संरक्षण के लिए ज्यादा से ज्यादा फायदा मिल सके।

# आतंकवाद कुत्ते की पूंछ, आतंकी जिस भाषा में समझेंगे उन्हें उसी भाषा में जवाब देंगेः सीएम योगी

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक बार फिर पाकिस्तान और आतंकवाद पर किया कड़ा प्रहार

करण वाणी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक बार फिर पाकिस्तान और उसके द्वारा संरक्षित आतंकवाद पर कड़ा प्रहार किया है। उत्तर प्रदेश डिफेंस कॉरिडोर के लखनऊ नोड पर ब्रह्मोस एयरोस्पेस इंटीग्रेशन एंड टेस्टिंग फैसिलिटी के उद्घाटन के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आतंकवाद कुत्ते की पूंछ है जो कभी सीधी होने वाली नहीं, जो प्यार की भाषा मानने वाली नहीं। उसको उसी की भाषा में जवाब देने के लिए तैयार रहना होगा। इस दिशा में भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से दुनिया को एक संदेश दे दिया है। अब समय आ गया है जब आतंकवाद को कुचलने के लिए हम सबको एक स्वर से प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में इस अभियान से जुड़ना होगा। कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी वर्चुअली उपस्थित रहे और उन्होंने व सीएम योगी ने एक साथ बटन दबाकर ब्रह्मोस यूनिट का शुभारंभ किया। इस दौरान रक्षा उत्पादन से जुड़ी पुस्तक ब्रह्मांड का भी विमोचन किया गया। यही नहीं, मुख्यमंत्री ने ब्रह्मोस एयरोस्पेस द्वारा चयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र भी वितरित किए। मुख्यमंत्री को ब्रह्मोस मिसाइल का प्रतिरूप भी भेंट किया गया।



मुख्यमंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए भारत की तीनों रक्षा सेनाओं के बहादुर जवानों, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का अभिनंदन करते हुए प्रदेशवासियों की ओर से बधाई दी। उन्होंने कहा कि ब्रह्मोस मिसाइल क्या है, इसके पराक्रम को आपने ऑपरेशन सिंदूर में देखा होगा और नहीं देखा तो कम से कम पाकिस्तान वालों से पूछ लेना चाहिए कि ब्रह्मोस मिसाइल की ताकत क्या है। आतंकवाद के प्रति प्रधानमंत्री जी ने घोषणा की है कि कोई भी आतंकी घटना अब युद्ध जैसी होगी और याद रखना आतंकवाद को जब तक हम पूरी तरह कुचलेंगे नहीं तब तक समस्या का समाधान होगा भी नहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी स्वावलंबी देश के लिए आवश्यक है कि अपनी रक्षा आपूर्ति के लिए वह दुनिया के अन्य देशों पर निर्भर होने की बजाय स्वयं उस लक्ष्य को प्राप्त करे। इजराइल इसका उदाहरण है, जिसने सुरक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को प्राप्त किया है। उसने अपने अगल-बगल के दुश्मन देशों को नाकों चने चबाने के लिए मजबूर किया है।

**अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर रहा है उत्तर प्रदेशः** मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने 2014 में भारत के सामने जो लक्ष्य रखा, डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग कॉरिडोर और ब्रह्मोस मिसाइल उसी अभियान का हिस्सा है। वीडीएल झांसी में आ रहा है। उसका काम बहुत तेजी से आगे बढ़ चुका है। विश्वास के साथ कह सकता हूं कि भारत आज जिस दिशा में आगे बढ़ा है वह उसे प्राप्त करेगा। उन्होंने कहा कि 2018 में प्रधानमंत्री मोदी जी ने केंद्रीय बजट में दो डिफेंस कॉरिडोर की घोषणा की थी, लेकिन यह कहां बनेगी इसकी घोषणा प्रधानमंत्री जी ने इसी लखनऊ में की थी। उत्तर प्रदेश में इसके लिए 6 नोड तय किए गए। इनमें राजधानी लखनऊ, कानपुर, आगरा, अलीगढ़, झांसी और चित्रकूट को डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग कॉरिडोर के लिए चुना गया। 2019 में केंद्र में जब पुनः सरकार बनी तब रक्षा मंत्री के रूप में राजनाथ सिंह जी ने 2020 में पहली बार लखनऊ में डिफेंस एक्सपो का आयोजन किया। तब उन्होंने लखनऊ में ब्रह्मोस मिसाइल की प्रोडक्शन यूनिट लगाने की घोषणा की थी।

**कई सौ गुना बढ़ा रक्षा उत्पादन और निर्यातः** सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश के अंदर डिफेंस कॉरिडोर के जो 6 नोड विकसित हो रहे हैं इन पर हमारा कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। इससे पहले हमने कानपुर में रक्षा सेनाओं के लिए गोला बारुद के उत्पादन केंद्र का शुभारंभ किया था। अब उसके विस्तार के लिए भी भूमि की मांग हो रही है। लखनऊ में भी ब्रह्मोस को जैसे ही 200 एकड़ भूमि दी गई तो पीटीसी भी यहां पर आया है। पीटीसी ने न केवल ब्रह्मोस के लिए बल्कि एयरोस्पेस से जुड़े अनेक कार्यों के लिए एक एंकर यूनिट के रूप में उत्पादन कार्य प्रारंभ किया है। यहां ब्रह्मोस से जुड़ी हुई लगभग 7 एंकर यूनिट लग रही हैं। उन्होंने कहा कि 2013-14 में भारत का जो रक्षा उत्पादन था।

# ममता राजपूत ने समर्थकों के साथ कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की



करण वाणी

**लखनऊ।** आज यहां प्रदेश कांग्रेस कार्यालय पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष, पूर्व मंत्री अजय राय के समक्ष जिला कांग्रेस कमेटी लखनऊ के अध्यक्ष रूद्र दमन सिंह चौहान ''बब्लू'' के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी से प्रदेश के विशेष आमंत्रित सदस्य महेश सिंह लोधी तथा राष्ट्रीय व्यापार मण्डल महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष एवं दशहरी संगठन भारतीय किसान यूनियन की प्रदेश महासचिव ममता राजपूत ने अपने समर्थकों के साथ कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की।

इस मौके पर पूर्व विधायक सतीश अजमानी, आर0टी0आई विभाग के चेयरमैन पुष्पेन्द्र श्रीवास्तव, पुष्पेन्द्र सिंह मुख्य रूप से मौजूद रहे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने समाजवादी पार्टी के नेता महेश सिंह लोधी तथा राष्ट्रीय व्यापार मण्डल महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष श्रीमती ममता राजपूत जी के साथ आए लोगों को स्वागत करते हुए सभी के गले में कांग्रेस तिरंगा पट्टिका पहनाकर तथा पार्टी का सदस्यता कार्ड देकर विधिवत रूप से पार्टी में शामिल कराया और उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। ममता राजपूत के साथ सदस्यता ग्रहण करने वालों में प्रमुख रूप से नीलम गौतम, अयाज खान, अनुपम सिंह, दीपा राजपूत, तारा, नगमा, माधुरी, कुन्ती, सीता, इरफान खान, शेर खान, नशरीन, रेखा, कल्पना गुप्ता, सीमा शहनाज, छोटे लाल, विपिन, आशीष, जितेन्द्र कुमार, अनीता आदि शामिल रहे।

# शांति से ही संभव है देश व दुनिया का विकासः भाकपा

करण वाणी

**लखनऊ।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सम्मेलन में शिवदर्शन वर्मा ने सम्बोधित करते हुए कहा कि शाति से ही देश और दुनिया का विकास हो सकता है।

आरडी मेमोरियल पब्लिक स्कूल माती में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव पर्यवेक्षक अरविंद राज स्वरूप की उपस्थिति में 41 सदस्यीय जिला काउंसिल चुनी गई। जिला सचिव के पद पर कामरेड बृजमोहन वर्मा, जिला सह सचिव प्रवीण कुमार, विनय कुमार सिंह तथा कोषाध्यक्ष पद पर शिवदर्शन वर्मा को चुना गया।मथुरा में होने राज्य सम्मेलन के बृजमोहन वर्मा प्रवीण कुमार रणधीर सिंह सुमन दीपक वर्मा रामनरेश वर्मा मुनेश्वर गोस्वामी व विनय कुमार सिंह को चुना गया है। सम्मेलन का समापन करते हुएजिला सचिव बृजमोहन वर्मा ने कहा कि वर्तमान सरकार में कानून व्यवस्था व भ्रष्टाचार चरम पर है देश की अर्थव्यवस्था चरमरा गई है।

# बैंक ऑफ बड़ौदा स्टाफ एसोसिएशन उप्र का पंद्रहवां त्रैवार्षिक प्रांतीय सम्मेलन सम्पन्न




करण वाणी

**लखनऊ।** राजधानी के संगीत नाटक अकादमी में रविवार को बैंक ऑफ बड़ौदा स्टाफएसोसिएशन उत्तर प्रदेश के 15वें त्रैवार्षिक प्रांतीय सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए ऑल इंडिया बैंक इम्प्लॉइज एसोसिएशन के महासचिव कामरेड सीएच वेंकटचलम ने कहा कि एनडीए सरकार बैंकों का निजीकरण करना चाहती है लेकिन बैंक कर्मचारी ऐसा होने नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि देश के बैंक कम कर्मचारी होने का खामियाजा भुगत रहे हैं और बैंकों का वित्तीय लाभ बढ़ने के बावजूद सरकार बैंकों में उचित संख्या में भर्तियां नहीं कर रही है। लखनऊ आएं हुए सैंकड़ों बैंक कर्मचारियों का स्वागत करते हुए यूपी बैंक इम्प्लॉइज यूनियन के प्रांतीय अध्यक्ष कामरेड एसके संगतानी ने कहा कि हमारा आंदोलन लगातार चल रहा है और सरकार यह ना समझे कि हम चुप बैठने वाले हैं। बैंकों में क्लर्कों और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की कमी है जिसका असर बैंकिंग और आम जनता पर पड़ रहा है। कामरेड जनक रावल ने सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि एआईबीईए ने बैंक वर्कर्स की लम्बी लड़ाई लड़ी है और जीती भी है, एसोसिएशन बैंक कर्मचारियों के हितों की आवाज बुलंद करती रहेगी। सम्मेलन के संयोजक यूपी के महामंत्री रजनीश गुप्ता ने कहा कि हम हर तीसरे साल ऐसा सम्मेलन बुलाते हैं जिससे आगे की रणनीति तय करने के साथ ही चुनाव भी सम्पन्न करवाए जाते हैं। उन्होंने कहा कि बैंकों के निजीकरण से लाखों कर्मचारियों का भविष्य खतरे में है और आम जनता की वित्तीय सुरक्षा भी खतरे में है। सरकार को आउटसोर्सिंग और सम्विदा प्रथा बंद करनी चाहिए और लाखों करोड़ों के कर्ज से डूबे तथा जबरन किए गए विलयों ने बैंकिंग व्यवस्था को कमजोर कर दिया है।

# पूरा देश इंदिरा गांधी को याद कर रहाः अजय राय

करण वाणी

**लखनऊ।**अंतर्राष्ट्रीय मातृ दिवस के अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कार्यालय पर देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री, भारत रत्न, आयरन लेडी इंदिरा गांधी की प्रतिमा पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय ने माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय ने कहा कि आज पूरा देश अपनी पूर्व प्रधानमंत्री ''आयरन लेडी'' पाकिस्तान के दो फाड़ करने वाली इंदिरा गांधी को याद कर रहा है। पूरा देश उस प्रधानमंत्री को याद कर रहा है जिन्होंने किसी भी दबाव के आगे झुकने से मना कर दिया था। जिनका कहना था कि देश अपने अंतरिम मामलों में किसी तीसरे देश की मध्यस्थता को स्वीकार नहीं करेगा और अपने निर्णय स्वयं लेगा।श्री राय ने कहा कि देश इंदिरा गांधी को आज याद कर रहा है कि जब अमेरिका ने अपने 7 वें बेडे की धमकी दी तब हमारी फौलादी इरादों वाली देश की प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने कहा कि सातवां बेड़ा हो या 70वां भारत किसी से नहीं डरता।



श्रीमती गांधी कहती थी ''हमने हजारों साल में सहनशक्ति सीखी है, लेकिन जब बात सीमा के बाहर हो जाए तो दूसरी शक्ति से उसका मुकाबला करना होता है।'' श्री राय ने कहा कि आज हम उस मातृशक्ति इंदिरा गांधी जी को नमन करते हैं, जिन्होंने पूरी दुनिया में भारत का सिर गर्वघ् से ऊंचा कर दिया था।

उनमें असीम साहस, कुशल नेतृत्व, चट्टान सी दृढ़ता और भारत को अखंड बनाए रखने का जज्बा था। हमें कांग्रेस कि देश हित से ओप प्रोत अपनी गौरवशाली परंपरा पर गर्व है। हमें गर्व है कि हमने देश का मान लड़कर ऊंचा रखा है, हमने वर्तमान मोदी सरकार की तरह लफ्फाजी नहीं की। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय जी के साथ पूर्व विधायक सतीश अजमानी, निवर्तमान प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष दिनेश सिंह, मनीष श्रीवास्तव हिंदवी, रूद्र दमन सिंह, वरिष्ठ कांग्रेस नेता मारूफ खान, संजय दीक्षित, पुष्पेंद्र श्रीवास्तव, दयानंद सिंह दुसाध, पुष्पेन्द्र सिंह, आसिफ रिजवी रिंकू, योगेश्वर सिंह, जितेन्द्र कुमार वर्मा, राजगुरु नरायणपति त्रिपाठी, रमेश श्रीवास्तव, अजय सिंह, मुनीष चौधरी, महेश सिंह लोधी, ममता राजपूत सहित भारी संख्या में उपस्थित कांग्रेसजनों ने भी देश की पूर्व प्रधानमंत्री आयरन लेडी श्रीमती इंदिरा गांधी जी को श्रद्धासुमन अर्पित कर याद किया।

# भारतीय शास्त्रीय, अर्धशास्त्रीय और फ्यूजन नृत्य की मनोरम यात्रा

करण वाणी

**लखनऊ।** नृत्य के क्षेत्र में सुपरिचित नाम नृत्य फ्रोलिक डांस एकेडमी की संस्थापिका और कथक गुरु पल्लवी प्रजापति के मार्गदर्शन में वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम-कलायात्रा 2.0, का आयोजन रविवार 11 मई को गोमती नगर स्थित अन्तर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान के ऑडिटोरियम में किया गया। एक से बढ़कर एक नृत्य प्रस्तुतियों के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि नृत्य केवल एक कला नहीं बल्कि आत्मा की सबसे सुंदर अभिव्यक्ति है। कलायात्रा 2.0 वार्षिकोत्सव में एल्डिको सिटी स्थित नृत्य फ्रोलिक डांस एकेडमी के 4 से 40 आयु तक के जोशीले प्रतिभागियों ने दर्शकों को भारतीय शास्त्रीय, अर्धशास्त्रीय और फ्यूजन नृत्य की मनोरम यात्रा करवायी।



कलायात्रा 2.0 के उद्घाटन सत्र की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ कथक नृत्यांगना और गुरु डॉ. आकांक्षा श्रीवास्तव सहित विशिष्ट अतिथि के रूप में उत्तराखंड महापरिषद के महासचिव भरत सिंह विष्ट, अंतरराष्ट्रीय कथक नृत्यांगना लवीना जैन, लखनऊ क्रिश्चियन डिग्री कॉलेज की पूर्व प्राचार्य और कलाकार डॉ. प्रणोति सिंह, एल्डेको सिटी रेजिडेंट वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष एस. के. वर्मा, ग्राम्य विकास के अपर निदेशक डॉ. डी. सी. उपाध्याय और उत्तर प्रदेश रोडवेज के इंजीनियर हिमांशु कौशिक को आमंत्रित किया गया था। इसके उपरांत इन सभी अतिथियों को पल्लवी प्रजापति द्वारा स्मृति चिन्ह और पौध भेंट कर सम्मानित भी किया गया। इसके माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का सकारात्मक संदेश भी दिया गया।

## सीजफायर उल्लंघन पर कांग्रेस ने संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग

**लखनऊ।** भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर के एलान के कुछ घंटे बाद ही पाकिस्तान ने फिर धोखा दिया है। पाकिस्तान ने ड्रोन से हमला कर सीजफायर का उल्लंघन किया है। इसके बाद हिंदुस्तान की राजनीति गरमा गई है।

कांग्रेस समेत तमाम राजनीतिक दलों ने तत्काल संसद का विशेष सदन सत्र बुलाने की मांग की है। कांग्रेस का कहना है कि पाकिस्तान भारत विरोधी गतिविधियों में शामिल रहता है, पाकिस्तान दुर्दांत अपराधियों को सहयोग और शरण देता है। इसलिए पाकिस्तान पर बिल्कुल विश्वास नहीं किया जा सकता है। सपा ने कहा कि समाजवादी पार्टी भारत सरकार के साथ है। वहीं सीएम योगी ने कहा कि अब आतंक के सफाए का समय आ गया है। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने एक बयान में कहा कि आतंकवाद को जब तक पूरी तरह से कुचलेंगे नहीं, तबतक समस्या का समाधान नहीं होगा।

# संजय आजाद ने कहा संविधान से ही देश चलेगा




करण वाणी

**लखनऊ।** आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश के अधिवक्ता प्रकोष्ठ की पहली और महत्वपूर्ण बैठक रविवार को लखनऊ के पार्टी कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पार्टी के निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष सभाजीत सिंह ने की। बैठक में प्रदेशभर से आए अधिवक्ताओं ने भाग लिया और संगठन को मजबूत करने की दिशा में सुझाव दिए। पार्टी के विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष प्रखर श्रीवास्तव (अधिवक्ता) ने कहा कि अधिवक्ता प्रकोष्ठ पार्टी की रीढ़ की हड्डी है और इसकी भूमिका आने वाले समय में अहम होगी। उन्होंने प्रकोष्ठ के विस्तार, न्यायिक मुद्दों पर पार्टी की भूमिका और जनहित में की जाने वाली कानूनी लड़ाइयों की दिशा तय करने पर जोर दिया। निवर्तमान उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष सभाजीत सिंह ने अपने संबोधन में संगठन को नई ऊर्जा देने और अधिवक्ताओं को जमीनी स्तर पर सक्रिय करने की रणनीति साझा की। बैठक को सफल और ऐतिहासिक बताया गया, जिससे पार्टी के कानूनी ढांचे को मजबूती मिलेगी।

# प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक बुलाई जायः प्रमोद तिवारी

करण वाणी

**लखनऊ।** प्रमोद तिवारी, सांसद, उप नेता, राज्य सभा ने कहा है कि आज जब पूरी दुनिया ''मदर्स डे''(मातृ दिवस) मना रही है और भारत वासियों को बहुत मान-सम्मान के साथ स्व. इन्दिरा गॉधी जी का वर्ष 1971 का दौर याद आ रहा है कि जब तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन ने भारत-पाकिस्तान युद्ध में बंगलादेष में बढ़ती हुई भारतीय सेनाओं को रोकने के लिये भारत की तत्कालीन प्रधानमंत्री इन्दिरा गॉधी जी से बात करनी चाही तो उन्होंने (स्व. इन्दिरा गॉधी जी) ने उनसे निर्देश लेने से मना कर दिया, तब अमेरिका ने दुनिया का सबसे शक्तिशाली और ताकतवर ''सातवॉ बेड़ा'' बंगाल की खाड़ी में उतार दिया, लेकिन स्व. इन्दिरा गॉधी झुकी नहीं और रुकी नहीं, वे अपने लक्ष्य की तरफअग्रसर रहीं, जब तक बांगलादेश ने 93000 (तिरानबे हजार) सैनिकों का आत्म समर्पण नहीं कर दिया, और जब तक बंगलादेश नहीं बना दिया, तब तक भारतीय सेना का पराक्रम जारी रहा। श्री तिवारी ने कहा है कि आज जब पहलगाम में 26 निर्दोष देश वासियों की हत्या से आहत भारत की सेना के साथ संपूर्ण विपक्ष के साथ-साथ हर भारतवासी मजबूती के साथ खड़ा था तो उस समय अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दुनिया को संदेश दे दिया कि भारत-पाकिस्तान का युद्ध विराम हो गया।

यह सूचना थी या अमेरिका का आदेश था। हर भारत वासी युद्ध विराम की घोषणा नयी दिल्ली से होने की अपेक्षा करता था, किन्तु ऐसा नहीं हुआ, इसीलिये आज हर भारतवासी को ''मदर्स डे'' पर स्वर्गीया इन्दिरा गॉधी के वर्ष 1971 का दौर बहुत याद आ रहा है। श्री तिवारी ने का है कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की मांग है कि माननीय प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक बुलाई जाय और पहलगाम के ऑपरेशन सिन्दूर तथा पहले वॉशिंगटन डीसी और उसके बाद भारत तथा पाकिस्तान की सरकारों द्वारा घोषित किये गये संघर्ष विराम के विषय पर संसद का ''विशेष सत्र'' आहूत किया जाय ताकि इन सभी मुद्दों पर व्यापक चर्चा हो सके। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का मानना है कि भारत और पाकिस्तान के बींच संवाद के लिये ''तटस्थ मंच'' का उल्लेख अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो द्वारा किया जाना कई सवाल खड़ा करता है।

# फुले फिल्म मुफ्त दिखाई गई,दर्शकों से खचाखच भरा हॉल

**लखनऊ।** लखनऊ में आजाद समाज पार्टी के प्रदेश सचिव अनिकेत धानुक ने फुले मूवी दिखाई। नोवेल्टी सिनेमा हॉल में मुफ्त फिल्म दिखाकर लोगों को फिल्म के माध्यम से शिक्षा की जानकारी दी गई। फिल्म देखने के लिए बड़ी संख्या में पुरुष-महिलाएं और बच्चे पहुंचे। पूरा सिनेमा हॉल फिल्म देखने वालों से खचाखच भरा हुआ था। अनिकेत धानुक ने बताया कि फुले फिल्म के माध्यम से महिलाओं को शिक्षा के लिए जागरूक किया गया। साथ ही इस फिल्म में सावित्रीबाई फुले और फातिमा शेख के संघर्ष को दिखाया गया कि दो महिलाओं ने मिलकर किस प्रकार से आजादी से पहले शिक्षा की क्रांति शुरू की। आज समाज में महिलाएं विकास की मुख्य धारा से जुड़ी हैं और शिक्षा अर्जित कर रही हैं। यह सब सावित्रीबाई फुले और फातिमा शेख के संघर्षों का परिणाम है।

# नवीनतम मत्स्य प्रजाति के कैप्टिव प्रोपेगेटेड बीजों की रैंचिंग

करण वाणी

**लखनऊ।** आईसीएआर-एनबीएफजीआर ने वर्णित नई प्रजाति होराबैग्रस ऑब्स्कुरस के कैप्टिव प्रोपेगेटेड शिशुओं को केरल के चालाकुडी नदी में छोड़ा गया। यह प्रजाति में संरक्षण महत्व वाली तथा जलीय कृषि क्षमता से युक्त है।

आईसीएआर-एनबीएफजीआर के वैज्ञानिकों ने इस प्रजाति के कैप्टिव प्रोपेगेशन तकनीक से विकसित 2000 उन्नत फिंगरलिंग्स को 10 मई को उनके प्राकृतिक आवास वेट्टिलापारा, चालाकुडी नदी, केरल में रिलीज किया। आईसीएआर-एनबीएफजीआर के निदेशक डॉ. काजल चक्रवर्ती ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की और भविष्य की पीढ़ियों के लिए ऐसी प्रजातियों के संरक्षण हेतु उनके प्राकृतिक आवासों में रैंचिंग कार्यक्रम की भूमिका पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि आईसीएआर-सीएमएफआरआई के निदेशक डॉ. ग्रिंसन जॉर्ज ने मूल्यवान प्रजातियों के संरक्षण और इसके सतत उपयोग में ऐसे आयोजन पर जोर दिया। संस्थान के एसटीसी घटक के तहत मछुआरों के लिए इनपुट वितरण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। क्षेत्र के 20 आदिवासी मछुआरों को आजीविका विकास के लिए मछली पकड़ने के जाल, हेड टॉर्च और मछली वाहक बैग जैसे इनपुट प्रदान किए। कार्यक्रम में वन और स्थानीय पंचायत अधिकारियों, मछुआरों और मछली किसानों सहित 50 कर्मियों ने भाग लिया। ब्यूरो के वैज्ञानिक डॉ. वीएस बशीर और डॉ चरण रवि ने कार्यक्रम का समन्वय किया।

## सम्पादकीय

### अब तकनीक बदलने लगी है युद्ध की तकदीर

युद्धों का इतिहास बताता है कि कोई भी जंग सबसे पहले मनोवैज्ञानिक स्तर पर लड़ी जाती है। खास तौर से सैनिकों में यह मनोबल उनके प्रशिक्षण, उन्हें प्रदान किए गए हथियारों और उनके देश की हैसियत के आधार पर विकसित होता है। लेकिन तकनीक और विज्ञान की तरक्की की बदौलत युद्धों के नियम और शैलियां बदल गई हैं। अब जरूरी नहीं रहा कि किसी जंग में सैनिकों की भारी तादाद किसी मोर्चे पर तैनात हो। या फिर सैनिक खुद आमने-सामने की जंग लड़ें, जिसके आधार पर हार-जीत का फैसला हो। बल्कि अब इसमें तकनीक की भूमिका सबसे अहम और प्राथमिक हो गई है। चाहे हमला करना हो या फिर दुश्मन की भेजी मिसाइलों-ड्रोन्स से खुद का बचाव करना हो, आज युद्धों में तकनीक सबसे असरदार और सटीक भूमिका निभा रही है। ताजा मिसाल 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम में आतंकवादियों के हाथों 26 लोगों की निर्मम हत्या के बाद 6-7 मई की दरम्यानी रात भारत की ओर से, इस घटना के लिए जिम्मेदार पाकिस्तान और पाक-कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में की गई कार्रवाई है। भारत ने पाकिस्तान के जिन 9 स्थानों पर मौजूद आतंकी ढांचों पर हवाई हमला किया, उसमें अत्याधुनिक तकनीक से विकसित हथियारों (मुख्यतः मिसाइलों और ड्रोन) का ही इस्तेमाल किया गया। यही नहीं, सटीक हमले से बौखलाए पाकिस्तान ने 7 और 8 मई, 2025 को भारतीय सीमा में जो मिसाइलें छोड़ीं और ड्रोन भेजे, प्रायः उन सभी को भारत ने तकनीक के बल पर नाकाम किया।

दोनों ही मामलों में साबित हुआ कि परखी गई उन्नत तकनीक के आधार पर कैसे दुश्मन के ठिकानों को नेस्तनाबूद किया जा सकता है और उसकी कार्रवाई से कितनी सटीकता से बचाव संभव है। निश्चय ही, विज्ञान और तकनीक ने युद्धों को बदल दिया है। इसे भारत-पाकिस्तान के हालिया संघर्ष के उदाहरणों को देखना होगा। पहलगाम हमले के दोषी आतंकियों के पाकिस्तान और पीओके में मौजूद ठिकानों पर 7 मई रात भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत जो कार्रवाई की, उसमें खासकर न तो हमारे सैनिकों ने और न ही लड़ाकू विमानों ने आक्रमण के लिए नियंत्रण रेखा पार की। इस आक्रमण के लिए हवित्जर और धनुष तोपों, कामिकाजी नामक आत्मघाती ड्रोन, लंबी दूरी की मारक क्षमता वाले आधुनिक हथियारों के अलावा युद्धक विमानों- राफेल, मिराज-2000 और सुखोई-30 से स्कैल्प मिसाइलों और स्पाइस-2000 नामक बमों का इस्तेमाल किया गया। दावा है कि दागे गए ज्यादातर बम प्रेसिजन गाइडेड आर्टिलरी एम्युनिशन से लैस थे। नियंत्रण रेखा पार किए बिना अपनी सीमा से ही आतंकी ढांचों को ध्वस्त करने की इस कार्रवाई में दर्जनों आतंकवादी मारे जाने और लश्करे-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद और हिज्बुल के मुख्यालय ढहने की तस्वीरें खुद पाकिस्तानी मीडिया ने प्रसारित कीं। हालांकि यह सटीक कार्रवाई आतंकी ढांचों और आतंकवादियों के खिलाफ थी, लेकिन पाकिस्तानी सरकार ने इसे आम नागरिकों पर हमला बताया और 8 मई को भारतीय सीमा पर गोलाबारी के अलावा लड़ाकू विमानों, ड्रोन और मिसाइलों से हमला किया। इनमें से भारत के पुंछ में एक दर्जन से ज्यादा निर्दोष नागरिकों की जान गई। जम्मू-अमृतसर से लेकर राजस्थान के जैसलमेर तक सीमा पार कर आई मिसाइलें, ड्रोन और लड़ाकू विमान भारत की अत्याधुनिक बचाव प्रणाली की सक्रियता के कारण नाकाम हो गए।

इन प्रणालियों में जिसे सबसे ज्यादा असरदार माना गया है, वह रूस से 2018 में खरीदा गया एस-400 सिस्टम है जो असल में लंबी दूरी यानी 500 किलोमीटर दूर से आ रहे ड्रोन, बैलेस्टिक मिसाइल या लड़ाकू विमानों का समय रहते पता लगाकर उन्हें हवा में ही नष्ट करने वाला लॉन्ग रेंज इंटरसेप्टर है। दावा है कि इसकी तीन सक्रिय यूनिटें भारत के पास हैं, जो अलग-अलग स्थानों पर तैनात हैं। यह इंटरसेप्टर चार चरणों में काम करता है। पहले चरण में इसका ट्रांसपोर्ट इरेक्टर लॉन्चर नजदीक आ रहे ड्रोन या मिसाइल का पता लगाता है। दूसरे चरण में इसका सर्विलांस रेडार ड्रोन आदि की दूरी व गति का आकलन कर कमांड वाहन को उसे रोकने का निर्देश देता है। तीसरे चरण में कमांड और कंट्रोल वाहन दुश्मन के ड्रोन या मिसाइल की लोकेशन तय कर उसे मिसाइल से मारने के निर्देश देता है और चौथे चरण में गाइडेंस रेडार टारगेट पर तेजी से मिसाइल छोड़ता है। यह एक ही समय में कई ड्रोन या मिसाइलों का पता लगाकर उन्हें हवा में ही नष्ट कर डालती है। लेकिन भारत सिर्फ एस-400 पर ही आश्रित नहीं है।

इसके अलावा हमारे देश के पास मध्यम दूरी का इंटरसेप्टर-एमआरएसएएम भी है जो 70 किलोमीटर रेंज में ड्रोन आदि को हवा में तबाह कर डालता है। साथ ही स्वदेशी शॉर्ट रेंज इंटरसेप्टर दृ आकाश है जो 25-30 किमी की रेंज में एक साथ चार लक्ष्यों (टारगेट) को हवा में नष्ट कर सकता है। जमीन से हवा में मार करने वाला स्पाईडर नामक मिसाइल सिस्टम कम ऊंचाई पर उड़ रहे ड्रोन या मिसाइल को नष्ट कर सकता है। रूस से हासिल किया गया क्लोज रेंज इंटरसेप्शन (इग्ला-एस) सिस्टम भी है, जो लड़ाकू विमान, ड्रोन या मिसाइल को 5-6 किमी की रेंज में नष्ट करने में सक्षम है।

# समाज के लिए नर्सों के योगदान को नमन

> "1856 में युद्ध की समाप्ति के बाद जब वह वापस लौटीं, तब स्वयं महारानी विक्टोरिया ने पत्र लिखकर उनका धन्यवाद किया। उसके कुछ ही माह बाद रानी विक्टोरिया से उनकी मुलाकात हुई। उनके सुझावों के आधार पर ही वहां सैन्य चिकित्सा प्रणाली में बड़े पैमाने पर सुधार संभव हुआ और वर्ष 1858 में रॉयल कमीशन की स्थापना हुई। उसके बाद ही अस्पतालों की सफाई व्यवस्था पर ध्यान देना, सैनिकों को बेहतर खाना, कपड़े और देखभाल की सुविधा मुहैया कराना



दया और सेवा की प्रतिमूर्ति फ्लोरेंस नाइटिंगेल को आधुनिक नर्सिंग की जन्मदाता माना जाता है, जिनकी आज हम 205वीं जयंती मना रहे हैं। प्रतिवर्ष उन्हीं की जयंती पर 12 मई को अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस मनाया जाता है। 'लेडी विद द लैंप' के नाम से विख्यात नाइटिंगेल का जन्म 12 मई 1820 को इटली के फ्लोरेंस शहर में हुआ था। भारत सरकार द्वारा वर्ष 1973 में नर्सों द्वारा किए गए अनुकरणीय कार्यों को सम्मानित करने के लिए उन्हीं के नाम से 'फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार' की स्थापना की गई थी, जो प्रतिवर्ष अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस के अवसर पर प्रदान किए जाते हैं।

फ्लोरेंस नाइटिंगेल खूबसूरत, पढ़ी-लिखी और समझदार युवती थीं। उन्होंने अंग्रेजी, इटेलियन, लैटिन, जर्मनी, फ्रैंच, इतिहास और दर्शन शास्त्र सीखा था, वहीं अपनी बहन और माता-पिता के साथ कई देशों की यात्रा की थी। मात्र 16 वर्ष की आयु में ही उन्हें अहसास हो गया था कि उनका जन्म सेवा कार्यों के लिए ही हुआ है। हालांकि उस दौर में नर्सिंग को एक सम्मानित व्यवसाय भी नहीं माना जाता था। उनके माता-पिता संपन्न परिवार से थे। ऐसे में उनका मानना था कि धनी परिवार की लड़की के लिए वह पेशा सही नहीं है।

दरअसल वह ऐसा समय था, जब अस्पताल बेहद गंदी जगह पर होते थे और वहां बीमार लोगों की मौत के बाद काफी भयावह माहौल हो जाता था। 1850 में फ्लोरेंस ने जर्मनी में प्रोटेस्टेंट डेकोनेसिस संस्थान में दो सप्ताह की अवधि में एक नर्स के रूप में अपना प्रारम्भिक प्रशिक्षण पूरा किया। मरीजों, गरीबों और पीड़ितों के प्रति उनके सेवाभाव को देखते हुए आखिरकार उनके माता-पिता द्वारा वर्ष 1851 में उन्हें नर्सिंग की आगे की पढ़ाई के लिए अनुमति दे दी गई। इसके बाद उन्होंने जर्मनी में महिलाओं के लिए एक क्रिश्चियन स्कूल में नर्सिंग की पढ़ाई शुरू की, जहां उन्होंने मरीजों की देखभाल के तरीकों और अस्पतालों को साफ रखने के महत्व के बारे में जाना। फ्लोरेंस का नर्सिंग के क्षेत्र में पहली बार अहम योगदान 1854 में क्रीमिया युद्ध के दौरान देखा गया। उस समय ब्रिटेन, फ्रांस और तुर्की (तुर्किये) की रूस से लड़ाई चल रही थी और सैनिकों को रूस के क्रीमिया में लड़ने के लिए भेजा गया था। युद्ध के दौरान सैनिकों के जख्मी होने, ठंड, भूख तथा बीमारी से मरने की खबरें आ रही थीं।

युद्ध के समय वहां उनकी देखभाल के लिए कोई उपलब्ध नहीं था। ऐसे में ब्रिटिश सरकार द्वारा फ्लोरेंस के नेतृत्व में अक्तूबर 1854 में 38 नर्सों का एक दल घायल सैनिकों की सेवा के लिए तुर्की भेजा गया। फ्लोरेंस ने वहां पहुंच कर देखा कि किस प्रकार वहां अस्पताल घायल सैनिकों से खचाखच भरे हुए थे, जहां गंदगी, दुर्गंध, दवाओं तथा उपकरणों की कमी, दूषित पेयजल इत्यादि के कारण असुविधाओं के बीच संक्रमण से सैनिकों की बड़ी संख्या में मौतें हो रही थी। फ्लोरेंस ने अस्पताल की हालत सुधारने के अलावा घायल और बीमार सैनिकों की देखभाल में दिन-रात एक कर दिया, जिससे सैनिकों की स्थिति में काफी सुधार हुआ। उनकी अथक मेहनत के परिणामस्वरूप ही अस्पताल में सैनिकों की मृत्यु दर में बहुत ज्यादा कमी आई। उस समय किए गए उनके सेवा कार्यो के लिए ही सभी सैनिक उन्हें आदर और प्यार से 'लेडी विद द लैंप' कहने लगे थे। दरअसल जब चिकित्सक अपनी ड्यूटी पूरी करके चले जाते, तब भी वह रात के गहन अंधेरे में हाथ में लालटेन लेकर घायलों की सेवा के लिए उपस्थित रहती थीं।

1856 में युद्ध की समाप्ति के बाद जब वह वापस लौटीं, तब स्वयं महारानी विक्टोरिया ने पत्र लिखकर उनका धन्यवाद किया। उसके कुछ ही माह बाद रानी विक्टोरिया से उनकी मुलाकात हुई। उनके सुझावों के आधार पर ही वहां सैन्य चिकित्सा प्रणाली में बड़े पैमाने पर सुधार संभव हुआ और वर्ष 1858 में रॉयल कमीशन की स्थापना हुई। उसके बाद ही अस्पतालों की सफाई व्यवस्था पर ध्यान देना, सैनिकों को बेहतर खाना, कपड़े और देखभाल की सुविधा मुहैया कराना तथा सेना द्वारा डॉक्टरों को प्रशिक्षण देने जैसे कार्यों की शुरूआत हुई। सेवाभाव से किए गए फ्लोरेंस नाइटिंगेल के कार्यों ने नर्सिंग व्यवसाय का चेहरा ही बदल दिया था, जिसके लिए उन्हें रेडक्रॉस की अंतरराष्ट्रीय समिति द्वारा सम्मानित किया गया।

मरीजों, गरीबों और पीड़ितों के प्रति फ्लोरेंस की सेवा भावना को देखते हुए ही नर्सिंग को उसके बाद महिलाओं के लिए सम्मानजनक पेशा माना जाने लगा और उनकी प्रेरणा से ही नर्सिंग क्षेत्र में महिलाओं को आने की प्रेरणा मिली। फ्लोरेंस के अथक प्रयासों के कारण ही रोगियों की देखभाल तथा अस्पताल में स्वच्छता के मानकों में अपेक्षित सुधार हुआ। 90 वर्ष की आयु में 13 अगस्त 1910 को फ्लोरेंस नाइटिंगेल का निधन हो गया, जिनकी कब्र सेंट मार्गरेट गिरजाघर के प्रांगण में है। उनके सम्मान में ही उनके जन्मदिवस 12 मई को 'अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस' के रूप में मनाए जाने की शुरूआत की गई।

## सरोकार

# महात्मा बुद्धः दया, करुणा व मानवता के पक्षधर

हर साल वैशाख मास की पूर्णिमा को 'बुद्ध पूर्णिमा' के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष बुद्ध पूर्णिमा 12 मई को मनाई जा रही है। माना जाता है कि 563 ई.पू. वैशाख पूर्णिमा के ही दिन लुम्बनी वन में शाल के दो वृक्षों के बीच गौतम बुद्ध का जन्म हुआ था, जिन्होंने वैशाख पूर्णिमा को ही बोध गया में बोधि वृक्ष के नीचे बुद्धत्व प्राप्त किया था। यही कारण है कि बौद्ध धर्म में बुद्ध पूर्णिमा को सबसे पवित्र दिन माना गया है।

गौतम बुद्ध का वास्तविक नाम सिद्धार्थ गौतम था। गौतम उनका गोत्र था, किन्तु कालांतर में वह सिद्धार्थ गौतम, महात्मा बुद्ध, भगवान बुद्ध, गौतम बुद्ध, तथागत आदि विभिन्न नामों से जाने गए। बचपन से ही राजकुमार सिद्धार्थ घंटों एकांत में बैठकर ध्यान किया करते थे, लेकिन फिर भी उन्होंने पुत्र जन्म तक सांसारिक सुखों का उपभोग किया,परन्तु धीरे-धीरे उनका मन सांसारिक सुखों से उचाट होता गया।

सिद्धार्थ मन की शांति पाने के उद्देश्य से एक दिन भ्रमण के लिए अपने सारथी छेदक को साथ लेकर रथ में सवार हो महल से निकल पड़े। रास्ते में उनका मनुष्य की दुःख की चार घटनाओं से साक्षात्कार हुआ। जब उन्होंने दुःख के इन कारणों को जाना तो मोहमाया और ममता का परित्याग कर पूर्ण संन्यासी बन गए। सबसे पहले उन्होंने मार्ग में एक रोगी व्यक्ति को देखा और सारथी से पूछा कि यह प्राणी कौन है और इसकी यह कैसी दशा है। सारथी ने बताया,'यह एक मनुष्य है और इस समय यह बीमार है। इस दुनिया में हर व्यक्ति को अपने जीवन में कभी न कभी रोगी होकर दुःखों का सामना करना ही पड़ता है।' आगे बढ़ने पर



सिद्धार्थ ने मार्ग से गुजरते एक वृद्ध,निर्बल व कृशकाय व्यक्ति और उसके बाद एक मृत व्यक्ति की अर्थी ले जाते विलाप करते लोगों को देखा तो हर बार सारथी से उसके बारे में पूछा। सारथी ने एक-एक कर उन्हें मनुष्य की इन चारों अवस्थाओं के बारे में बताया कि हर व्यक्ति को कभी न कभी बीमार होकर कष्ट झेलने पड़ते हैं।

बुढ़ापे में काफी दुःख झेलने पड़ते हैं,उस अवस्था में मनुष्य दुर्बल व कृशकाय होकर चलने-फिरने में भी कठिनाई महसूस करने लगता है और आखिर में उसकी मृत्यु हो जाती है। सिद्धार्थ यह रहस्य जानकर बहुत दुःखी हुए। आगे उन्हें एक साधु नजर आया,जो बिल्कुल शांतचित्त था। साधु को देख सिद्धार्थ के मन को अपार शांति मिली और उन्होंने विचार किया कि साधु जीवन से ही मानव जीवन के इन दुखों से मुक्ति संभव है। बस फिर क्या था, देखते ही देखते सिद्धार्थ सांसारिक मोहमाया के जाल से बाहर निकल कर पूर्ण वैरागी बन गए और एक दिन रात्रि के समय पत्नी यशोधरा तथा पुत्र राहुल को गहरी नींद में सोता छोड़ उन्होंने घर-परिवार और राजसी सुखों का परित्याग कर दिया तथा सत्य एवं ज्ञान की खोज में एक स्थान से दूसरे स्थान पर भटकते रहे।

उन्होंने छह वर्षों तक जंगलों में कठिन तप किया और सूखकर कांटा हो गए, किन्तु ज्ञान की प्राप्ति न हो सकी। उसके बाद उन्होंने शारीरिक स्वास्थ्य व मानसिक शक्ति प्राप्त की और बोधगया में एक पीपल के वृक्ष के नीचे बैठकर गहन चिंतन में लीन हो गए। मन में दृढ़ निश्चय कर लिया कि इस बार ज्ञान प्राप्त किए बिना वे यहां से नहीं उठेंगे।

सात सप्ताह के गहन चिंतन-मनन के बाद वैशाख मास की पूर्णिमा को 528 ई.पू. सूर्योदय से कुछ पहले उनकी बोधदृष्टि जागृत हो गई और उन्हें पूर्ण ज्ञान की प्राप्ति हो गई। उनके चारों ओर एक अलौकिक आभा मंडल दिखाई देने लगा। उनके पांच शिष्यों ने जब यह अनुपम दृश्य देखा तो उन्होंने ही राजकुमार सिद्धार्थ को पहली बार 'तथागत' कहकर संबोधित किया। 'तथागत' यानी सत्य के ज्ञान की पूर्ण प्राप्ति करने वाला। पीपल के जिस वृक्ष के नीचे बैठकर सिद्धार्थ ने बुद्धत्व प्राप्त किया,वह वृक्ष 'बोधिवृक्ष' कहलाया और वह स्थान, जहां उन्होंने यह ज्ञान प्राप्त किया, बोधगया के नाम से विख्यात हुआ तथा बुद्धत्व प्राप्त करने के बाद ही सिद्धार्थ को 'महात्मा बुद्ध' कहा गया। महात्मा बुद्ध मन की साधना को ही सबसे बड़ी साधना मानते थे। अपने 80 वर्षीय जीवनकाल के अंतिम 45 वर्षों में उन्होंने दुनिया भर में घूम-घूमकर बौद्ध धर्म का प्रचार किया और लोगों को उपदेश दिए।

# अब अंदरूनी लड़ाई में फंसा पाकिस्तान



भारत-पाकिस्तान के बीच 10 मई की शाम 5 बजे से शुरू सीजफायर दुनिया में तनाव कम होने की तरह देखा जायेगा। इसके विपरीत खुद पाकिस्तान में ऐसा नहीं है। इसे उसी रात पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के देश के नाम संबोधन से समझा जा सकता है। शहबाज ने अमेरिका, चीन, सऊदी अरब और तुर्की जैसे देशों को सहयोग अथवा सीजफायर में मदद के लिए शुक्रिया कहा। गौर करने लायक है कि पाकिस्तानी प्रधानमंत्री ने जनरल मुनीर के लिए भी ऐसा ही शुक्रिया करने के साथ एक कटु बात भी जोड़ दी। वह कठोर तथ्य यह है कि शहबाज ने परोक्ष रूप से मान लिया कि भारत के हमलों से पाकिस्तान को बहुत अधिक नुकसान पहुंचा है। सही मायनों में अब इस नुकसान की जिम्मेदारी तय करने का समय शुरू हो गया है।

पीएम शहबाज के कई देशों और अपने सहयोगियों के लगातार धन्यवाद करते जाने के बीच दुनियाभर के कूटनीतिक विशेषज्ञ सांस रोके भाषण खत्म होने का इंतजार कर रहे थे।

उन्हें थोड़ी देर के लिए शायद यह लगा कि शहबाज अपनी कुर्सी छोड़ने जा रहे हैं। लगा कि सीजफायर होते ही शहबाज को विदा करने की योजना बन चुकी है। ऐसा नहीं हुआ। उसके बाद अब शहबाज शरीफ की चाल की चर्चा शुरू हो गयी है। पाकिस्तानी हुक्मरान ही नहीं,आम लोगों को भी पता है कि भारत-पाक के मध्य हर युद्ध अथवा संघर्ष में पाकिस्तान की बदहाली के लिए किसी के सिर ठीकरा फोड़ने की परंपरा रही है। आमतौर पर इसमें राजनेताओं के बजाय सैन्य अधिकारी हावी होते रहे हैं। फिलहाल स्थिति अलग लग रही है। शहबाज ने संघर्ष में भारत की मजबूती और पाकिस्तान की बर्बादी का जिक्र कर फिलहाल इसकी जिम्मेदारी सेना पर डालने की कोशिश की है। ऐसे में सेना और सरकार के बीच अघोषित संघर्ष शुरू हो चुका है।

इस तरह का ताजा मामला वर्ष 1999 के कारगिल युद्द का है,तब भी कुछ ऐसा ही हुआ था। कहते हैं कि जनरल परवेज मुशर्रफ ने प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को विश्वास में लिए बिना कारगिल,द्रास और बटालिक की चोटियों पर कारर्वाई शुरू कर दी थी। जब इन जगहों पर पाकिस्तानी सेना हार गई तो जनरल मुशर्रफ ने पीएम नवाज को आगे कर दिया। बाद में तख्तापलट की कहानी लंबी हो जायेगी।

पाकिस्तान के वर्तमान प्रधानमंत्री को इसका अंदाजा है। तभी उन्होंने जिम्मेदारी के लिए जनरल मुनीर को आगे करने की कोशिश की है। ऐसा करना उन्हें इसलिए भी जरूरी लगा कि सीजफायर तो पड़ाव भर है। अभी भारत की ओर से सिंधु का पानी रोकना,दोनों देशों के बीच राजनयिक रिश्ते फिर से कायम करने के साथ भारत-पाकिस्तान के बीच व्यापारिक रिश्ते बहाल करने जैसे बड़े काम बाकी हैं। स्वाभाविक रूप से इसके लिए पाकिस्तानी राजनेताओं को ही आगे आना होगा। भारत का लोकतांत्रिक नेतृत्व भी सैन्य शासक की जगह पाकिस्तानी राजनेताओं को ही प्राथमिकता देगा।

पाकिस्तान स्वयं इस हार के दंश से किस तरह बाहर निकलेगा,यह समझने के लिए कुछ समय लगेगा। फिलहाल,पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल मुनीर पर आम पाकिस्तानियों का गुस्सा फूटने लगा है। पाकिस्तान के बुद्धिजीवी खुलेआम पाकिस्तान आर्मी चीफ के अप्रैल में दिए बयान को याद कर रहे हैं। जनरल मुनीर ने अपने उस बयान में हिंदुओं और मुसलमानों को एक-दूसरे से अलग बताया था।

पाकिस्तानी प्रोफेसर डॉ.इश्तियाक अहमद ने कहा है कि तत्कालीन सेना प्रमुख जनरल बाजवा के कार्यकाल में पाकिस्तान में शांति रही। आसिम मुनीर ने इस बात की चिंता नहीं कि मुसलमानों की एक तिहाई आबादी भारत में ही रहती है।

मुनीर ने इस भावना को भड़काया कि हिंदुओं और मुसलमानों में कुछ भी एक जैसा नहीं है। बहरहाल,प्रो. इश्तियाक का बयान एक उदाहरण भर है। यह आगाज है,अंजाम क्या होगा,इसे जानने के लिए इंतजार तो करना ही पड़ेगा।

## नजरिया

# हेराम यह कैसा संघर्ष विराम

संघर्ष विराम की घोषणा के बाद पाकिस्तानी सेना जो दुसाहस दिखा रही है वह पूरी दुनिया देख रही है। यह पहला अवसर नही इस तरह की वायदा खिलाफी और सहमति को पाकिस्तान कई बार नकार चुका है। संघर्ष विराम समझौते के कुछ ही घंटों बाद, जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने संघर्ष विराम समझौते पर सवाल उठाए, क्योंकि शनिवार शाम श्रीनगर में जोरदार धमाकों की आवाजें गूंज उठीं।अब्दुल्ला ने एक्स पर लिखा, संघर्ष विराम को आखिर क्या हो गया ? श्रीनगर में धमाकों की आवाजें सुनी गईं। यह कोई संघर्ष विराम नहीं है।

श्रीनगर के बीच में हवाई रक्षा इकाइयों ने अचानक गोलीबारी शुरू कर दी। यहा भारत सरकार को भारत पाक के बीच अमरीका की कूटनीति और व्यापारनीति को भी समझना होगा। अमरीका के लाख प्रयास के बाद भी रूस द्वारा यूक्रेन खिलाफयुद्ध विराम ना करना भारत के लिए एक बड़ा संकेत है। यहाॅ अमरीका की कूट और व्यापार नीति को उजागर करने वाली दिसंबर 2024 के संघर्ष सूचकांक की रपट बताती है कि पिछले पांच वर्षों में, संघर्ष का स्तर लगभग दोगुना हो गया है। यह काफी हद तक उस समय के दौरान शुरू होने या फिर से शुरू होने वाले तीन बहुत बड़े संघर्षो यूक्रेन, गाजा और म्यांमा के कारण है। साथ ही सूडान, मैक्सिको, यमन और साहेल देशों सहित संघर्ष की उच्च दर वाले कई अन्य देशों में जारी हिंसा के कारण है। गाजा में इन हताहतों में कम से कम 21.5 फीसद का योगदान था। एमईएन क्षेत्र में मौत में 315 फीसद की वृद्धि हुई।गाजा और यूक्रेन में अमेरिका की गहरी संलिप्तता है। अमेरिका अक्सर अपने प्रमुख संपयों को भी बुद्ध के रूप में वर्गीकृत नहीं करता है, जिनमें हर साल कम से कम 1,000 मौत होती हैं। इराक, अफग़ानिस्तान, फारस की खाड़ी, कोरिया, वियतनाम के बड़े संघर्ष युद्ध के रूप में वर्गीकृत होने से बच गए हैं।जानकारों को आशंका है कि 2025 में इजराइल, गाजा, वेस्ट बैंक, लेबनान, ईरान, इराक, सीरिया, यमन, म्यांमा, मैक्सिको, बुर्किना फासो, माली, नाइजर, सूडान, यूक्रेन, कोलविया, पाकिस्तान रवांडा, डेमोक्रेटिक रिपब्लिक आफ कांगो, युगांडा और बुरुंडी में हालात और खराब हो जाएंगे। अमेरिका ने इनमें से कई देशों को पहले ही उकसाया है। 2022 में अमेरिका ने अकेले यूक्रेन को 18.1 अरब डालर के हथियार दिए। 2023 में यह बढ़कर 80.9 अरब डालर हो गया। दुनिया भर में बिक्री 238 अरब डालर की थी, जिसमें से 81 अरब डालर के लिए अमेरिकी सरकार ने सीधे बातचीत की, जो 2022 से 56 फीसद की वृद्धि है। 2023 में अमेरिका ने इजराइल को 21.2 अरब डालर दिए 2024 में यह बढ़कर 42.76 अरब डालर हो गया। यानि की अमरीका अपनी चौधराहट बहाल रखने के लिए किसी भी हद तक जा सकता है। पाकिस्तान संघर्ष विराम के लिए विवश तो हुआ, लेकिन शायद आसानी से सुधरने के लिए तैयार नहीं है। यह इससे स्पष्ट है कि उसने संघर्ष विराम को कुछ ही घंटों के अंदर तोड़ने की हिमाकत की। भारत ने उसके एयर डिफेंस सिस्टम की धज्जियां उड़ाकर जिस तरह उसके प्रमुख एयरबेस ध्वस्त किए, उसके बाद उसके सामने और अधिक तबाही एवं शर्मिंदगी झेलने के अलावा और कोई चारा नहीं रह गया था।कहना कठिन है कि क्या इससे बचने के लिए उसने संघर्ष विराम तोड़ा या फिर धोखेबाजी की अपनी आदत के चलते? जिसे संघर्ष विराम कहा जा रहा, उसे ऐसा सीमित युद्ध कहा जाना चाहिए, जिसमें भारत कोई रियायत बरतने के लिए तैयार नहीं था। यह ठीक है कि सैन्य टकराव रोकने की घोषणा अमेरिकी राष्ट्रपति ने की, लेकिन इसका मूल कारण तो भारत का यह संकल्प रहा कि इस बार पाकिस्तान को छोड़ना नहीं है। भारत ने संघर्ष विराम केवल सैन्य टकराव रोकने तक सीमित रखकर बिल्कुल सही किया।पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान को सही रास्ते पर लाने के लिए उसके खिलाफ सिंधु जल समझौते स्थगित करने जैसे जो कठोर फैसले लिए, वे यथावत रहेंगे। ये रहने भी चाहिए, क्योंकि धोखा देना पाकिस्तान की पुरानी आदत है। संघर्ष विराम की घोषणा के चंद घंटों के भीतर पाकिस्तान की हरकत क्या लगता है कि वह भारत में आतंक फैलाने से बाज आएगा। भारत को यह सुनिश्चित करना होगा कि पाकिस्तानी सेना आतंक का सहारा लेना बंद करे। इसका पता तब चलेगा, जब पाकिस्तानी सेना आतंकियों की फौज तैयार करना बंद करेगी। पाकिस्तान की हरकतों को देखते हुए यह आसान नहीं दिखता, लेकिन भारत का लक्ष्य यही होना चाहिए कि वह सिर न उठाने पाए। यह उससे बातचीत करने से संभव नहीं। यह तो तभी संभव है, जब भारत उसके प्रति वैसी ही कठोरता दिखाता रहेगा, जैसे उसने आपरेशन सिंदूर के दौरान दिखाई।पाकिस्तान संघर्ष विराम के लिए विवश तो हुआ, लेकिन शायद आसानी से सुधरने के लिए तैयार नहीं है। भारत के प्रति नफरत के चलते पाकिस्तानी सेना और सरकार यह समझने को तैयार नहीं कि वह अपने देश को तबाही की ओर ले जा रही है। वहां की जनता एक वर्ग अवश्य यह महसूस कर रहा था और इसीलिए वह आसिम मुनीर को कठघरे में खड़ा कर रहा। वह उन्हें एक जिहादी जनरल के रूप में देख रहा है। पाकिस्तान के सत्ताधारी नेता अपनी सेना की कठपुतली बनने के कारण साख गंवा चुके थे। उसका विश्व के प्रमुख देशों ने साथ नहीं दिया। इससे भी उसके हौसले पस्त हुए, लेकिन शायद धोखेबाजी की उसकी आदत इतनी जल्दी नहीं छूटेगी। भारत की ओर से पाकिस्तान को अब अंतिम चेतावनी दिया जाना जरूरी थी कि यदि भविष्य में कोई आतंकी हमला होता है तो यह युद्ध की घोषणा मानी जाएगी। भारत को अपनी इस नई नीति पर अमल करने की तैयारी रखनी चाहिए, क्योंकि लातों के भूत बातों से नहीं मानते और पाकिस्तान का तो रिकार्ड ही है धोखा देना।


स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक सीमा सिंह द्वारा प्वांइट ऑफसेट, 86/98 कुर्मी टोला गुरुगोविन्द्र सिंह मार्ग, लालकुआं, लखनऊ-226018 से मुद्रित एवं पहाड़पुर, पोस्ट बंथरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक-पंकज सिंह मो-9415067370 आरएनआई - UPHIN/2016/74800 मेल आईडी-karnvaninews@gmail.com website : karnvaninews.com (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।)

## संक्षिप्त खबरें

### नवागत एसडीएम के साथ वकीलों की परिचयात्मक बैठक

**रामनगर।** नवागत एस डी एम विवेक शील यादव के साथ अधिवक्ताओं की परिचयात्मक बैठक हुई जिसमें बार बेंच में सामंजस्य बनाकर कार्य करने पर चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता तहसील बार अध्यक्ष अनिल दीक्षित ने जब कि संचालन महामंत्री सुरेश मिश्रा ने किया। सभी अधिवक्ताओं ने अपना परिचय दिया जिसके बाद महामंत्री द्वारा तहसील की कई समस्याओ पर चर्चा की। एस डी एम ने कहा कि तहसील की सभी समस्याओ का समाधान होगा। बैठक में सभी अधिवक्ता मौजूद रहे।

### थाल खुर्द गौ शाला का निरीक्षण कर बीडीओ ने सचिव को फटकार लगाई

**रामनगर।** खंड विकास अधिकारी जितेंद्र कुमार ने ग्राम पंचायत थाल कला में संचालित गौ आश्रय स्थल का औचक निरीक्षण किया व गंदगी मिलने पर कड़ी केयर टेकरों को फटकार लगाई और अपने सामने खड़े होकर सफाई करवाया उन्होने बीमार पशुओं के इलाज के लिए मौके पर ही फोन कर चिकित्सक को बुलाकर उपचार कराया। गौशाला का भ्रमण कर साफ सफाई, पेयजल, चोकर भूसा हरे चारे की उपलब्धता आदि का जायजा लिया तथा नर मादा तथा नवजात पशुओं के अलग-अलग रखने के निर्देश दिए ।पशुओं के लिए अतिरिक्त चरही बनाने को कहा। निरीक्षण के दौरान साफ सफाई संतोषजनक नहीं मिली जिस पर बी डी ओ ने उपस्थित केयरटेकरो को कड़ी फटकार लगाई अपने सामने मौजूद रहकर पूरे गौशाला में सफाई करवायी तथा नियमित रूप से सफाई करवाने के लिए निर्देशित किया। दिन में लाइट न आने से पानी की समस्या को देखते हुए पास के बने पानी की टैंक से ड्रमों में भरवा कर पशुओं को पिलवाया साथ ही एक ओर पानी का टैंक व चरही बनाने के भी निर्देश दिए।निर्माण धीन भूसा भंडार एवं टीन शेड कार्य अति शीघ्र पूर्ण कराए जाने को कहा।बी डी ओ ने नाराजगी जागते हुए पंचायत सचिव को सभी व्यवस्थाएं चुस्त दुरुस्त कर नियमित गौशाला का भ्रमण करने तथा सफाई व्यवस्था सुनिश्चित रखने के निर्देश दिए। इसके अलावा ग्राम पंचायत उटखरा के चांदपुर में बन रहे नालें का अवलोकन कर कार्य की गुणवत्ता देखीं।

### ई रिक्शा से बनी रहती जाम की समस्या

**रामनगर।** इलाके में ई रिक्शा और ऑटो मानक को ताख पर रखकर गलियो व लिंक मार्गो के बजाय मेन हाइवे पर भी सवारी बैठाकर निकलते है जिनको कोई रोकता नहीं है। रामनगर हाइवे पर बेतरतीब खड़े ई रिक्सा व ऑटो जाम की समस्या भी पैदा करते हैं। सूरतगंज,सुंधियामऊ,महादेवा सहित सभी सड़को पर तमाम ऑटो व ई रिक्शा सवारी भरकर चलते दिखाई देते हैं। हाइवे पर तो इन्हे बिल्कुल नहीं चलना चाहिए मगर सवारी बिठाकर धडल्ले से निकलते दिखते हैं। मेन रोड पर बड़े बड़े वाहनो के निकलते रहने से इन्हें खतरा भी रह्ता है लेकिन इनको आर टी ओ भी नहीं बंद करते। हर जगह सवारी बैठाए ई रिक्शा धडल्ले से निकलते देखे जा रहे हैं।

### बड़ी बाजार रोड कई जगह से उखड़ी, राहगीर परेशान

**रामनगर।** थाने के सामने से निकली बड़ी बाजार रोड कई जगह उखड़ी है। इस मार्ग पर कुछ स्थानों पर पैच बनाए गए थे मगर वे टिकाऊ नही रहे और जगह जगह रास्ता जर्जर बना हुआ है। उक्त मार्ग को थाना मोड़ से लेकर राशन दुकान तक नगर पंचायत ने अपनी सीमा में तीन साल पहले डामर बनवाया था। इसके आगे हनुमान मंदिर , बड़ी बाजार होकर हाइवे तक जाने वाला पक्का डामर रोड लोक निर्माण विभाग निर्माण खंड एक के जिम्मे है जो बनाया नही गया ।यहां कई जगह सड़क उखड़ी पड़ी हुई है। विभाग ने गड्ढा भरवाने के लिए पैच बनवाए थे मगर वे टिक नहीं सके। सड़क पूरी रीनिवल योग्य है जिसकी उपेक्षा की जा रही है।यही सड़क लोधेश्वर महादेवा मंदिर को भी जोड़ती है जिस पर चलकर प्रत्येक सोमवार तमाम भक्त मंदिर जाते है। सड़क की मरम्मत बहुत जरूरी बताई जा रही लेकिन विभाग चुप्पी साधे है। कस्बे के लोग इसी रास्ते से लोधेश्वर महादेवा मंदिर पूजा अर्चना करने जाते हैं जिससे यह सड़क दुरुस्त होना बहुत जरूरी है। लोग उखड़ रही सड़क से परेशान हैं।

### ब्लॉक दिवस में मिली तीन शिकायतें




**मसौली बाराबंकी।** विकास खण्ड मसौली के सभागार में खण्ड विकास अधिकारी सन्दीप श्रीवास्तव की अध्यक्षता में बुधवार को आयोजित समाधान दिवस में के मौके पर तीन शिकायते प्राप्त हुई। जिसके निस्तारण के लिए सम्बंधित पंचायत सचिव को निर्देशित किया गया। आयोजित समाधान में खण्ड विकास अधिकारी सन्दीप श्रीवास्तव के समक्ष ग्राम पंचायत बांसा निवासी अबूसुफियान पुत्र हाफिज जमील ने मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए, ग्राम पंचायत बेहटा निवासी राधेश्याम पुत्र रधुनन्दन ने जन्म प्रमाण के लिए, ग्राम पंचायत अम्बौर मजरे जवाहरपुर निवासी हिमांशु ने परिवार रजिस्टर की नकल के लिए प्रार्थना पत्र दिया। ग्राम पंचायत बरियार पुर निवासी सतनाम वर्मा ने परिवार रजिस्टर की नकल में नाम अंकित करने के लिए। ग्राम पंचायत अम्बौर के निवासी दिलीप कुमार ने परिवार रजिस्टर की नकल में नाम संशोधन के लिए प्रार्थना दिया,जिस पर खण्ड विकास अधिकारी सन्दीप श्रीवास्तव ने सम्बंधित पंचायत सचिव को नकल जारी करने के निर्देश दिए। इस मौके पर एडीओ कोऑपरेटिव खुशबू राय, एडीओ पंचायत जानकी राम,संजीव कुमार, आकिब जमाल, रामप्रताप वर्मा प्रताप नारायण, महेश प्रताप सिंह, उत्तम वर्मा, अजय वर्मा, वन्दना पाल, सुधाकर सिंह, कमल किशोर सहित लोग मौजूद थे।

### विधिविधान के साथ हुंआ शिव विवाह का आयोजन



**अमेठी।** जिले के इन्हौना रत्नेश्वर महादेव मंदिर पर चल रही शिव महापुराण की कथा के छठवें दिनसती के जीवन त्यागने के बाद भगवान शिव कुछ समय तक उदास रह रहे थे,और इस समय पसीने से मंगल की उत्पत्ति हुई,उसके बाद समस्त देवताओं ने आकर प्रार्थना की प्रभु तारकासुर के तांडव से हम सब परेशान हैं,इसलिए आप कृपा कर विवाह करें,और आपके विवाह करने के लिए हिमाचल राज के घर पार्वती जी प्रकट होकर आपकी तपस्या कर रही हैं,आप कृपा कर उन्हें आशीर्वाद दें,और विवाह संपन्न कर हम देवताओं पर कृपा करें,समस्त देवताओं के साथ भूत प्रेत यक्ष किन्नर गंधर्व शिवगण शिव जी के विवाह में सम्मिलित होकर पर्वतराज हिमाचल मां मैना सहित समस्त भक्तों को शिव ने दर्शन दिया,विवाह संपन्न हुआ विवाह की झलक देखकर रत्नेश्वर धाम में चल रही कथा के समस्त भक्त आनंदित होकर झूमने लगे।
उक्त अवसर पर सनवेली की प्रबंधिका,रानी जी उदय प्रताप सिंह,दिनेश सिंह पिंटू एडवोकेट उत्तम सिंह,दीपक श्रीवास्तव,सनत तिवारी आरएसएस, शिवकुमार,रामकृष्ण फौजी,पवन गुप्ता,श्री नारायण सन्नी,सुनील चौरसिया, राधेश्याम सीरीस गुप्ता,शिव लखन चौरसिया,भुलई त्रिवेदी रामकिशोर त्रिवेदी, बबलू, मुकेश श्रीवास्तव,सतगुरु गुप्ता,पंकज त्रिवेदी,सीताराम चौरसिया,ज्ञानेंद्र वर्मा, रामकिशोर यज्ञसैनी, के के गुप्ता, नन्नू गुप्ता,चंद कुमार गुप्ता सूरजमल गुप्ता, मनोज गुप्ता, सुशील मौर्य, रमेश शुक्ला,डॉ मलखान सिंह, प्रसांत सिंह, बेचूलाल गुप्ता, आदि सैकड़ो भक्त लोग उपस्थित रहे हैं।

# डीएम व एसपी की उपस्थिति में किया गया मॉक ड्रिल का आयोजन

**जनपद के कई स्थानों पर आपदा की स्थिति में बचाव के बारे में दी गई जानकारी**

करण वाणी



**अमेठी।** बुधवार को जनपद के विभिन्न स्थानों, अस्पतालों, औद्योगिक संस्थानों तथा रक्षा क्षेत्र के महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों पर आपदा के समय बचाव की स्थिति के सम्बन्ध में प्रशिक्षण एवं तैयारियों के आकलन के लिए मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी संजय चौहान व पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक की उपस्थिति में इंडोरामा इंडिया प्राइवेट लिमिटेड जगदीशपुर में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। जिसकी निगरानी जिला आपदा नियंत्रण कक्ष के द्वारा की गयी।
जनपद के समस्त 12 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं जिला अस्पताल में घायलों के राहत एवं बचाव के लिए मॉकड्रिल का आयोजन किया गया, जिसमें पुलिस एवं अन्य विभागों से प्राप्त सूचना के आधार पर एम्बुलेंस को भेजकर घायलों को निकतवर्ती सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं जिला अस्पताल में लाकर इलाज किया गया, जिसमें गम्भीर अवस्था में पाये गये लोगों को उच्च चिकित्सा के लिए अन्य जगह रेफर किया गया। रक्षा क्षेत्र के महत्वपूर्ण प्रतिष्ठान हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड में आपदा से बचाव हेतु मॉक अभ्यास कराया गया, जिसमें बिल्डिंग से लोगों के निकासी का अभ्यास किया गया। इसके अलावा जनपद के विभिन्न विद्यालयों में आत्मरक्षा एवं बचाव के लिए मॉकड्रिल का आयोजन किया गया जिसमें शिक्षकों द्वारा छात्रों को सम्भावित हवाई हमले, आग लगने की घटना तथा लोगों को बचाने एवं प्राथमिक चिकित्सा के बारे में जानकारी दी गयी। इस अभियान में स्कॉउट गाइड एवं रेड क्रॉस द्वारा योगदान दिया गया।

## बैंक मैनेजर पर रिश्वत मांगने का आरोप, एसडीएम से हुई शिकायत



करण वाणी

**रामनगर।** स्वयं सहायता समूह की ग्राम संगठन अध्यक्ष नचना लीलावती ने उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा रामनगर के मैनेजर पर रिश्वत मांगने का आरोप लगाते एस डी एम को शिकायती पत्र दिया है। पत्र में उसने कहा है कि वह ग्राम संगठन नचना की अध्यक्ष है जिसके खाते मे सरकार द्वारा समूहों को देने के लिए धन राशि भेजी जाती है जिसे समूहों के खाते में ट्रांसफर कर दिया जाता है। मौजूदा समय तीन लाख रुपया सरकार ने खाते में भेजा है जिसे समूहों को भेजा जाना है। वह जब बुधवार को बैंक की शाखा रामनगर गई तो वंहा मैनेजर ने कहा कि तुम्हारे पति के नाम केसीसी का ऋण है।
दस हजार दो तो उक्त धनराशि ट्रांसफर की जाएगी। शिकायत कर्ता का आरोप है कि उसने कहा कि वह के सी सी पहले उसके ससुर के नाम बना था जिनकी मृत्यु बाद उसके पति के नाम हो गया है।उसका इससे क्या वास्ता।यह सरकारी धन है जो समूहों को जाएगा मगर तब भी मैनेजर नहीं माने और भगा दिया। एस डी एम ने इस पर बैंक मैनेजर से आख्या मांगी है।

### प्रदेश स्तर की रैंकिंग में, शिकायतों के निस्तारण में जनपद को मिला तृतीय स्थान

**अमेठी।** आइजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में जनपद अमेठी को प्रदेश में तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है। प्रदेश स्तर से माह अप्रैल 2025 की जारी रैंकिंग में जनपद अमेठी को प्रदेश में तीसरा स्थान मिला है, जनपद को यह सफलता जिलाधिकारी संजय चौहान के कुशल निर्देशन एवं मार्गदर्शन से प्राप्त हुई है जिलाधिकारी द्वारा आइजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों की नियमित समीक्षा की जा रही है तथा अधिकारियों को शिकायतों के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण को लेकर कड़े निर्देश दिए गए हैं। जिलाधिकारी की सतत निगरानी एवं उनके अथक प्रयास से जनपद को यह सफलता प्राप्त हुई है जिलाधिकारी द्वारा जनसुनवाई के दौरान भी शिकायतों को गंभीरता पूर्वक सुनकर तत्काल उनके निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया जाता है। शिकायतों के निस्तारण में जनपद को तृतीय स्थान आने पर जिलाधिकारी ने अधिकारियों, कर्मचारियों व आइजीआरएस टीम को बधाई दी है।

## आपात कालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए आम जन को किया गया जागरूक



करण वाणी

**रामनगर।** कस्बे में स्थानीय प्रशासन द्वारा लोगों को आपात कालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए जागरूक किया गया।
तहसील मोड़ पर एस डी एम विवेक शील यादव,सी ओ गरिमा पंत व कोतवाल अनिल कुमार पांडेय ने उपस्थित लोगों को बताया कि जब सायरन बजे तो घबराए नहीं अपितु सुरक्षित स्थान पर रहे।घर की बिजली बंद कर दें व पर्दे लगा दें। अफवाहों पर ध्यान न दे। मोबाइल अनावश्यक न चलाए व टार्च तथा रेडियो मोमबत्ती साथ रखें। सभी अधिकारियो ने चौराहे तज पैदल मार्च भी किया। इस अवसर पर तहसील के लेखपाल अजय सिंह, अजय पाठक,संतोष कुमार, गुरुशरण, कानून गो ओम प्रकाश, कस्बा इंचार्ज अखिलेश कुमार, एस एस आई पी के यादव , सभासद शुभम जायसवाल,डा सलीम, इंद्र मणि उपाध्याय, संजय मौर्या आदि तमाम लोग मौजूद रहे।

## अभय प्रताप बने ब्लॉक अध्यक्ष, अश्वनी पांडे संरक्षक



करण वाणी

**बाराबंकी।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई हैदरगढ़ की बैठक उच्च प्राथमिक विद्यालय कमेला के प्रांगण में आयोजित की गई। मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सर्वसम्मति से पूर्व माध्यमिक विद्यालय सीटूमऊ के अध्यापक अश्विनी कुमार पांडे को संरक्षक एवं प्राथमिक विद्यालय पट्टी में कार्यरत अभय प्रताप को ब्लॉक अध्यक्ष मनोनीत किया गया । जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह ने ब्लॉक अध्यक्ष अभय प्रताप को मनोनयन पत्र प्रदान किया। उमेश अवस्थी को वरिष्ठ उपाध्यक्ष विशाल शर्मा एवं सुधीर शुक्ला को उपाध्यक्ष, जितेंद्र को कोषाध्यक्ष, धर्मेंद्र को संगठन मंत्री, आशीष ,राहुल विश्वकर्मा को मंत्री ,अखिलेश कुमार को मीडिया प्रभारी ,शेर बहादुर यादव को आईटी सेल प्रभारी, अभिजीत सिंह को मंत्री पद पर मनोनीत किया गया। अभिषेक सिंह ने समस्त नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए सदैव शिक्षा एवं शिक्षक हित में प्रयासरत रहने को कहा। वरिष्ठ शिक्षक प्रदीप मिश्रा ने संगठन के दायित्वों पर प्रकाश डालते हुए शिक्षकों की समस्याओं के निराकरण पर अपना शत प्रतिशत सहयोग करने का आव्हान किया। इस अवसर पर जिला मीडिया प्रभारी सौरभ वर्मा, जिला आई टी सेल प्रभारी सचिन वर्मा, ब्लॉक सिरौलीगौसपुर महामंत्री आशुतोष वर्मा, जिला प्रचार मंत्री मो0खालिद अंसारी सहित अनेक शिक्षक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## अभियुक्तों को 06 माह के लिए किया जिला बदर

करण वाणी

**अमेठी।** जिन व्यक्तियों का आस-पास के क्षेत्रों में आतंक व भय व्याप्त है और उनके विरूद्ध कोई भी व्यक्ति कुछ बोलने अथवा साक्ष्य देने का साहस नही करता है, ऐसे व्यक्तियों के विरूद्ध कड़ा रूख अपनाते हुये अपर जिला मजिस्ट्रेट (वि0/रा0) अर्पित गुप्ता ने गुण्डा नियंत्रण अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुये उन्हें जनपद की सीमा से 06 माह के लिये निष्कासित कर दिया है।
अपर जिला मजिस्ट्रेट ने जिन 04 अभियुक्तों को जिला बदर किया है उनमें जनपद के अभियुक्त मशरूर अहमद उर्फ बब्बू पुत्र मकबूल अहमद निवासी ग्राम बख्तावरनगर थाना बाजार शुकुल को आदेशित तिथि 21 अप्रैल 2025 से व अभियुक्त सत्यम सिंह पुत्र स्व0 रामराज सिंह निवासी ग्राम दिछौली थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक एवं अभियुक्त सुमित सिंह पुत्र शिव कुमार सिंह निवासी ग्राम जनापुर थाना जामों तथा अभियुक्त देवेन्द्र कौशल उर्फ राजन पुत्र कंचन लाल कौशल निवासी ग्राम पूरब गॉव थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक के नाम शामिल हैं, को आदेशित तिथि 29 अप्रैल 2025 से 06 माह की अवधि के लिए जनपद की सीमा से निष्कासित (जिला बदर) किया गया है। इसके साथ ही जिला मजिस्ट्रेट अमेठी ने विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय गुण्डा तत्व एवं आपराधिक कार्य में संलिप्त लोगों से सख्ती से निपटने के निर्देश दिए हैं, जनपद के किसी भी थाना क्षेत्र के अन्तर्गत कोई भी असामाजिक तत्वों द्वारा यदि लोकशांति व लोक सुरक्षा को भंग करने का प्रयास किया जाएगा तो उसके विरुद्ध तत्काल निरोधात्मक कार्यवाही किए जाने हेतु पुलिस को कड़े निर्देश दिए गए हैं।

## पांच अपराधी पुलिस की गिरफ्त में

करण वाणी



**अमेठी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ के लिए चलाये जा रहे अभियान में 07.05.2025 को क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह के नेतृत्व में थाना कमरौली पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 73/25 में नामजद/प्रकाश में आये 05 अभियुक्त 1.रईस अहमद पुत्र मान खां उम्र करीब 38 वर्ष, 2.नसीर अहमद पुत्र एहसान अली उम्र करीब 50 वर्ष निवासीगण टेरा टण्डन का पुरवा थाना जैदपुर जनपद बाराबंकी को मगरौरा हाइवे के पास से 3.समशाद अहमद पुत्र सत्तार अहमद निवासी ग्राम वारिसनगर थाना फत्तेपुर जनपद बाराबंकी उम्र करीब 58 वर्ष, 4.सलमान पुत्र यासीन निवासी जगदीशपुर बिलौली थाना फत्तेपुर जनपद बाराबंकी उम्र करीब 31 वर्ष, 5.अब्बास पुत्र मुख्तार निवासी टेरा टण्डन का पुरवा थाना जैदपुरजनपद बाराबंकी उम्र करीब 52 वर्ष को गढ़ा मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया । तलाशी से रईस अहमद के कब्जे से 01तमंचा, 01 जिन्दा 315 बोर व 30,000/- रुपये, नसीर अहमद के कब्जे से 15,000/- रुपये, समशाद अहमद के कब्जे से 12,000/- रुपये, सलमान के कब्जे से 22,000/- रुपये एवं अब्बास के कब्जे से 17,000/- रुपये बरामद हुए । बरामद रुपये के बारे में पूछताछ करने पर अभियुक्तो नें बताया की दिनांक 27.03.2025 को हम लोगों ने मिलकर रिटायर्ड सहायक विकास अधिकारी निवासी ग्राम गुड़ियन का पुरवा मजरे कठौरा थाना कमरौली को डरा धमका कर अपनी मोटर साइकिल पर बैठाकर लखनऊ के पंजाब नेशनल बैंक शाखा नरही हजरतगंज से 6,00,000/- रुपये निकलवाकर हम लोगों ने आपस में बांट लिये थे । पास खड़ी दोनों मोटरसाइकिलों के संबंध में पूछने पर अभियुक्तों ने बताया कि यह वहीं मोटरसाइकिलें है जिन्हे हम घटना कारित करने में प्रयोग करते थे । आज हम लोगों के कब्जे से प्राप्त रुपये उसी में से बचा शेष है । गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना कमरौली पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गई ।

## मॉडर्न पब्लिक स्कूल के प्रबंधक ने मान्यता के प्रपत्र लगाए गलत

**बीघापुर उन्नाव।** विकास खंड क्षेत्र के गांव बेलहा दयालगंज में संचालित मॉडर्न पब्लिक स्कूल के प्रबंधक द्वारा मान्यता के प्रपत्र गलत लगाए जाने पर खंड शिक्षा अधिकारी ने एफआईआर दर्ज कराए जाने को बारा सगवर थाने में प्रार्थना पत्र दिया है। क्षेत्र के गांव बेलहा स्थित अनिल द्विवेदी मॉडर्न पब्लिक स्कूल के प्रबंधक शोभित कुमार द्वारा 23 दिसंबर 2024 को विद्यालय की मान्यता के लिए ऑनलाइन आवेदन किया था। जिसमें लगाए गए नक्शा व स्वीकृत पत्र एडी बेसिक कार्यालय की जांच में गलत पाए गए। बेसिक शिक्षा अधिकारी संगीता सिंह के निर्देश पर खंड शिक्षा अधिकारी शुचि गुप्ता ने थाने में कुटरचित अभिलेख बनाकर धोखाधड़ी करने को लेकर एफआईआर दर्ज कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया है। खंड शिक्षा अधिकारी शुचि गुप्ता ने बताया कि विद्यालय के प्रबंधक शोभित कुमार को तत्काल विद्यालय संचालन बंद करने के निर्देश दिए गए हैं।

## सभी अंत्योदय कार्ड धारकों का होगा सत्यापन

**सूची से मृतक होंगे बाहर, पात्रों को मिलेगा स्थान**

करण वाणी

**अमेठी।** शासन ने अंत्योदय कार्ड धारकों का सत्यापन कराने का आदेश दिया है। जिससे मृतक हुए लोगों का नाम सूची से काट कर पात्र लाभार्थियों को शामिल किया जा सके। इससे उन्हें भी सरकार की योजना का लाभ मिल सके। बीते दिनों प्रमुख सचिव ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए मंडलायुक्त, जिलाधिकारी व विभाग के अधिकारियों से बात करते हुए निर्देश दिया है।जिसके तहत जिले के सभी अन्त्योदय कार्ड धारकों का सत्यापन कराया जाएगा। सत्यापन में पाए गए अपात्र व मृतक व्यक्तियों के स्थान पर प्राथमिकता के आधार पर जीरो पावर्टी में चिन्हित परिवारों को अच्छादित किया जाएगा।
इसके अतिरिक्त अन्त्योदय परिवारों का आय प्रमाण पत्र प्राथमिकता पर बनवाने को कहा है। मुख्य सचिव द्वारा दिए गए निर्देश के तहत जिले में निम्न कार्यवाही की जाएगी। जिले में अन्त्योदय राशन कार्डों का वर्तमान लक्ष्य 70378 निर्धारित है, जिसके सापेक्ष वर्तमान में 69753 राशन कार्ड धारक अन्त्योदय योजना से आच्छादित हैं। इस प्रकार जिले में 625 अन्त्योदय राशन कार्ड वर्तमान में रिक्त चल रहे हैं। इसके अतिरिक्त विगत 05 माहों से जनपद में कुल 1419 अन्त्योदय राशन कार्डों पर किसी भी प्रकार के आवश्यक वस्तुओं का वितरण नहीं किया गया है।
जिसकी ग्राम पंचायतवार सूची जिला पूर्ति अधिकारी, अमेठी के द्वारा जिला पंचायत राज अधिकारी, अमेठी को उपलब्ध करायी जा चुकी है। उपजिलाधिकारी के स्तर पर टीम का गठन कर अन्त्योदय राशन कार्ड धारकों की पात्रता का सत्यापन कराया जाय तथा सत्यापन में अपात्र, मृतक,रिक्त स्थान पर खंड विकास अधिकारी के माध्यम से जीरो पावर्टी के अन्तर्गत चिन्हित पात्र परिवारों को प्राथमिकता देते हुए ग्राम पचांयतवार प्रस्ताव कराकर उपजिलाधिकारी कार्यालय को प्रेषित किया जाय। जिससे जिले में जीरो पॉवर्टी के अन्तर्गत चिन्हित पात्र परिवारों को प्राथमिकता के आधार पर अन्त्योदय राशनकार्ड से आच्छादित किया जा सके। जिले में जीरो पॉवर्टी के अन्तर्गत चिन्हित पात्र परिवारों के राशन कार्ड बनाये जाने हेतु सत्यापित आवेदन पत्र मय वांछित अभिलेख यथा-आय प्रमाण पत्र की छायाप्रति, आधार कार्ड की छायाप्रति आदि सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी के द्वारा पूर्ण कराकर सम्बन्धित तहसील स्तरीय कार्यालय में उपलब्ध कराया जाय।
जिससे ऐसे परिवारों को प्राथमिकता के आधार पर अन्त्योदय राशन कार्ड से आच्छादित किया जा सके। अन्त्योदय परिवारों को प्राथमिकता के आधार पर आय प्रमाण पत्र जारी किया जाना सम्बन्धित उपजिलाधिकारी के द्वारा सुनिश्चित किया जाय। प्रमुख सचिव ने सभी अधिकारियों कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि आदेश का अनुपालन कराना सुनिश्चित करें।

## आपातस्थिति से निपटने के लिए कलेक्ट्रेट परिसर में कन्ट्रोल रूम स्थापित

करण वाणी

**अमेठी।** अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) अर्पित गुप्ता ने बताया किआज 07 मई 2025 को प्रस्तावित गृह मंत्रालय, भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा नागरिक सुरक्षा अभ्यास एवं पूर्वाभ्यास कार्यकम के दृष्टिगत जनपद में जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण के अन्तर्गत तत्काल प्रभाव से कलेक्ट्रेट में कन्ट्रोल रूम स्थापित करते हुए अग्रिम आदेश तक के लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी 24×7 रोस्टर के अनुसार लगायी गयी है। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि उक्त परिसर में आपातकालीन स्थिति से निपटने हेतु स्थापित कन्ट्रोल रूम दूरभाष संख्या- 05368-244355 व मोबाइल नम्बर- 8395067102 पर सम्पर्क किया जा सकता है तथा जिसके अन्तर्गत कन्ट्रोल रूम प्रभारी डिप्टी कलेक्टर अमेठी मो0 पंकज कुमार मो0नं0-8793270193 एवं कन्ट्रोल रूम इंचार्ज सहायक चकबन्दी अधिकारी तिलोई अभिषेक यादव मो0नं0-8574382805 के साथ तैनात कर्मचारी पुलिस विभाग द्वारा नामित आरक्षी, सहायक अध्यापक प्र0पा0 गोपालपुर डीघा जामों वशिष्ठ पाण्डेय मो0नं0-9889755791, सहायक अध्यापक कम्पो0वि0 करपिया मुसाफिरखाना शिवेन्द्र प्रताप सिंह मो0नं0-8853788194, सफाई कर्मचारी सम्बद्ध नजारत कलेक्टेट अरविन्द तिवारी मो0नं0-7398696688 की ड्यूटी प्रातः 6 बजे से अपरान्ह् 2 बजे तक लगायी गयी है। इसी क्रम में उन्होंने बताया कि कन्ट्रोल रूम इंचार्ज नायब तहसीलदार भूलेख सुधीर श्रीवास्तव मो0नं0-9415121490 के साथ तैनात कर्मचारी पुलिस विभाग द्वारा नामित आरक्षी, सहायक अध्यापक कम्पो0वि0 गड़ेहरी तिलोई सन्दीप कुमार सिंह मो0नं0-7408732825, सहायक अध्यापक प्रा0वि0 चेतराखुर्द तिलोई सौरभ शुक्ला मो0नं0-8090087001, संग्रह अनुसेवक तहसील मुसाफिरखाना ओम प्रकाश तिवारी मो0नं0-9628003000 की ड्यूटी अपरान्ह् 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक तथा कन्ट्रोल रूम इंचार्ज सहायक चकबन्दी अधिकारी बाजार शुकुल जय शंकर पाण्डेय मो0नं0-6392825159 के साथ पुलिस विभाग द्वारा नामित आरक्षी, सहायक अध्यापक प्रा0वि0 शाहमऊ तिलोई शैलेष शुक्ला मो0नं0-9455760826, सहायक अध्यापक प्रा0वि0 शाहमऊ तिलोई अमित शुक्ला मो0नं0-8933842187, संग्रह अनुसेवक तहसील गौरीगंज अकबाद सईद मो0नं0-9565663242 की ड्यूटी रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक लगायी गयी है। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि उपरोक्तानुसार नामित समस्त अधिकारी व कर्मचारी ससमय ड्यूटी पर उपस्थित रहकर प्राप्त होने वाली शिकायतों/ समस्याओं/ सूचनाओं को पंजीकृत करते हुए सम्बन्धित विभाग/ अधिकारियों को सूचित करते हुए समुचित निस्तारण करना

# तहसील प्रशासन ने कब्जा किए चकमार्ग को कराया मुक्त



करण वाणी

**अलीगंज/एटा।** अलीगंज क्षेत्र मे अवैध कब्जों में घिरे चकमार्ग के कारण दिक्कत झेल रहे लोगो को राहत दिलाते हुए तहसील प्रशासन ने कब्जा हटवाने की कार्रवाई कर चेतावनी दी। इस करवाई से अवैध अतिक्रमणकारियों मे हड़कंप मच गया। अलीगंज क्षेत्र के गांव खरसेला में सरकारी चकमार्ग पर कुछ दबंग प्रवृत्ति के लोगों द्वारा अवैध ढंग में कब्जा जमाया हुआ था। जिसके कारण आसपास के लोगो को ट्रैक्टर और बुग्गी जैसे वाहनों के साथ खेतों पर आना जाना पूरी तरह दुश्वार हो रहा था। परेशानी झेल रहे लोगो द्वारा की जा रहीं शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए तहसील प्रशासन ने उक्त 293 चकमार्ग को अवैध कब्जों के मकडज़ाल को शीशपाल व भमरपाल पुत्र कश्मीर सिंह निवासी खरसेला से मुक्त कराया। वहीं प्रशासन ने चेतावनी देते हुए कहा कि दोबारा अगर अतिक्रमण किया जाता है तो उचित कार्रवाई की जाएगी इस कार्रवाई से अतिक्रमणकारियों में हड़कंप की स्थिति बनी हुई है। इस कार्रवाई के दौरान क्षेत्राधिकार सुधांशु शेखर, नायब तहसीलदार हिमांशु पांडेय, लेखपाल सुशील, रूपेंद्र, शिवमभी, राजस्व निरीक्षक चंद्रकांत और विनोद सहित राजस्व विभाग पुलिस प्रशासन मौजूद रहा।

# ग्रेनो प्राधिकरण को 46 करोड़ का भुगतान कर्मचारियों को करना होगाः सुप्रीम कोर्ट

करण वाणी

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण (ग्रेनो प्राधिकरण) को अपनी कानूनी लड़ाई में बड़ा झटका लगा है। पिछले 25 साल से नियमितीकरण की मांग कर रहे माली एवं सफाई कर्मियों को अब 46 करोड़ 36 लाख 80 हजार रुपये का भुगतान करना पड़ेगा। इसके साथ ही कर्मचारियों की बहाली के आदेश भी दिए गए हैं। यह निर्णय उच्च न्यायालय द्वारा 16 अक्टूबर 2024 को दिए गए फैसले खिलाफ सुप्रीम कोर्ट गए प्राधिकरण के केस में 05 मई 2025 को आया है, जिसमें प्राधिकरण की याचिकाएं सर्वोच्च न्यायालय द्वारा खारिज कर दी गईं। और हाई कोर्ट इलाहाबाद द्वारा दिए गए आदेश को बहाल कर दिया।विवाद की शुरुआत 1998 से हुई थी, जब ग्रेनो प्राधिकरण में माली एवं सफाई का कार्य कर रहे कर्मचारियों ने नियमितीकरण के लिए मांग उठाई थी। इसके बाद, वर्ष 2003




में प्राधिकरण द्वारा 240 कर्मचारियों को गैरकानूनी तरीके से नौकरी से हटा दिया गया, जिसका पुरजोर विरोध हुआ। कर्मचारियों ने ÷सीटू÷ (ष्ट्रढ्ढञ्ज) के नेतृत्व में अपनी आवाज उठाई और न्याय की लड़ाई में जुट गए।

विवाद का मामला औद्योगिक न्यायाधिकरण पंचम, उत्तर प्रदेश, मेरठ में उठा, जिसने मई 2018 में कर्मचारियों के पक्ष में फैसला सुनाया। इस फैसले में प्राधिकरण को आदेश दिया गया था कि वह कर्मचारियों को कार्य पर पुनः बहाल करे और पिछले वेतन का भुगतान भी करे। इसके बावजूद प्राधिकरण ने इस आदेश का पालन नहीं किया, जिससे मामले ने अदालत का रुख किया।

**उच्च न्यायालय का अंतिम निर्णयः**हाई कोर्ट ने कर्मचारियों के पक्ष में आकर सभी याचिकाएं खारिज कर दीं और औद्योगिक न्यायाधिकरण द्वारा दिए गए आदेश को बहाल कर दिया। न्यायालय ने जिलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर को निर्देश दिए कि वे 90 दिनों के भीतर प्राधिकरण से राशि वसूल कर कर्मचारियों को भुगतान कराएं और उन्हें वापस काम पर बहाल करें। यूनियन का आभार सुप्रीम कोर्ट के फैसले को ग्रेटर नोएडा माली एवं सफाई कामगार यूनियन ने अपनी जीत बताया यूनियन के महामंत्री रामकिशन सिंह और मंत्री टीकम सिंह ने संघर्ष की इस लंबी यात्रा का जिक्र किया और सीटू के पदाधिकारियों, सपा नेता राजकुमार भाटी, इलाहाबाद हाई कोर्ट के अधिवक्ता नरेश कुमार वर्मा और गोपाल नारायण और सुप्रीम कोर्ट में पेरवी करने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता ऋषि मल्होत्रा, प्रेम मल्होत्रा, अनसूया, सिवान मैनी का आभार व्यक्त किया, जिनकी मदद से यह न्याय संभव हो पाया। सीटू जिलाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा कहा कि श्रम विभाग व जिला प्रशासन माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए आदेश का पालन सुनिश्चित कराएं यदि ऐसा नहीं किया गया तो यूनियन फिर से आंदोलन करने को विवश होंगी। साथी उन्होंने कहा यह मामला अन्य अस्थायी कर्मचारियों के लिए भी एक उदाहरण बन गया है, जो नियमितीकरण की लड़ाई लड़ रहे हैं। यूनियन ने अपने सदस्यों से एकजुटता बनाए रखने का आह्वान किया है और कहा है कि किसी भी अन्याय के खिलाफ उनकी यह लड़ाई जारी रहेगी।

# गौ माता की सेवा में दान किया 30 कुंतल भूसा

करण वाणी



**एटा/अलीगंज।** विकासखंड अलीगंज में संचालित अस्थाई गौ आश्रय स्थल आजमनगर गौशाला में गोवंशों के भरण पोषण के लिए चंद्रशेखर मिश्रा निवासी पीथनपुर के द्वारा अस्थाई गौ आश्रय स्थल आजमनगर को गोवंश के खिलाने हेतु 30 कुंतल भूसा दान में दिया गया । 30 कुंतल भूसा दान में दिया है जिससे गौशाला में पल रहे गोवंश इस भीषण गर्मी में चारे के लिए वंचित न रहे। इतना ही नहीं सभी लोगों से अपील की है कि अपने समर्थ के अनुसार गोवंशों के लिए अवश्य दान करें।विकासखंड अलीगंज क्षेत्र की अस्थाई गौ आश्रय स्थल आजमनगर गौशाला में अलीगंज के पिथनपुर निवासी चंद्रशेखर मिश्रा कुमार द्वारा 30 कुंतल भूसा गौ माता की सेवा हेतु दान किया और कहां कि अपने समर्थ के अनुसार समय-समय पर गौ माता की सेवा में दान करता रहूँगा वही अन्य लोगों से अपील करते हुए कहा कि गौ माता की सेवा हेतु अधिक से अधिक दान करें जिससे गौशालाओं में पल रहे बेसहारा गौवंश को समय पर खाना मिलता रहे। इस अवसर पर डिप्टी सीईओ डॉ रविकांत सहित चंद्रशेखर मिश्रा व अन्य लोग मौजूद रहे। डिप्टी सीवीओ डॉ रविकांत ने बताया अभियान के तहत यह भूसा आजमनगर गौशाला को दान में दिया गया है। गौ माता की सेवा में समर्पित लोग गौ माता के लिए गौशाला में अधिक से अधिक दान करें। समय समय पर गौशाला का निरीक्षण कर गोवंशो का स्वास्थ्य परीक्षण कर उनको उपचार दिया जा रहा है।

# कंगना रनौत के विरुद्ध दायर वाद स्पेशल कोर्ट ने किया खारिज

करण वाणी



**आगरा।** आगरा के अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं स्पेशल कोर्ट एमपी एमएलए अनुज कुमार सिंह ने मंडी की भाजपा सांसद एवं अभिनेत्री कंगना रनौत के खिलाफ दायर राष्ट्रदोह के वाद को खारिज कर दिया है।

आगरा के वरिष्ठ अधिवक्ता एवं राजीव गांधी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रमा शंकर शर्मा ने पिछले साल सितंबर माह में कंगना रनौत के खिलाफ राष्ट्रदोह और शहीदों के अपमान का वाद दायर किया था। याची अधिवक्ता का कहना था कि कंगना रनौत ने 2014 में आजादी मिलने की बात कहकर महात्मा गांधी समेत लाखों स्वतंत्रता सेनानियों और शहीदों का अपमान किया। यही नहीं, अपने हक के लिए आंदोलन कर रहे किसानों के खिलाफ बयान देकर उन्होंने अन्नदाता का भी अपमान किया। स्पेशल कोर्ट एमपी एमएलए अनुज कुमार सिंह ने कंगना रनौत के मनाली और दिल्ली स्थित पते पर तीन बार समन भेजे थे कि वे इस मामले में अपना पक्ष प्रस्तुत करें। निर्धारित तारीखों पर न तो कंगना खुद आईं और न उनकी ओर से कोई अधिवक्ता पेश हुआ।

कोर्ट के कड़ा रुख अपनाने पर सुप्रीम कोर्ट की वरिष्ठ अधिवक्ता अनुसूया चौधरी कोर्ट में पेश हुईं और पक्ष रखने के लिए कुछ समय मांगा। इसके बाद कई तारीखें और गुजर गईं लेकिन कंगना की ओर से पक्ष नहीं रखा जा सका। कोर्ट की अंतिम मौके की चेतावनी के बाद अनुसूया चौधरी पिछली तारीख पर कोर्ट में पेश हुईं। दोनों पक्षों की ओर से गर्मागर्म बहस हुई थी।

बहस सुनने के बाद कोर्ट ने छह मई की तिथि इस आदेश के लिए नियत की थी कि कंगना रनौत को कोर्ट में तलब किया जाए या नहीं। स्पेशल कोर्ट के न्यायाधीश अनुज कुमार सिंह ने अधिवक्ता रमा शंकर शर्मा के परिवाद पत्र को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि विपक्षी (कंगना रनौत) के विरुद्ध दिए साक्ष्यों से उसके विरुद्ध अपराध गठित नहीं होता है।

# सांसद सुमन को एक बार फिर किया नजरबंद



करण वाणी

**आगरा।** कासगंज में पीड़ित दलित परिवार से मिलने जाने से पहले ही पुलिस ने एक बार फिर सपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन को उनके घर में नजरबंद कर लिया है। कासगंज जाने से पहले ही पुलिस ने सांसद सुमन को घर पर ही रोक दिया गौरतलब है कि सांसद सुमन को कुछ दिन पहले अलीगढ़ जाने पहले भी नजरबंद कर लिया गया था। सुमन आज अपने समर्थकों के साथ कासगंज में एक पीड़ित दलित परिवार से मिलने के लिए जाने की तैयारी कर रहे थे। उसी समय बड़ी संख्या में पुलिस बल लेकर पुलिस अधिकारी पहुंच गए। उनके आवास पर पहुंचे एसीपी और अन्य अधिकारियों ने सांसद सुमन को सुरक्षा की दृष्टि से कासगंज न जाने की सलाह दी पर सुमन रुकने को तैयार नहीं हुए। इसके बाद पुलिस अधिकारी उन्हें घेरकर बैठ गए और उन्हें हाउस अरेस्ट कर लिया।

# वृन्दावन परिक्रमा मार्ग सुसज्जित एवं व्यवस्थित होना चाहिएः महामंडलेश्वर स्वामी पंचमानंद महाराज

**वृन्दावन धाम की परिक्रमा मार्ग की हालत खस्ता, भक्तों को पैदल चलना हो रहा है दूभर**

करण वाणी



**नोएडा।** सर्व शक्ति साधना नोएडा के भक्तों ने परम पूज्य गुरुदेव श्री अनंत विभूषित महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 स्वामी पंचमानंद जी महाराज के सानिध्य में वृंदावन धाम की परिक्रमा की। परिक्रमा मार्ग की हालात देखकर परम पूज्य गुरुदेव जी ने दुख व्यक्त करते हुए कहा कि परिक्रमा मार्ग पर पेयजल की समुचित व्यवस्था होनी चाहिए, सुलभ शौचालय होने चाहिए। मार्ग में रूकने के लिए विश्राम स्थल होना चाहिए और परिक्रमा मार्ग पर अन्य साधनों का प्रतिबंध होना चाहिए। लेकिन परिक्रमा मार्ग पर जगह जगह सड़कें टूटी हुई है। जलभराव बना हुआ है। और ट्रैक्टर एवं इ रिक्शा के कारण मार्ग पर चलना मुश्किल हो गया है। शासन प्रशासन से इस मार्ग को सुसज्जित एवं व्यवस्थित कराने की मांग करता हूं। वृन्दावन धाम की परिक्रमा लगाते हुए भारतीय किसान यूनियन भूमि पुत्र के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य रवि राघव ने परिक्रमा मार्ग की दुर्दशा पर चिंता व्यक्ति की। और राज्य सरकार से परिक्रमा मार्ग को सुधारने की मांग की है किसान नेता रवि राघव ने कहा है कि मार्ग पर कुछ स्थानों पर गड्ढे हैं जिनमे गंदा पानी भर जाता है जिससे तीर्थ यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ता है।

इसलिए उन गड्डों को तुरंत भरा जाय और परिकर्मा मार्ग पर चार पहिया वाहनों का आवागमन बंद किया जाना चाहिए। माग करने वालों में गोरे लाल, रमेश कुमार वर्मा, संजय पांडेय, आचार्य गौरव, हरि शंकर सिंह, सी एल तिवारी, शिव कुमार पाठक, प्रशान्त तिवारी एवं अभिशेष पांडेय मुख्य रूप से थे।

# बजरंग दल कार्यकर्ताओं पर लगे झूठे मुकदमे वापस होः राकेश त्यागी

करण वाणी




**एटा।** विश्व परिषद के तत्वाधान में मंगलवार को दोपहर 2:00 बजे एक प्रेस वार्ता आयोजित की गई राकेश त्यागी प्रांत से सह मंत्री विश्व हिंदू परिषद ने प्रेस वार्ता में कहा 2 मई दोपहर 3:00 बजे मुस्लिम बहुल्य मोहल्ला किरी जलेसर तहसील में ताज टेलर के गेराज में एक हिंदू लड़की और कुछ मुस्लिम लड़कों के होने की सूचना बजरंग दल, हिंदू समाज को स्थानीय वाल्मीकि समाज द्वारा मिली। मौके पर पहुंचे कार्यकर्ताओं ने गेराज में घुसने का प्रयास किया तो वहां स्थानीय सैकड़ो की संख्या में मुस्लिम समाज द्वारा उन्हें घेर लिया गया एक कार्यकर्ता द्वारा पुलिस को तुरंत सूचित किया गया पुलिस के विलंब से पहुंचने के कारण तथा स्थानीय मुस्लिम समाज के सहयोग से अरशद पुत्र अयूब निवासी मोहल्ला सराय खानम तथा उसके 8,10 साथियों के साथ उस हिन्दू युवती को अपने साथ मौके से निकाल ले गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने अपनी नाकामी छुपाने के 7 नामजद सहित 20,25 अज्ञात में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल सहित हिंदू समाज के लोगों पर झूठा मुकदमा लिख दिया। प्रेस वार्ता के माध्यम से राकेश त्यागी प्रांत से मंत्री ने कहा बजरंग दल कार्यकर्ता हिंदू युवतियों को बचाने , गौ रक्षा लिए एक नहीं कई मुकदमों का सामना करता है।

जलेसर हिंदू समाज व्यापारी व हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ताओं में पुलिस प्रशासन के प्रति आक्रोश व्याप्त है प्रशासन अपने द्वारा दो दिन के अंदर कार्यकर्ताओं पर लगे मुकदमे निरस्त नहीं करता है तो एक बड़ा आंदोलन विश्व हिंदू परिषद हिन्दू समाज को साथ लेकर करेगा।

साथ ही अरशद व उसके साथ संलिप्त सभी साथियों को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई की जाए।

प्रकरण में संशय पूर्ण भूमिका निभाने वाले पुलिस अधिकारियों पर जांच कर उन्हें तत्काल निलंबित किया जाए। थाना मिहरची के अन्तर्गत 3 मई की एक अन्य लव जिहाद की घटना पर भी एटा पुलिस प्रशासन का रवैया संशय पूर्ण दिखा स्पष्ट लव जिहाद के प्रकरण में मुकदमा लिखते समय आरोपी नुमान अंसारी को बचाने का भी प्रयास पुलिस प्रशासन द्वारा दिखाई पड़ता है

4 माह से नाम बदलकर हिंदू परिवार में रह रहे नुमान अंसारी पर जल्द ही लव जहाज के अंतर्गत मुकदमा लिखा जाए लिखा जाना भी पुलिस द्वारा सुनिश्चित किया जाए।

# एडीएम की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की हुई बैठक

करण वाणी



**एटा।** जिलाधिकारी प्रेमरंजन सिंह द्वारा दिए गए निर्देशानुसार अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सत्यप्रकाश की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में अपर जिलाधिकारी द्वारा सड़क सुरक्षा समिति की विगत बैठकों में दिए गए निर्देशों की विभिन्न विभागों द्वारा अनुपालन आख्या एवं कृत कार्यवाही की समीक्षा की गई। अपर जिलाधिकारी ने एआरटीओ एवं यातायात पुलिस अधिकारी को निर्देशित किया कि ट्रैफिक नियमों का बार-बार उल्लंघन करने पर लाइसेंस निलंबन की कार्यवाही की जाए,उन्होंने कहा कि जनपद के शहरी भाग में चिह्नित स्थानों पर सीसीटीवी कैमरा जो लगाए गए हैं।

उनकी प्रॉपर चेकिंग की जाती रहे, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी तथा एआरएम रोडवेज नियमित तौर पर अभियान चलाकर डग्गामार बसों को संचालित न होने दें, पब्लिक साउंड सिस्टम के माध्यम से यातायात नियमों का प्रचार प्रसार नियमित तौर पर कराया जाए,अवैध रूप से संचालित स्कूल वैन जो कि क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाकर उनकी जान जोखिम में डालते हैं उन्हें तत्काल बंद कराया जाए।

अपर जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सड़कों पर गलत साइड एवं नो-पार्किंग में खड़े वाहनों का नियमित तौर पर जांच कर चालान किया जाए तथा चालान किए गए वाहनों की संख्या को भी दर्शाया जाए, परिवहन विभाग एवं भारतीय राजमार्ग प्राधिकरण अधिकारी आपस में समन्वय स्थापित कर ओवरलोड वाहनों की जानकारी साझा करें ताकि उनके विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की जा सके, चिन्हित स्थानों पर ब्लैक स्पॉट को दूर कर अवैध कट बंद किए जाएं।

मार्ग पर प्रकाश व्यवस्था की नियमित व्यवस्था की जाए ,उन्होंने एआरटीओ एवं संबंधित पुलिस अधिकारी को निर्देशित किया कि जनपद में अभियान चलाकर माल वाहक गाड़ियों के पीछे विशेष तौर पर ट्रैक्टर ट्राली के पीछे रिफ्लेक्टर/रेडियम पट्टी लगाया जाए, जनपद में अवैध रूप से संचालित ई रिक्शा के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही कर उनका संचालन बंद कराया जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया है कि जनपद के मुख्य चौराहों पर यातायात के समुचित व्यवस्था हेतु अतिरिक्त यातायात कर्मियों की व्यवस्था करायी जाय तथा सुरक्षा के दृष्टिकोण से सम्बंधित संकेतकों को भी स्पष्ट रूप से दर्शाया जाए। जनपद में टैक्सी स्टैण्ड का संचालन सुव्यवस्थित करने एवं शहर में आवश्यकतानुसार और स्ट्रीट लाइट लगाने हेतु नगर पालिका के अधिकारी को निर्देशित किया गया।

अपर जिलाधिकारी ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रत्येक ब्लैक स्पॉट पर टेबल टॉप रम्बल स्ट्रिप बनाया जाय एवं सीट बेल्ट व हेलमेट का पालन करने हेतु प्रचार-प्रसार किया जाय तथा सीट बेल्ट व हेलमेट का प्रयोग न करने वालों के विरूद्ध विधिक कार्यवाही एवं नियमानुसार चालान भी किया जाय। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को निदेशित करते हुए कहा कि समस्त विभाग सड़क सुरक्षा सम्बंधित नियमों का पालन करने के दृष्टिगत आम नागरिकों को प्रचार-प्रसार के विभिन्न माध्यमों से जागरूक करें।

# वकफ संशोधन कानून पर आयोजित प्रेस वार्ता में शाजिया इल्मी ने बताई इसकी अनिवार्यता




करण वाणी

**गाजियाबाद।** आज हम वक्फ़ सुधार जन जागरण अभियान के तहत एक ऐतिहासिक पहल की ओर अग्रसर हैं। वर्षों से वक्फ संपत्तियों का जो दुरुपयोग, अपारदर्शिता और राजनीतिक संरक्षण में भ्रष्टाचार हुआ है, अब उस पर लगाम लगाने का समय आ गया है।भाजपा इस बात में विश्वास रखती है कि वक्फ संपत्तियाँ अल्पसंख्यक समुदाय की सामाजिक, शैक्षणिक और धार्मिक उन्नति के लिए हैं—ना कि कुछ खास लोगों की निजी जागीर। हमारा उद्देश्य है कि वक्फ बोर्ड पारदर्शी बने, जवाबदेह बने, और हर एक मुसलमान को यह भरोसा हो कि वक्फ संपत्तियों का इस्तेमाल ईमानदारी से उनके कल्याण के लिए हो रहा है।यह सुधार केवल एक कानूनी बदलाव नहीं, बल्कि एक सामाजिक जागरूकता का आंदोलन है। हम हर गली, हर मोहल्ले में जाकर यह संदेश देंगे—वक्फ तुम्हारा है, हक तुम्हारा है।

# छात्राओं को बताएं उनके अधिकार, जानकारी देकर किया जागरूक

**कस्तूरबा आवासीय विद्यालय में मिशन जागृति कार्यक्रम संपन्न**


करण वाणी

**अलीगंज/एटा।** शासन द्वारा महिलाओं व बालिकाओं के अधिकारों से जागरूक करने हेतु व मिशन जागृति अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत बालिकाओं को उनके अधिकारो व सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा रहा है इसी क्रम में कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालय में छात्राओं को जानकारी देकर जागरूक किया गया। शासन की मानसनुरूप बालिकाओं में सुरक्षा सम्मान व जागरूकता के उद्देश्य से चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत अलीगंज के जाजलपुर स्थित कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालय मे छात्राओं को जागरूक किया गया। क्षेत्राधिकार अलीगंज सुधांशु शेखर ने छात्राओं को बताया कि हर छात्रा को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना



चाहिए। सभी छात्राओं को शासन प्रसाशन द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी होनी चाहिए। कोतवाली प्रभारी निर्दोष सिंह सेंगर ने बताया घर से स्कूल आते समय व स्कूल से घर जाते समय अगर कोई भी अनजान व्यक्ति आपको परेशान करता है तो अपने परिजनों को इस बारे में अवगत कराये अगर आपको किसी भी घटना की अनहोनी की आशंका होती है तो पुलिस हेल्पलाइन नंबर पर सूचना दें। सूचना देने पर पुलिस तत्काल आपके समक्ष होगी। थाने पर महिला हेल्पलाइन बनाया गया है, जिस पर महिला पुलिस अधिकारी व कर्मचारी हमेशा मौजूद रहती हैं। थाने पर जाकर अपनी समस्या से अवगत करा सकती हैं। छात्राओं को बताया कि समस्याओं में जरूरत पड़ने पर सरकार द्वारा टोल फ्री नंबर 112, 1090, 1076, 1073 अन्य नंबर जारी किए गए हैं जिस पर कॉल कर तत्काल आप सहायता प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी सुधांशु शेखर, कोतवाली प्रभारी निर्दोष कुमार सेंगर के साथ -साथ चौकी इंचार्ज मनीष यादव, एसआई सीमा त्रिपाठी, महिला कांस्टेबल कृष्णा, कांस्टेबल अमरजीत, विद्यालय प्रधानाचार्य प्रमिला यादव, शिक्षक सोनी, शिखा रावत, उपासना यादव, रुचि सक्सैना, नीलम मिश्रा सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

# विवाहिता को भगा ले जाने वाला अभियुक्त गिरफ्तार



करण वाणी

**बीघापुरग उन्नाव ।** बारासगवर थाना क्षेत्र के एक गाँव निवासी महिला ने बिहार थाना क्षेत्र के गाँव पाटन निवासी एक युवक पर उसकी विवाहित पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का केस दर्ज कराया था। अपहृता की बरामदगी एवं साक्ष्य संकलन के आधार पर पुलिस ने मुकदमें में दुष्कर्म सहित अन्य धाराओं में बढ़ोत्तरी की थी।मामले में फरार चल रहे अभियुक्त को पुलिस ने धानीखेड़ा से गिरफ्तार किया है। थाना अध्यक्ष धर्मेंद्र नाथ मिश्रा ने बताया कि मंगलवार को उपनिरीक्षक ओमप्रकाश यादव पुलिस टीम के साथ धानीखेडा लालकुँआ रोड पर चेकिंग कर रहे थे ।उसी दौरान पुलिस ने दुष्कर्म के दर्ज केस में फरार चल रहे अभियुक्त अमित कुमार उर्फ अंकित शर्मा को से गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की है ।

## इमरान खान की पार्टी ने जेल से उनकी रिहाई के लिए याचिका दायर की



एजेंसी

**इस्लामाबाद।** जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की रिहाई के लिए शुक्रवार को पाकिस्तान की एक अदालत में याचिका दायर की गई। यह याचिका भारत के साथ पाकिस्तान के तनाव के बीच दायर की गई है। खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ ने एक व्हाट्सएप संदेश में कहा कि खैबर पख्तूनख्वा (केपी) के मुख्यमंत्री और पार्टी नेता अली अमीन गंदापुर ने पार्टी संस्थापक की रिहाई के लिए इस्लामाबाद उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। खान (72) को रावलपिंडी की अदियाला जेल में रखा गया है। व्हाट्सएप संदेश में कहा गया है, ''इमरान खान की रिहाई के लिए इस्लामाबाद उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया गया है। मुख्यमंत्री अली अमीन ने एक आवेदन दायर किया है।'' इसमें कहा गया, ''यह अनुरोध किया गया है कि भारत के साथ मौजूदा युद्ध की स्थिति को देखते हुए, राष्ट्रीय सद्भाव और एकजुटता के लिए और अदियाला जेल में ड्रोन हमले की आशंका के कारण, उन्हें तुरंत पैरोल/परीवीक्षा पर रिहा किया जाए।'' अदालत ने याचिका की सुनवाई के लिए कोई तारीख तय नहीं की है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच संबंधों में खटास आ गई है। पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले का कड़ा जवाब देते हुए भारतीय सशस्त्र बलों ने मंगलवार और बुधवार रात 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) और पाकिस्तान में नौ आतंकी ठिकानों पर सटीक मिसाइल हमले किए।

# पाकिस्तान के वित्त मंत्रालय का 'एक्स' अकाउंट हुआ हैक

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने शुक्रवार को कहा कि उसके वित्त मंत्रालय का 'एक्स' अकाउंट हैक हो गया और इसमें भारत के साथ मौजूदा तनाव के कारण हुए ''भारी नुकसान'' की भरपाई के लिए अधिक अंतरराष्ट्रीय ऋण की अपील की गई। पाकिस्तान के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने 'फेक ट्वीट अलर्ट' जारी कर कहा कि वित्त मंत्रालय का अकाउंट ''हैक'' हो गया है।

एक अधिकारी ने भी पुष्टि की कि 'एक्स' अकाउंट हैक हो गया है और ''अकाउंट को बंद करने के प्रयास किए जा रहे हैं।'' हैकिंग के बाद मंत्रालय के आर्थिक मामलों के प्रभाग द्वारा एक फर्जी अपील की गई, जिसमें अधिक ऋण की मांग की गई है तथा अंतरराष्ट्रीय समुदाय से पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत के साथ



तनाव को कम करने में मदद का अनुरोध किया गया है। तनाव के कारण पाकिस्तान के शेयर बाजार में भारी गिरावट आई।

हैक किए गए अकाउंट से पोस्ट किया गया, ''पाकिस्तान सरकार दुश्मन द्वारा भारी नुकसान पहुंचाए जाने के बाद अंतरराष्ट्रीय भागीदारों से और अधिक ऋण की अपील करती है। युद्ध बढ़ने और शेयरों में गिरावट के बीच हम अंतरराष्ट्रीय भागीदारों से तनाव कम करने में मदद करने का आग्रह करते हैं। राष्ट्र से दृढ़ रहने का आग्रह है।'' दिलचस्प बात यह है कि पोस्ट में नुकसान पहुंचाने के लिए अंग्रेजी में लिखे गए 'इन्फ्लिक्टेड' शब्द की वर्तनी गलत लिखी गई है जिससे संदेह पैदा हुआ क्योंकि अकाउंट को संभालने वाले अधिकारी शायद ही कभी ऐसी बड़ी गलतियां करते हैं।

यह पोस्ट बृहस्पतिवार को पाकिस्तान स्टॉक एक्सचेंज में 6,000 से अधिक अंकों की गिरावट के बाद आया। हालांकि, शुक्रवार को बाजार में सुधार हुआ और सुबह के कारोबारी सत्र में 1,000 से अधिक अंकों की बढ़त हुई। इस पोस्ट का समय भी दिलचस्प है क्योंकि पिछले साल अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के कार्यकारी बोर्ड की बैठक में पाकिस्तान को सात अरब अमेरिकी डॉलर की सहायता पर सहमति बनी थी और उसकी अगली किस्त को लेकर आईएमएफ कार्यकारी बोर्ड की बैठक होने वाली है। पाकिस्तान को ऋण की दूसरी किस्त और एक नए ऋण के तहत दो अरब अमेरीकी डॉलर से अधिक की राशि मिलने की उम्मीद है, जिसे पर्यावरण परिवर्तनों के प्रभाव से निपटने के लिए मंजूरी दी गई है।

## हेलीकॉप्टर दुर्घटना में छह सैन्य कर्मियों की मौत



एजेंसी

**अमेरिका।** जाम्बिया को दी जाने वाली 50 मिलियन डॉलर की स्वास्थ्य सहायता में कटौती करेगा। इस बारे में जाम्बिया में अमेरिकी राजदूत माइकल गोंजालेस ने बृहस्पतिवार (स्थानीय समयानुसार) को कहा कि स्वास्थ्य सहायता में कटौती करने के पीछे का कारण यह है कि पिछले कुछ वर्षों में जाम्बिया को मुफ्त में दी गई दवाएं चोरी हो गई और दुकानों में बेची जा रही हैं। जाम्बिया की सरकार इस पर कार्रवाई करने में विफल रही है। गोंजालेस ने एक प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि 2021 में पता चला कि जो दवाएं जाम्बिया के लोगों को मुफ्त में मिलनी चाहिए थीं, उन्हें फार्मेसियों में बेच दिया गया। 2021 से 2023 के बीच की गई जांच में लगभग 2,000 फार्मेसियों में से करीब आधी में वे दवाएं और सामग्री पाई गई, जिनके लिए पैसा अमेरिका की ओर से दिया गया था। उन्होंने कहा कि अप्रैल 2024 में अमेरिका द्वारा चोरी के घोटाले की सूचना दिए जाने के बाद भी जाम्बिया सरकार इस पर कार्रवाई करने में विफल रही।

## उ. कोरिया के नेता किम ने बैलिस्टिक मिसाइल परीक्षण की निगरानी की



एजेंसी

**सियोल।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने अमेरिका और दक्षिण कोरियाई सेनाओं के खिलाफ अभ्यास के तौर पर परमाणु हमलों की नकल करने वाली कम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल प्रणालियों के परीक्षणों की निगरानी की। सरकारी मीडिया ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उत्तर कोरिया अपने प्रतिद्वंद्वियों पर उनके संयुक्त सैन्य अभ्यासों के माध्यम से तनाव बढ़ाने का आरोप लगाता रहा है। इस रिपोर्ट से एक दिन पहले दक्षिण कोरिया की सेना ने उत्तर कोरिया के पूर्वी तट से कई परीक्षणों का खुलासा किया था। ये परीक्षण यूक्रेन में युद्ध के दौरान देश द्वारा रूस को किए गए हथियारों के निर्यात से भी संबंधित हो सकते हैं। उत्तर कोरिया की आधिकारिक 'कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी' (केसीएनए) ने कहा कि बृहस्पतिवार के परीक्षणों में मोबाइल बैलिस्टिक मिसाइल प्रणाली शामिल थी जो जाहिर तौर पर रूस के इस्कैंडर के मॉडल पर आधारित है। इसके अलावा, 600 मिलीमीटर के कई रॉकेट लॉन्चर भी थे। ये दोनों हथियार उत्तर कोरिया के हथियार प्रणालियों को बढ़ाने की उसकी मुहिम का हिस्सा हैं, जिसके बारे में उसका कहना है कि वह युद्ध की स्थिति में आत्मरक्षा तथा ''सामरिक'' परिमाणु हथियारों से लैस करने के उद्देश्य से अपने हथियारों के बेड़े को बढ़ा रहा है। केसीएनए ने कहा कि इन परीक्षणों का उद्देश्य मिसाइल और रॉकेट प्रणालियों का संचालन करने वाली सैन्य इकाइयों को प्रशिक्षित करना था, ताकि वे उत्तर कोरिया की परमाणु हथियार नियंत्रण प्रणाली के तहत हमलों को अधिक प्रभावी ढंग से अंजाम दे सकें और परमाणु संकट पर त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित कर सकें।

## नाजी जर्मनी की हार की 80वीं बरसी पर रूस की विजय दिवस परेड शुरू



एजेंसी

**मॉस्को।** रूस ने द्वितीय विश्व युद्ध में नाजी जर्मनी की हार की 80वीं बरसी के अवसर पर शुक्रवार को यहां रेड स्क्वायर पर सैन्य परेड निकाली। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग तथा ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज़ इनासियो लूला दा सिल्वा सहित कई विदेशी नेताओं ने परेड में भाग लिया। रूस में नौ मई को विजय दिवस (विक्ट्री डे) मनाया जाता है, जो देश का सबसे महत्वपूर्ण धर्मनिरपेक्ष अवकाश है। रेड स्क्वायर और अन्य समारोहों के माध्यम से एक विशाल परेड में, यूक्रेन में तीन साल से जारी युद्ध के बीच पश्चिम के प्रति संतुलन तलाशते हुए अपनी शक्ति को प्रदर्शित करने और गठबंधनों को मजबूत करने के मॉस्को के प्रयासों को रेखांकित किया गया। इस साल उत्सवों के दौरान, मॉस्को पर निशाना साधकर किए गए यूक्रेनी ड्रोन हमलों की खबरें और राजधानी के हवाई अड्डों पर गंभीर व्यवधानों की खबरों की छाया बनी रही।

## इस घटनाक्रम से चिंतित है हम, भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच आया चीन का बड़ा बयान

एजेंसी

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद से ही भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव का माहौल बना रहा हुआ है। भारत ने 6-7 मई की दरम्यानी रात पाकिस्तान और पीओके के 9 आतंकी ठिकानों पर हमला करके उन्हें तबाह किया था। वहीं गुरूवार को भी भारत ने पाकिस्तान के लाहौर, करांची सहित 9 शहरों में भारत की ओर से ड्रोन हमले किए गए हैं। इस हमले में कराची पोर्ट, पाकिस्तान का एयर डिफेंस सिस्टम और फाइटर जेट समेत कई मुख्य जगहों पर तबाही मची है।

भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव को लेकर चीन की बड़ी प्रतिक्रिया सामने आयी है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने कहा कि, ÷हमने भारत और पाकिस्तान के बीच चल रही स्थिति पर कल चीन की स्थिति साझा की है। चीन मौजूदा घटनाक्रम से चिंतित है। भारत और



पाकिस्तान एक दूसरे के पड़ोसी हैं और हमेशा रहेंगे। वे दोनों चीन के पड़ोसी भी हैं। चीन सभी प्रकार के आतंकवाद का विरोध करता है। हम दोनों पक्षों से शांति और स्थिरता के व्यापक हित में कार्य करने, संयुक्त राष्ट्र चार्टर सहित अंतर्राष्ट्रीय कानून का पालन करने, शांत रहने, संयम बरतने और ऐसी कार्रवाई करने से बचने का आग्रह करते हैं जो स्थिति को और जटिल बना सकती है। हम मौजूदा तनाव को कम करने में रचनात्मक भूमिका निभाने के लिए शेष अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के साथ काम करने के लिए तैयार हैं। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने सिंधु जल संधि निलंबित कर दिया था। इसके तहत चिनाब नदी पर बने सलाल और बगलिहार डैम के सभी गेट बंद कर दिए गए थे। जम्मू-कश्मीर में भारी बारिश के बाद भारत ने पाकिस्तान को बिना सूचित किए इन दोनों डैम के दरवाजे खोल दिए। इससे चिनाब नदी उफान पर आ गई है और एकदम से जलस्तर बढ़ने से पाकिस्तान में बाढ़ के हालात बन गए हैं। भारत ने चिनाब के साथ-साथ रियासी के सलाल बांध के भी तीन गेट खोल दिए हैं।


# आतंकवाद के साथ खड़ा है पाकिस्तान

▸▸ भारतीय उच्चायुक्त ने ब्रिटिश टीवी पर दिखाए सबूत

एजेंसी

**लंदन।** भारत के उच्चायुक्त विक्रम दोराईस्वामी ने लंदन में एक टीवी चैनल के साथ साक्षात्कार के दौरान पाकिस्तान की तरफ से आतंकवादियों को समर्थन देने का पुख्ता सबूत पेश किया। उन्होंने एक तस्वीर दिखाई, जिसमें पाकिस्तान के शीर्ष सैन्य अधिकारी और हाफिज अब्दुर रऊफ, जो कि एक अमेरिकी की तरफ से प्रतिबंधित आतंकवादी हैं और जैश-ए-मोहम्मद के प्रमुख मसूद अजहर के भाई हैं, एक साथ नजर आ रहे हैं। यह तस्वीर पाकिस्तान में मारे गए आतंकवादियों के अंतिम संस्कार की थी, जहां पाकिस्तान के ध्वज से ढके हुए शवों के पास पाकिस्तानी सैन्य अधिकारी खड़े थे।

**आतंक के साथ खड़ी है पाकिस्तानी सेना:** इस दौरान विक्रम दोराईस्वामी ने कहा, यह फोटो कल की है। देखिए, यहां एक प्रतिबंधित आतंकवादी है, हाफिज अब्दुर रऊफ। उसके पीछे पाकिस्तानी सेना खड़ी है। देखिए, उन आतंकवादियों के शवों पर पाकिस्तानी ध्वज लहरा रहे हैं। अगर आप आतंकवादियों को राजकीय सम्मान में अंतिम संस्कार दे रहे हैं, तो इसका मतलब क्या होता है?% यह तस्वीर भारत की तरफ से पाकिस्तान को आतंकवाद का समर्थन करने का एक ठोस प्रमाण माना जा रहा है।



भारतीय उच्चायुक्त ने यह भी कहा कि पाकिस्तान के सैन्य प्रतिष्ठान न केवल आतंकवादियों को शरण देते हैं, बल्कि उन्हें आधिकारिक समर्थन भी प्रदान करते हैं।

**भारत ने लिया पहलगाम का प्रतिशोध**

यह बयान भारत की तरफ से पाकिस्तान और पाकिस्तान-अधिकृत कश्मीर में आतंकवादी ठिकानों पर की गई एयरस्ट्राइक के बाद आया है, जो पहल्गाम आतंकी हमले में 26 लोगों की हत्या का प्रतिशोध था। भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तानी पंजाब स्थित जैश-ए-मोहम्मद के मुख्यालय समेत नौ आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाया। इसके साथ ही, भाजपा ने सोशल मीडिया पर एक ग्राफिक जारी किया, जिसमें अब्दुल रऊफ अजहर, मसूद अजहर के भाई, की तस्वीर पर नष्ट लिखा हुआ था। अब्दुल रऊफ अजहर भारतीय वायुसेना के पठानकोट एयरबेस हमले समेत कई आतंकवादी हमलों में शामिल था।

**भारतीय उच्चायुक्त ने दिए कई उदाहरण**

विक्रम दोराईस्वामी ने 2016 में पठानकोट हमले का उदाहरण देते हुए पाकिस्तान पर आरोप लगाया कि पाकिस्तान ने भारत की मदद का जवाब नहीं दिया, जबकि भारत ने पाकिस्तान के जांचकर्ताओं को भारतीय वायुसेना के बेस तक पहुंचने की अनुमति दी थी। यह सबूत भारत के आरोपों को और मजबूत करता है कि पाकिस्तान की सरकार और सैन्य प्रतिष्ठान आतंकवाद के समर्थन में सक्रिय रूप से शामिल हैं।

## आतंकी रऊफ अजहर को ढेर करने पर पूर्व अमेरिकी राजदूत ने जताया भारत का आभार

एजेंसी

**वाशिंगटन।** भारत के ऑपरेशन सिंदूर में कई खूंखार आतंकी भी मारे गए हैं। जिसमें से एक आतंकी अब्दुल रऊफ अजहर भी है, जिसने साल 2002 में अमेरिकी पत्रकार डेनियल पर्ल की निर्ममता से हत्या कर दी थी। उसके मारे पर जाने पर अमेरिका और दुनिया भर के पत्रकार और राजदूत भारत और भारत सरकार को शुक्रिया कह रहे हैं। अफगानितान और इराक में अमेरिका के पूर्व राजदूत एवं संयुक्त राष्ट में स्थायी प्रतिनिधि जालमे खलीलजाद ने अब्दुल रऊफ अजहर के मारे जाने पर भारत को शुक्रिया कहा है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में लिखा- पाकिस्तान के खिलाफ अपने मौजूदा सैन्य अभियान के दौरान, भारत ने क्रूर आतंकवादी अब्दुल रऊफ अजहर को मार गिराया है, जिसने 2002 में पत्रकार डेनियल पर्ल की हत्या की थी, न्याय हुआ है। धन्यवाद, भारत। वहीं एक पूर्व अमेरिकी राजनयिक एली कोहनिम ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा- बहुत लंबे समय तक हमें डेनियल पर्ल की हत्या के लिए न्याय नहीं मिला। मैं व्यक्तिगत रूप से भारत सरकार की आभारी हूं। डेनियल पर्ल को उनके अंतिम शब्दों के लिए हमेशा याद किया जाएगा। उहोंने कहा था- मेरा पिता यहूदी थे, मेरी मां यहूदी



है और मैं भी यहूदी हूं। उनके ये शब्द यहूदी इतिहास में हजारों साल तक सुनाई देते रहेंगे। अमेरिकी पत्रकार डेनियल पर्ल वॉल स्ट्रीट जर्नल के दक्षिण एशिया ब्यूरो प्रमुख थे, पाकिस्तान के कराची में उनकी हत्या से दुनिया भर में तहलका मच गया था। डेनियल पर्ल का जन्म 10 अक्तूबर 1963 में अमेरिका के न्यू जर्सी शहर के एक यहूदी परिवार में हुआ था। उन्होंने स्टैनफोर्ड विवि से स्नातक करने के बाद, वॉल स्ट्रीट जर्नल में अपना पत्रकारिता के करियर की शुरुआत की थी। जानकारी के मुताबिक, हत्या से पहले वे कराची में ब्रिटिश नागरिक और अल कायदा के संबंधों की जांच कर रहे थे।

### पोप लियो 14 ने अपने चुनाव के बाद पहली सभा में कार्डिनलों से मुलाकात की

**वेटिकन सिटी।** पहले उत्तरी अमेरिकी पोप के तौर पर अपने ऐतिहासिक चुनाव के बाद पोप लियो 14 ने शुक्रवार को पहली सभा की। इस दौरान उन्होंने कैथोलिक चर्च का नेतृत्व करने के लिए उन्हें चुनने वाले उच्च पादरियों (कार्डिनल) से मुलाकात की। शिकागो में जन्मे ऑगस्टीनियन मिशनरी रॉबर्ट प्रीवोस्ट के चुनाव ने बृहस्पतिवार को सभी को आश्चर्यचकित कर दिया। इससे पहले कभी कोई अमेरिकी पोप नहीं चुना गया था। पोप लियो 14 (69 वर्ष) ने लाल रंग की पारपंरिक टोपी पहन रखी थी, जो पोप फ्रांसिस ने 2013 में अपने चुनाव के समय पहनी थी। पोप ने दुनिया के लिए अपने पहले संदेश में कहा, हमें साथ मिलकर यह पता लगाने का प्रयास करना चाहिए कि हम एक मिशनरी चर्च कैसे बनें, एक ऐसा चर्च जो लोगों के बीच सेतुओं के तौर पर काम करता हो, संवाद स्थापित करता हो, जो हमेशा स्वागत के लिए खुला रहता हो।

# हम आतंकवादियों के साथ युद्ध की स्थिति में हैं

एजेंसी

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में भारत के राजदूत विनय क्वात्रा ने कहा कि भारत आतंकवादियों के साथ युद्ध की स्थिति में है और इन 'नीचों, अमानवीय राक्षसों' को जवाबदेह ठहराते हुए पहलगाम हमले के पीड़ितों को न्याय दिलाएगा। क्वात्रा ने बृहस्पतिवार को सीएनएन को दिए साक्षात्कार में कहा, ''22 अप्रैल की घटना सर्वाधिक जघन्य आतंकवादी घटना थी। यह कोई नहीं कह सकता कि इन आतंकवादियों को ऐसे ही जाने देना चाहिए, और हमने परसों यही किया, उन्हें जवाबदेह ठहराया, उन्हें न्याय के कठघरे में खड़ा किया।'' उन्होंने कहा, ''हम आतंकवादियों के साथ युद्ध की स्थिति में हैं और जैसा कि मैंने कहा, हम पीड़ितों को न्याय दिलाएंगे और उन्हें (आतंकियों को) जवाबदेह ठहराएंगे।'' क्वात्रा ने कहा, ''इसमें हमारा सबसे बड़ा उद्देश्य इन नीच,



अमानवीय राक्षसों को जवाबदेह ठहराना और पीड़ितों को न्याय दिलाना है।'' भारत ने छह और सात मई की रात को 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू किया, जिसमें पहलगाम आतंकी हमले के प्रतिशोध में पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में नौ स्थानों पर आतंकी ठिकानों पर हमले किए गए। पहलगाम में 22 अप्रैल को पाकिस्तान समर्थित चार आतंकवादियों द्वारा 26 नागरिकों की हत्या किए जाने के तथ्य को रेखांकित करते हुए क्वात्रा ने कहा, ''किसी भी दुनिया में आप ऐसे आतंकवादियों को ऐसे ही नहीं जाने देंगे। और यही हमने परसों किया।'' उन्होंने कहा कि अमेरिकी कांग्रेस के कई सदस्यों, सीनेटरों से लेकर पूरी दुनिया तक, सभी इस बात को मानते हैं कि भारत को इन आतंकवादियों के खिलाफ जवाब देना चाहिए और पीड़ितों को न्याय दिलाना चाहिए। क्वात्रा ने पहलगाम हमले का जिक्र करते हुए कहा कि पाकिस्तान समर्थित चार आतंकवादियों ने एक नेपाली नागरिक सहित 26 नागरिकों की क्रूर, अमानवीय, राक्षसी तरीके से हत्या की। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों ने धर्म के आधार पर ''सभी गैर-मुस्लिमों÷ की पहचान की और उन्हें मार डाला। क्वात्रा ने कहा, ÷इसलिए हमने परसों जो किया, वह अनिवार्य रूप से आतंकवाद के प्रति हमारी प्रतिक्रिया थी।÷ उन्होंने कहा कि भारत की प्रतिक्रिया बहुत ही नपी-तुली, संतुलित रही है। कश्मीर में सुनाई देने वाले विस्फोटों पर एक सवाल का जवाब देते हुए क्वात्रा ने कहा कि पाकिस्तान ने फिर से आतंकवादियों के साथ खड़े होने का फैसला किया है। उन्होंने कहा, ÷हमें आश्चर्य नहीं होगा अगर वे खुद इसमें शामिल हों, लेकिन पाकिस्तान दुनिया को यही संदेश दे रहा है कि वह आतंकवादियों के साथ है, वह सभ्य दुनिया के बाकी हिस्सों, शेष मानव जाति के साथ नहीं है।'' पाकिस्तान ने हमलों में शामिल होने से इनकार किया है, इस बारे में पूछे जाने पर क्वात्रा ने कहा कि ''इनकार और अस्पष्टता'' हमेशा से पाकिस्तान की रणनीति का पहला हिस्सा रहा है। उन्होंने कहा, ''उनकी यह अनूठी विशेषता है कि वे अपने पिछले कार्यों की जिम्मेदारी वर्तमान में नहीं, बल्कि भविष्य में लेते हैं।'' क्वात्रा ने कहा, ''अमेरिका में 11 सितंबर के हमलों की साजिश रचने वाला ओसामा बिन लादेन कहां मिला था, अमेरिकी पत्रकार डेनियल पर्ल का हत्यारा या 26/11 के मुंबई आतंकवादी हमलों के अपराधी कहां मिले?'' एक सवाल के जवाब में क्वात्रा ने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के साथ, ''हमने अपने दृष्टिकोण से, इसे निश्चित रूप से अंतिम रूप दिया था, लेकिन यह जाहिर तौर पर इस बात पर निर्भर था कि पाकिस्तान ने इसे अंतिम रूप दिया है या नहीं। पाकिस्तान ने इसे और आगे बढ़ाने का विकल्प चुना। अब हमारा कर्तव्य है कि हम इसका जवाब दें।'' उनसे पूछा गया कि दुनिया को इस बात से कितना चिंतित होना चाहिए कि भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव परमाणु युद्ध में बदल सकता है?

### अमेरिकी रक्षा मंत्रालय ने ट्रांसजेंडर सैनिकों को सेना से बाहर करने का आदेश दिया

**वाशिंगटन।** अमेरिका के रक्षा मंत्रालय ने सार्वजनिक रूप से ट्रांसजेंडर के रूप में अपनी पहचान वाले सैनिकों को सेना से तुरंत बाहर निकालने का आदेश दिया है और अन्य ट्रांसजेंडर सैनिकों को स्वयं की पहचान बताने के लिए 30 दिन का समय दिया है। अमेरिका के उच्चतम न्यायालय ने देश के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व वाले प्रशासन को सेना में ट्रांसजेंडर व्यक्तियों पर प्रतिबंध लगाने की मंगलवार को अनुमति दे दी थी जिसके बाद रक्षा मंत्रालय ने यह कदम उठाया है। रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, ''रक्षा विभाग में अब ट्रांसजेंडर नहीं होंगे।'' विभाग के अधिकारियों ने बताया कि यह निर्धारित करना मुश्किल है कि सेना में कितने ट्रांसजेंडर हैं लेकिन मेडिकल रिकॉर्ड से इसका पता लगाया जाएगा जिसके बाद इन सैनिकों को सेवा से बाहर कर दिया जाएगा।

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने संसद की लाइब्रेरियन कार्ला हेडन को किया बर्खास्त



एजेंसी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने संसद की लाइब्रेरियन कार्ला हेडन को अचानक बर्खास्त कर दिया है। यह फैसला ऐसे समय में लिया गया है जब 'व्हाइट हाउस' (अमेरिकी राष्ट्रपति का आधिकारिक आवास एवं कार्यालय) संघीय सरकार से उन लोगों को हटा रहा है जो राष्ट्रपति और सरकार के एजेंडे का विरोध करते हैं। बृहस्पतिवार को तीन शीर्ष डेमोक्रेट सांसदों के बयानों में बर्खास्तगी का खुलासा किया गया और मामले से परिचित एक व्यक्ति ने इसकी पुष्टि की। कनेक्टिकट से रिपब्लिकन पार्टी की सांसद रोजा डेलारो ने कहा कि ट्रंप ने हेडन को बेहद बेरहमी से निकाल दिया।


उन्होंने प्रशासन से हेडन को बर्खास्त किए जाने के बारे में स्पष्टीकरण देने की मांग की। डेलारो ने एक बयान में कहा, डॉ. हेडन का कार्यकाल आधुनिकीकरण और लोकतंत्रीकरण के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता के लिए जाना जाता है। उनकी बर्खास्तगी न केवल उनकी ऐतिहासिक सेवा का अपमान है, बल्कि हमारे सबसे सम्मानित संस्थानों में से एक संस्थान की स्वतंत्रता पर सीधा हमला है।

# संश्लेषित तेल से गठिया दर्द में राहत

**बोस्टन** वैज्ञानिकों ने एक ऐसा सिंथेटिक पॉलिमर तैयार किया है जिसका इस्तेमाल जोड़ों के लिए लुब्रिकेंट के रूप से किया जा सकेगा। इससे गठिया के रोगियों को दर्द में बड़ी राहत मिलेगी। यह जानकारी एक अध्ययन में दी गई है। 'बोस्टन यूनिवर्सिटी बायोमेडिकल इंजीनियरिंग' के शोधकर्ताओं ने हड्डियों के जोड़ों के लिए एक नए लुब्रिकेंट का विकास किया है। इससे अस्थिसंधिशोध (आस्टीयोआर्थ्राइटिस) के लाखों पीड़ितों को लंबे समय तक राहत मिल सकेगी। नया सिंथेटिक पॉलिमर हड्डियों के जोड़ों में प्राकृतिक रूप से मौजूद 'साइनोवायल द्रव' का पूरक होगा। इस रोग के लिए जो अभी इलाज उपलब्ध है, उससे यह कहीं बेहतर काम करेगा। प्रोफेसर मार्क डब्ल्यू. ग्रीननस्टाफ (बीएमई, एमएसई, रसायन) के मुताबिक, हड्डियों के लिए मौजूदा पूरक द्रव से पीड़ितों को तो मामूली राहत मिलती है, लेकिन यह हड्डियों की उपास्थि की सतह का क्षरण रोकने के लिए वाजिब मात्रा में लुब्रिकेंट मुहैया नहीं करा पाता। इन दोनों उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए ग्रीनस्टाफ (बेथ इजरायल डिकानेस मेडिकल सेंटर), आर्थोपेडिक सर्जन ब्रायन स्नाइडर (हावर्ड मेडिकल स्कूल) और बोस्टन यूनिवर्सिटी के रसायन और इंजीनियरिंग के छात्रों की टीम ने प्रथम सिंथेटिक साइनोवायल द्रव का विकास किया। उन्होंने इस अनोखे पॉलिमर और उसके कार्य निष्पादन को 'जर्नल ऑफ द अमेरिकन केमिकल सोसायटी' में प्रकाशित किया है। ग्रीनस्टाफ ने कहा कि जब हमने इस नए पॉलिमर का इस्तेमाल किया, तो दो उपास्थि के बीच घर्षण कम हो गया। इससे इनका क्षरण कम हुआ। यह एक तरह से हड्डियों के जोड़ों के लिए तेल है।



# गोल्डन एज में ओल्ड बनाए डिप्रैशन



**पिछल** कुछ सालों में बेशक महिलाओं ने बहुत प्रगति की है और उनकी प्रोफैशनल पोजीशन में भी काफी परिवर्तन आया है लेकिन इसी के साथ उनकी टैंशन भी बढ़ गई है। इसी का नतीजा है कि 40 साल की उम्र तक पहुंचते-पहुंचते महिलाओं में डिप्रैशन भी डबल होने लगा है। वुमन हैल्थ पर हुई एक स्टडी में पता लगा है कि घरेलू और प्रोफैशनल काम के डबल होने की वजह से पुरुषों के मुकाबले महिलाएं डिप्रैशन का शिकार ज्यादा होती हैं।

**मैरिड वुमन-** स्टडी के अनुसार हर जगह खुद को परफैक्ट साबित करने के चक्कर में दूसरों ने नहीं बल्कि महिलाओं ने भी खुद से काफी उम्मीदें लगा ली हैं और इनके पूरे न हो पाने का नतीजा होता है डिप्रैशन क्योंकि प्रत्येक महिला मल्टी-टास्कर बनकर हर जिम्मेदारी को बेहतर तरीके से निभाना चाहती है। जाहिर है ऐसे में उसके पास अपने लिए बिल्कुल भी वक्त नहीं बचता। इसके अलावा महिलाएं अक्सर हार्मोनल इम्बैलेंस का शिकार होती हैं जिस वजह से उन्हें मूड स्विंग की प्रॉब्लम भी रहती है।

डॉक्टर्स की मानें तो आजकल की शादीशुदा वे महिलाएं जिनके बच्चे भी हैं, उन्हें सबसे ज्यादा स्ट्रैस प्रॉब्लम्स रहती हैं। दरअसल उनके आगे वर्क प्रैशर, इन लॉज की डिमांड्स, सपोर्ट न करने वाला हसबैंड, फाइनांशियल डिफीकल्टीज और बच्चों की हैल्थ व एजुकेशन जैसी तमाम परेशानियां रहती हैं। यही नहीं, अगर कोई महिला लिव इन रिलेशनशिप से हुए ब्रेकअप वाली या फिर डायवोर्स की स्थिति से गुजर रही है तो उस दौरान उसे डिप्रैशन होने के सबसे ज्यादा चांस होते हैं।

**सिंगल वुमन-** इन दिनों मैरिड की अपेक्षा सिंगल रहने वाली महिलाओं की संख्या ज्यादा है। कभी प्रोफैशन तो कभी हालात के चलते अधिकांश युवतियां शादीशुदा लाइफ का रुख नहीं कर पातीं, ऐसे में स्मोक और ड्रिंक करने वाली इस मॉडर्न जैनरेशन की लाइफ में रिलेशनशिप से जुड़ी परेशानियां काफी हद तक देखने को मिलती हैं। कुछ साल पहले तक महिलाओं में एंजाइटी ईटिंग डिसऑर्डर और इनसोम्रिया जैसी प्रॉब्लम्स ज्यादा हुआ करती थीं, हालांकि आज महिलाएं डिप्रैशन और स्ट्रैस को लेकर पहले से ज्यादा अवेयर हुई हैं।

देखा जाए तो युवतियों पर अकादमिक और करियर सहित अनेक बोझ हैं। इस वजह से वे देर से शादी करती हैं लेकिन ज्यादा उम्र तक कुंवारी रहने की वजह से उन्हें ये प्रॉब्लम्स हो जाती हैं। अमूमन 25 से 30 उम्र की तमाम सिंगल वुमन अकेलेपन का शिकार हो जाती हैं क्योंकि अपने लंबे वर्किंग ऑवर्स की वजह से उनके पास रोमांटिक रिलेशनशिप या शादी के लिए वक्त ही नहीं होता। इसके अलावा जंक फूड खाने, हैल्दी फूड अवॉइड करने और एक्सरसाइज की कमी तथा नींद पूरी नहीं कर पाने की वजह से उनकी फिजिकल हैल्थ पर भी बुरा असर पड़ता है। इसके अलावा जॉब की तलाश में अपनी फैमिली व फ्रैंड्स से दूर बड़े शहरों का रुख करने वाली लड़कियों में भी डिप्रैशन होने के चांसेज ज्यादा रहते हैं।

**बैलेंस रखें-** इसमें कोई दो राय नहीं कि भारतीय महिलाएं काम और घर के बीच पिसती हैं। इस वजह से उन्हें कहीं न कहीं डिप्रैशन हो जाता है। एक वक्त में उन पर तमाम तरह के प्रैशर हावी रहते हैं। इनमें काम व दूसरों से बेहतर दिखने का प्रैशर मुख्य है जिससे महिलाएं आसानी से डिप्रैशन का शिकार हो जाती हैं। इसके अलावा लुक एवं फिगर यदि अच्छी नहीं है तो भी उनमें हीन भावना के चलते डिप्रैशन के चांस ज्यादा रहते हैं।




देखा जाए तो युवतियों पर अकादमिक और करियर सहित अनेक बोझ हैं। इस वजह से वे देर से शादी करती हैं लेकिन ज्यादा उम्र तक कुंवारी रहने की वजह से उन्हें ये प्रॉब्लम्स हो जाती हैं। अमूमन 25 से 30 उम्र की तमाम सिंगल वुमन अकेलेपन का शिकार हो जाती हैं क्योंकि अपने लंबे वर्किंग ऑवर्स की वजह से उनके पास रोमांटिक रिलेशनशिप या शादी के लिए वक्त ही नहीं होता। इसके अलावा जंक फूड खाने, हैल्दी फूड अवॉइड करने और एक्सरसाइज की कमी तथा नींद पूरी नहीं कर पाने की वजह से उनकी फिजिकल हैल्थ पर भी बुरा असर पड़ता है। इसके अलावा जॉब की तलाश में अपनी फैमिली व फ्रैंड्स से दूर बड़े शहरों का रुख करने वाली लड़कियों में भी डिप्रैशन होने के चांसेज ज्यादा रहते हैं।


**इन पर भी दें ध्यान-** आजकल हर एक लड़की यंग और ब्यूटीफुल दिखने के लिए पतली कमर चाहती है। ऐसे में मोटी और खराब फिगर वाली लड़कियों का तनावग्रस्त होना भी स्वाभाविक है। इस बात का ध्यान रखना जरूरी है कि आज के लाइफ स्टाइल में प्राब्लम्स तो रहेंगी ही परन्तु तनाव से बचने के लिए महिलाओं को कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए। सबसे पहले तो लाइफ में अपना उद्देश्य निर्धारित करें परंतु स्वयं पर उम्मीदों का बोझ न लादें और इमोशनल क्राइसिस में प्रोफैशनल्स की मदद लें।

# बच्चों की शिक्षा में मां और बाप की भागीदारी जरूरी



**बच्चे** के सहज और स्वाभाविक विकास के लिए स्कूल एक महत्वपूर्ण स्थान है। बच्चा स्कूल के माहौल में ही अपने दूसरे साथियों के साथ तालमेल बिठाना सीखता है। उसकी स्वयं की छवि भी स्कूल में जाकर ही बनती है। वहीं पर उसे अपनी कार्यक्षमता का अहसास भी होता है। बच्चे के लिए घर से बाहर की पहली दुनिया स्कूल ही होती है। आमतौर पर होता यह है कि बच्चे को स्कूल भेजने के बाद कई बच्चों के माता-पिता स्वयं को तमाम जिम्मेदारियों से मुक्त मान लेते हैं। उन्हें लगता है कि बच्चा अब सिर्फ स्कूल की जिम्मेदारी बन गया है। कई बार देखने में आता है कि बच्चों की शिक्षा में माता-पिता जितनी रूचि लेते हैं उसका खासा असर बच्चों की शिक्षा पर पड़ता है। जिन बच्चों के माता-पिता बच्चों के स्कूल से लौट कर आने के बाद उनकी डायरी देखते हैं, समय-समय पर उनका होमवर्क करवाते हैं वे बच्चे पढ़ाई में अपेक्षाकृत ज्यादा अच्छे निकलते हैं।

बच्चे के स्कूल से लौट कर घर आने के बाद मां की जिम्मेदारी बनती है कि वह बच्चे के गुजरे छोटे से छोटे अनुभव के साथ अपनी साझेदारी करे ताकि बच्चा उस माहौल में ढल सके। आमतौर पर देखने में आता है कि बच्चा स्कूल से घर लौट कर आने के बाद गंदे हाथों से ही कुछ भी खा पी कर अपने दूसरे भाई-बहनों के साथ खेलने में लग जाता है और दूसरे दिन जब स्कूल जाने का समय होता है तो उसे अपने अधूरे होमवर्क और गंदी यूनीफार्म में ही बेमन से स्कूल जाना पड़ता है। बच्चा जब स्कूल से लौट कर आए तो मां को इसके लिए पहले से ही पूरी तैयारी रखनी चाहिए। बच्चे के आने के बाद उसके हाथ-मुंह धुला कर, उसकी यूनीफार्म बदल कर उसे दोपहर का खाना खिलाना चाहिए। बच्चा स्कूल से लौट कर आने के बाद सबसे महत्वपूर्ण स्वयं को ही समझता है। बच्चे के खाना खाने के दौरान ही उसके स्कूल में उसके साथ क्या कुछ गुजरा, विषय पर उससे पूछा जा सकता है। कामकाजी माता-पिता के बच्चे अकसर स्कूल से लौटने के बाद या तो क्रेच में जाते हैं या फिर घर में आने के बाद घरेलू नौकरों या दादा-दादी के संरक्षण में रहते हैं। ऐसे बच्चों के माता-पिता भले ही दोपहर में न सही लेकिन शाम को आफिस से लौटने के बाद या फिर रात के खाने के समय उसके स्कूल के अनुभवों के बारे में पूछ सकते हैं। अकसर स्कूल में शिक्षकों की शिकायत रहती कि कामकाजी महिलाएं अपने बच्चों का पूरा ध्यान नहीं रखतीं जिससे ऐसी माताओं को अपराधबोध महसूस होता है। उन्हें इस अपराधबोध से थोड़ा उबरना पड़ेगा। ऐसी महिलाओं को चाहिए कि वह चाहे जहां कहीं भी हों लेकिन बच्चे के स्कूल से आते ही कम से कम उससे फोन पर तो बात कर ही लें। ध्यान रखें कि आप जो भी समय बच्चे को दे रहे हैं उसकी उपयोगिता हो। यह जरूरी नहीं है कि बच्चे के सामने हर समय मौजूद रहें। लेकिन आपके बच्चे के मन में आपकी मौजूदगी सदा बनी रहे, इसके लिए प्रयास जरूर करें।

# शाम में लगाए गहरे रंग की लिपस्टिक

**वैसे** तो होठों की प्राकृतिक बनावट को बदला नहीं जा सकता लेकिन फिर भी कृत्रिम सौंदर्य प्रसाधनों के द्वारा आप काफी हद तक होठों को सुंदर आकार प्रदान कर चेहरे की खूबसूरती में चार चांद लगा सकती हैं। होठों की सुंदरता बढ़ाने में लिपस्टिक का खास महत्व है। महिलाएं लिपस्टिक का प्रयोग तो करती हैं लेकिन ज्यादातर को सही प्रयोग करना नहीं आता है। कामकाजी महिलाएं बिना लिपस्टिक के काम पर जाना पसंद नहीं करती हैं क्योंकि लिपस्टिक उनके सौंदर्य में चार चांद लगाने वाला सौंदर्य प्रसाधन है। इसलिए यह बहुत जरूरी हो जाता है कि होठों के सौंदर्य को बढ़ाने में लिपस्टिक का सही प्रयोग किया जाए। आमतौर पर महिलाएं यह नहीं देखतीं कि उनके ऊपर कौन से रंग की लिपस्टिक अच्छी लगेगी। यदि आपका रंग सांवला या काला है तो काफी ब्राउन, सामान्य भूरा, लाल, चेरी और पिंक शेड की लिपस्टिक न केवल आप पर सुंदर लगेगी अपितु आपको आकर्षक भी बनाएगी। कई रंगों की लिपस्टिक नहीं मिलती जैसे पीली, हरी, सफेद, नीली, ऐसी स्थिति में यदि आप कपड़ों से मैचिंग लिपस्टिक लगाना चाहें तो यह मुश्किल है। इसलिए रंगों से मेल खाती लिपस्टिक लगाई जा सकती है। जैसे पीले वस्त्रों के साथ लाल रंग की, सफेद वेषभूषा के साथ लाल, चेरी, पिंक, ब्राउन, नीले, फीरोजी, हरे व अन्य रंगों के लिए बेहतर होगा कि आपकी त्वचा से मेलखाती लिपस्टिक का प्रयोग किया जाए। यदि आप लिपस्टिक और नेल पालिश एक ही रंग की प्रयोग में लाएं तो आपका सौंदर्य और भी



निखर उठेगा। लिपस्टिक लगाते समय होठों की संरचना का भी ध्यान रखना चाहिए। यदि आपके होंठ मोटे हैं और चेहरे पर अच्छे नहीं लगते तो आप पहले लिपस्टिक ब्रश द्वारा होठों की रूपरेखा बनाएं ताकि जरा सी भी लिपस्टिक बाहर की ओर फैल कर होठों को मोटा न दिखने दें। होठों के दोनों ओर सिरों पर थोड़ी पतली-पतली रेखा बाहर निकालें। इससे होंठ पतले लगेंगे। यदि आपके होंठ पतले हैं तो फिर कहना ही क्या? पतले व छोटे होंठों के लिए ब्रश से धनुषाकार आकृति देते हुए आगे बढ़ाएं। ऐसा करने से होंठ बहुत आकर्षक लगेंगे। अगर आपका ऊपर का होंठ पतला व नीचे का मोटा है तो ऊपर के होंठ पर लिपस्टिक थोड़ी बाहर की तरफ से लगाएं। निचले होंठ पर थोड़ी ऊपरी तरफ से लगाएं ताकि होंठ पतला लगे। गरमी के मौसम में दिन के वक्त हल्के रंग की लिपस्टिक या फिर प्राकृतिक रंग की लिपस्टिक लगानी चाहिए। यदि आप सिर्फ लिपग्लास का ही इस्तेमाल करें तो भी उपयुक्त लगेगा। परन्तु यदि शाम का समय है तो लिपस्टिक थोड़े गहरे रंग की लगा सकती हैं लेकिन ज्यादा गहरी नहीं। सर्दी के मौसम में सुबह से दोपहर तक सामान्य गहरी और शाम को अधिक गहरे रंग की लिपस्टिक लगाई जा सकती है। घर आने पर लिपस्टिक पोंछ कर साफ कर देनी चाहिए। सोने से पहले हमेशा लिपस्टिक साफ करनी चाहिए। होठों को कभी भी रगड़ना नहीं चाहिए। पहले होठों पर कोल्ड क्रीम या क्लींजिंग मिल्क का इस्तेमाल करें। इसके लिए साफ रुई का फाहा लेकर क्रीम या क्लीजिंग मिल्क लगाकर हल्के हाथ से लिपस्टिक को साफ करें। फिर होठों पर मलाई, घी या वैसलीन लगाकर सो जाएं। इससे न तो होंठ फटेंगे और न ही काले पड़ेंगे। लिपस्टिक लगाने के लिए लिपस्टिक ब्रश का इस्तेमाल करें। पहले ब्रश पर लिपस्टिक लगा लें। फिर ऊपर के होंठ के बीच से होंठ के बाहरी तरफ दोनों कोनों तक लिपस्टिक लगाएं। फिर नीचे के होंठ की आउटलाइन बनाएं। उसके बाद ब्रश से ही होठों के अंदर लिपस्टिक भर दें। 2 मिनट बाद टिशू पेपर को होठों के बीच में रख कर दबाएं। इससे होठों पर फालतू लिपस्टिक को टिशू पेपर सोख लेगा। इसके बाद अपनी इच्छानुसार लिपस्टिक के ऊपर लिपग्लास लगा सकती हैं। वैसे लिपग्लास का प्रयोग शाम के समय या किसी उत्सव, त्यौहार अथवा फिर पार्टी के मौके पर ही करना ठीक रहता है।

# हृदय के स्वास्थ्य के लिए काफी फायदेमंद है अंगूर

**दुनिया** में शायद ही कोई ऐसा व्यक्ति हो जिसे अंगूर पसंद न हों। द्राक्ष, रसाला, मधुफला, फलोत्रमा आदि नाम अंगूर के ही हैं। मीठे, रसीले और ठंडक प्रदान करने वाले इस फल का जन्म स्थल रूस के आरमेनिया नामक स्थान को माना जाता है। ऐसा माना जाता है कि कि ईरान तथा अफगानिस्तान से होता हुआ यह फल भारत में भी पहुंचा। यह फल केवल ताजा नहीं बल्कि सुखाकर किशमिश व मुनक्के के रूप में भी प्रयोग किया जाता है। शराब बनाने के लिए भी इसका प्रयोग किया जाता है। बाजार में अंगूर की बहुत सी किस्में उपलब्ध हैं। जैसे रंग के आधार पर अंगूर की दो किस्में हैं काले तथा हरे अंगूर। कुछ अंगूरों का आकार लम्बा होता है तो कुछ का गोल। इसी प्रकार छोटे और बड़े अंगूर भी पाए जाते हैं। कुछ अंगूरों में बीज होते हैं जबकि बेदाना में बीज नहीं होते। हालांकि इनमें प्रोटीन, वसा, विटामिन और खनिज लवण बहुत ही कम मात्रा में होते हैं। इसमें कार्बोहाइड्रेट शर्करा के रूप में पाया जाता है इसमें ग्लूकोज तथा फ्रक्टोज किस्म की शर्करा पाई जाती है इसी कारण इनका सेवन काफी स्फूर्तिदायक सिद्ध होता है। दूसरी और किशमिश में शर्करा की मात्रा अंगूर से ज्यादा होती है इससे उसमें मिलने वाली ऊर्जा की मात्रा भी ज्यादा है। ताजा अंगूरों की सौ ग्राम मात्रा से जहां लगभग सत्तर कैलोरी ऊर्जा प्राप्त होती है वहीं किशमिश की इतनी ही मात्रा से लगभग तीन सौ आठ कैलोरी ऊर्जा की प्राप्ति होती है। अंगूर हमारे स्वास्थ्य का भी रक्षक होता है। अंगूर को सुखाकर तैयार की जाने वाली मेवा किशमिश तथा बड़े बीज वाले अंगूर को सुखाकर तैयार किया जाने वाला मुनक्का दोनों ही बहुत लोकप्रिय हैं। इनके विविध औषधीय प्रयोग किए जाते हैं। आयुर्वेदिक तथा यूनानी दवाओं में अक्सर इनका प्रयोग किया जाता है। कफ, दुर्बलता तथा कब्ज को दूर करने के लिए इनका प्रयोग फायदेमंद होता है। इसके लिए पंचामृत अवलेह नामक मिश्रण तैयार किया जाता है। इसे बनाने के लिए एक-एक भाग सोंठ, पीपल, काली मिर्च तथा सेंधा नमक मिलाकर पीस लें। फिर उसमें चालीस भाग मुनक्का मिलाकर उसका सेवन करें। आमतौर पर इसकी एक छोटी चम्मच मात्रा का सुबह-शाम प्रयोग पर्याप्त होता है।



कब्ज, कफ तथा मंदाग्नि में इससे आशातीत लाभ होता है। यकृत (लीवर) तथा किडनी के रोगों में भी अंगूर तथा किशमिश का प्रयोग लाभकारी होता है। सभी प्रकार के बुखारों तथा क्षय रोग (टीवी) के समय शरीर को अधिक ऊर्जा व बल की जरूरत होती है ऐसे अंगूर का सेवन करना श्रेष्ठ होता है। यों तो अंगूर के रस को संरक्षित कर बोतलों में रखा जा सकता है परन्तु ऐसा करने से आप उससे प्राप्त होने वाले फाइबर (रेशे) से वंचित हो जाएंगे। शर्करा की मात्रा अधिक होने के कारण अंगूरों का खमीरीकरण करके अच्छी किस्म की मदिरा भी तैयार की जाती है। अंगूरों की तासीर ठंडी होती है। सेवन करने पर ये शीतलता प्रदान करते हैं अतः दाह तथा हॉट फ्लशज के उपचार के लिए इनका प्रयोग किया जा सकता है।

इधर परीक्षण यह बताते हैं कि अंगूर जीवनदायी गुणों से भरपूर है। हृदय की सुरक्षा में ताजे अंगूरों का बहुत महत्व है। ताजा अंगूरों में पालिफिनाल नामक तत्व होता है जो हमारे हृदय के लिए फायदेमंद होता है। रेडवाइन की तरह ताजा अंगूर भी रोगियों के हृदय तथा धमनियों को आक्सीडेशन से होने वाले नुकसान से बचाता है। अंगूर तथा वाइन दोनों में एक जैसे पॉलीफिनोल पाए जाते हैं। केटेचिन्स, रेसवेराट्रोल, एंथोसायेनिन तथा क्वेरसिटिन जैसे पॉलीफिनोल, जो अंगूरों में भी पाए जाते हैं, वास्तव में सभी बीमारियों से लड़ने वाले फाइटोन्यूट्रिएंट हैं जो हमारे हृदय के मददगार साबित होते हैं। अंगूरों में उपस्थित पॉलिफिनोल दो प्रकार से एटी आक्सिडेंट की भूमिका निभाते हैं। पहले ये फ्री-रेडिकल्स को निष्क्रिय कर देते हैं फिर आक्सीजन के एक बाय-प्रोडक्ट मेलोडायएल्डीहाइड के बनने की प्रक्रिया को धीमा कर देते हैं। ये सभी स्थितियां हृदय के लिए आदर्श होती हैं। अंगूर के उत्पाद तो फायदेमंद होते ही हैं, अंगूर भी हृदय का बचाव करने में अव्वल हैं। अंगूरों का सेवन, हार्ट अटैक के बाद आश्चर्यजनक लाभ देता है। परीक्षणों से



ज्ञात हुआ कि अंगूरों के सेवन से न केवल रोगी के खून के दबाव में सुधार आता है बल्कि हृदय के खून पम्प करने की क्षमता भी बढ़ जाती है। यही नहीं हार्ट अटैक के बाद मृत होने वाले हिस्से अथवा जिस हिस्से को नुकसान पहुंचा हो, का क्षेत्र भी काफी घट जाता है।

इसी प्रकार अंगूर का जूस एलडीएल के आक्सीकरण को रोकता है और खून के थक्के बनने की प्रवृत्ति को कम करता है। अब जबकि इस छोटे, रसीले और गुच्छों में लगने वाले फल के इतने अधिक फायदे उजागर हो चुके हैं, इसे सिर्फ एक सजावटी टेबल फ्रूट समझना उचित नहीं क्योंकि अंगूर जीभ के स्वाद के साथ-साथ आपके हृदय का भी ख्याल रखते हैं इसलिए इन्हें आसानी से आपके दिल का मददगार कहा जा सकता है।